दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा
Since : 2004
कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 14 | अंक : 352 | जयपुर | शनिवार, 26 अक्टूबर, 2024 | कार्तिक, कृष्ण पक्ष दशमी संवत्-2081 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य : ₹ 2 | पृष्ठ : 12
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

## कनाडा : भीषण सड़क हादसे में चार भारतीयों की मौत



बढ़ता राजस्थान

**अहमदाबाद।** कनाडा के टोरंटो में एक भीषण सड़क हादसे में चार भारतीयों की मौत हो गई है। घटना तब हुई, जब पांच दोस्त अपनी टेस्ला कार में यात्रा कर रहे थे। इसी दौरान कार एक खंभे से टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि कार ने तुरंत आग पकड़ ली। हादसे में भाई-बहन समेत चार लोगों की मौत हो गई। चारों मूल रूप से गुजरात के रहने वाले थे। कार में सवार एक यात्री की जान बच गई, जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक गोधरा के केताबा गोहिल और नीलराज गोहिल एवं आणंद जिले के दिग्विजय पटेल, जय सिसौदिया और झलक पटेल बुधवार रात टेस्ला कार में यात्रा कर रहे थे।

### टक्कर के बाद कार ने पकड़ी आग

वे टोरंटो शहर से निकल रहे थे, तभी कार सड़क के किनारे रेलिंग से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार की बैटरी क्षतिग्रस्त हो गई और कार में आग लग गई। इस दुखद घटना में बोरसद के पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह परमार के भतीजे जयराज सिंह सिसौदिया, केताबा गोहिल और नीलराज गोहिल तथा दिग्विजय पटेल की मृत्यु हो गई। वहीं झलक पटेल घायल हो गईं।

### आणंद के दो युवकों की मौत

इस हादसे में आणंद जिले के दो युवकों की मौत हो गई है। इनमें जयराज सिंह सिसौदिया के पिता भद्रन कॉलेज में प्रोफेसर हैं। वहीं मृतक जयराज सिंह बोरसद के पूर्व परिजन राजेंद्र सिंह परमार के भतीजे हैं। जयराज सिंह को हाल ही में कनाडा की नागरिकता मिली है। घटना के बाद से परिजनों के बीच शोक की लहर है।

## संजय राउत को बड़ी राहत, मानहानि के मामले में कोर्ट से मिली जमानत

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मुंबई की एक सत्र अदालत ने आज शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत बड़ी राहत दी है। अदालत ने संजय राउत को एक मानहानि के मामले में जमानत दे दी है। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता किरीट सोमैया की पत्नी मेधा सोमैया द्वारा दायर मानहानि के मामले में अपनी दोषसिद्धि को चुनौती दी थी। राउत ने सत्र न्यायालय में अपनी दोषसिद्धि और मजिस्ट्रेट अदालत द्वारा दी गई 15 दिन की जेल की सजा के खिलाफ पुनरीक्षण याचिका दायर की है। राज्यसभा सदस्य शुक्रवार को अदालत में पेश हुए और जमानत मांगी। अदालत ने उन्हें 50,000 रुपये की जमानत दी। न्यायिक मजिस्ट्रेट (प्रथम श्रेणी) आरती कुलकर्णी ने 26 सितंबर को राउत को भारतीय दंड संहिता की धारा 500 के तहत मानहानि का दोषी ठहराया। उन्हें 15 दिन की जेल की सजा सुनाने के अलावा अदालत ने उन पर 25,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया। मेधा सोमैया ने दावा किया था कि राउत ने मीडिया में उनके और उनके पति के खिलाफ निराधार और मानहानिकारक आरोप लगाए, जिसमें उन पर मीरा भयंदर नगर निगम क्षेत्र में सार्वजनिक शौचालयों के निर्माण से संबंधित 100 करोड़ रुपये के घोटाले में शामिल होने का आरोप लगाया गया। मई 2022 में, भाजपा नेता किरीट सोमैया की पत्नी मेधा किरीट सोमैया ने बॉम्बे हाईकोर्ट में संजय राउत के खिलाफ 100 करोड़ रुपये का मानहानि का मुकदमा दायर किया था।

# पूर्वी लद्दाख में भारत-चीन की सेनाएं पीछे हटना शुरू

## गलवान जैसी झड़प टालने के लिए अलग-अलग दिन पेट्रोलिंग करेंगी, एक-दूसरे को सूचना भी देंगी

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत और चीन की सेनाएं शुक्रवार, 25 अक्टूबर से पूर्वी लद्दाख सीमा से पीछे हटना शुरू हो गई हैं। पूर्वी लद्दाख के डेमचोक और देपसांग पॉइंट में दोनों सेनाओं ने अपने अस्थायी टेंट और शेड हटा लिए हैं। गाड़ियां और मिलिट्री उपकरण भी पीछे ले जाए जा रहे हैं। आर्मी के सूत्रों के मुताबिक, 28 और 29 अक्टूबर तक दोनों देश देपसांग और डेमचोक से अपनी- अपनी सेनाएं पूरी तरह हटा लेंगे। पेट्रोलिंग के लिए सीमित सैनिकों की संख्या तय की गई है। ये संख्या कितनी है, इसकी अभी जानकारी सामने नहीं आई है।

देपसांग और डेमचोक से पीछे हटने की जानकारी 18 अक्टूबर को सामने आई थी। इसमें बताया गया था कि यहां से दोनों सेनाएं अप्रैल 2020 से पहली की स्थिति में वापस लौटेंगी। साथ ही उन्हीं क्षेत्रों में गश्त करेंगी, जहां अप्रैल 2020 से पहले किया करती थीं। इसके अलावा कमांडर लेवल मीटिंग होती रहेगी। 2020 में भारत-चीन के सैनिकों के बीच गलवान झड़प के बाद से देपसांग और डेमचोक में तनाव बना हुआ था। करीब 4 साल बाद 21 अक्टूबर को दोनों देशों के बीच नया पेट्रोलिंग समझौता हुआ। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बताया था कि इसका मकसद लद्दाख में गलवान जैसी झड़प रोकना और पहले जैसे हालात बनाना है।

**गलवान घाटी-गोगरा हॉट स्प्रिंग्स पर पेट्रोलिंग पर अभी फैसला नहीं :** समझौते में लद्दाख के देपसांग के तहत आने वाले 4 पॉइंट्स को लेकर सहमति बन गई है, लेकिन डेमचोक के गलवान घाटी और गोगरा हॉट स्प्रिंग्स में गश्त को लेकर कुछ नहीं कहा गया है।

**देपसांग :** भारतीय सेना के मुताबिक, सैनिक अब गश्त के लिए देपसांग में पेट्रोलिंग पॉइंट 10, 11, 11-ए, 12 और 13 तक जा सकेंगे।

**डेमचोक :** पेट्रोलिंग पॉइंट-14 यानी गलवान घाटी, गोगरा हॉट स्प्रिंग्स यानी पीपी-15 और पीपी-17 बफर जोन हैं। रिपोर्ट्स में सूत्रों के हवाले से कहा गया है कि यहां पर गश्त को लेकर बाद में विचार होगा। बफर जोन यानी ऐसा इलाका जहां दोनों सेनाएं एक-दूसरे के आमने-सामने नहीं आ सकतीं। ये जोन विपक्षी सेनाओं को अलग करते हैं।

### 3 पॉइंट में भारत-चीन का पेट्रोलिंग समझौता

1. पीएम मोदी की ब्रिक्स यात्रा के पहले समझौता फाइनल हुआ। ब्रिक्स में मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच मुलाकात हुई थी। मोदी ने यहां कहा था कि शांति कायम रखना हर हाल में जरूरी है।
2. पूर्वी लद्दाख में लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल पर अप्रैल 2020 की स्थिति बहाल करने के लिए चीन और भारत राजी हुए। यानी अब चीन की आर्मी उन इलाकों से हटेगी, जहां उसने अतिक्रमण किया था।
3. भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता विक्रम मिस्री ने बताया था कि भारत-चीन के सीमावर्ती इलाकों में पेट्रोलिंग के साथ 2020 के बाद उठे मुद्दों को सुलझाने के लिए प्रस्ताव तैयार हुआ है। इस पर दोनों देश कदम उठाएंगे।

## 27 विमानों को बम की धमकी

### उदयपुर में यात्रियों को प्लेन से उतारा
### 12 दिन में 280 फ्लाइट्स को धमकियां मिलीं

बढ़ता राजस्थान




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश में डोमेस्टिक और इंटरनेशनल पैसेंजर्स फ्लाइट में बम की धमकी का सिलसिला जारी है। शुक्रवार को 27 फ्लाइट्स में बम की धमकी मिली। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इंडिगो, विस्तारा और स्पाइसजेट की करीब 7-7 उड़ानों, जबकि एयर इंडिया की 6 उड़ानों को धमकी मिली। इंडिगो की 7 में 6 फ्लाइट जिनको बम की धमकी मिली, उनमें 6ई 2099 (उदयपुर से दिल्ली), 6ई 11 (दिल्ली से इस्तांबुल), 6ई 58 (जेद्दा से मुंबई), 6ई 17 (मुंबई से इस्तांबुल), 6ई 108 (हैदराबाद से चंडीगढ़) और 6ई 133 (पुणे से जोधपुर) शामिल हैं। उदयपुर से दिल्ली की फ्लाइट 6ई 2099 को टेक ऑफ से 10 मिनट पहले धमकी मिली, इसके बाद प्लेन में सवार पैसेंजर्स को उतारा गया। फ्लाइट के अंदर और पैसेंजर्स के बैग की जांच की गई। बम की सूचना झूठी निकलने पर साढ़े 3 घंटे बाद फ्लाइट को रवाना किया गया। 12 दिनों में 280 से ज्यादा इंडियन फ्लाइट्स में बम की धमकी मिल चुकी है। ज्यादा धमकियां सोशल मीडिया के जरिए दी गईं हैं। केंद्र सरकार ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म मेटा और एक्स से फर्जी बम धमकी मैसेज का डेटा शेयर का कहा है

आईटी मिनिस्ट्री ने एक्स-मेटा के साथ वर्चुअल मीटिंग की 23 अक्टूबर को ही इन धमकियों को लेकर आईटी मिनिस्ट्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स, मेटा और एयरलाइन कंपनियों के साथ वर्चुअल मीटिंग की थी। सरकार ने सोशल मीडिया कंपनियों से पूछा था कि, इन खतरनाक अफवाहों को फैलने से रोकने के लिए आपने क्या किया है। ये जो हालात हैं, उनसे जाहिर होता है कि आप जुर्म को बढ़ावा दे रहे हैं। 21 अक्टूबर को नायडू ने कहा था कि फ्लाइट्स में बम धमकी देने वालों के नाम 'नो फ्लाई लिस्ट' में शामिल किए जा सकते हैं।

## वाराणसी में ज्ञानवापी की नहीं होगी खुदाई

### हिंदू पक्ष की याचिका खारिज; वकील बोले- हाईकोर्ट जाएंगे

बढ़ता राजस्थान



**वाराणसी।** वाराणसी में ज्ञानवापी के पूरे परिसर की अतिरिक्त सर्वे की मांग पर वाराणसी कोर्ट ने फैसला सुना दिया है। अदालत ने हिंदू पक्ष की याचिका को खारिज कर दिया है। उनकी तरफ से एएसआई सर्वे और सेंट्रल डोम के नीचे खुदाई कराकर सर्वे कराने की याचिका दायर की गई थी। हिंदू पक्ष की तरफ से वकील जय शंकर रस्तोगी ने बताया कि एएसआई सर्वे कराने की मांग को जिला कोर्ट ने खारिज कर दिया है। हम इस मामले को लेकर अब हाईकोर्ट जाएंगे। 33 साल से लंबित इस मामले में शुक्रवार को सिविल जज (सीनियर डिवीजन फास्ट ट्रैक) युगुल शंभू ने मुस्लिम पक्ष की दलील और वकीलों की बहस के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था। वादमित्र ने दावा किया है कि पिछला एएसआई सर्वेक्षण अधूरा है। एएसआई बिना खुदाई के सही रिपोर्ट नहीं दे सकती। लिहाजा, एएसआई से ज्ञानवापी में खुदाई कराई जाए। अंजुमन इंतजामिया कमेटी ने याचिका पर अपनी दलीलें पेश की थीं। कमेटी के वकीलों ने कहा था कि जब हिंदू पक्ष ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय और उच्चतम न्यायालय में मामले को उठाने की अपील की है, तो अधीनस्थ न्यायालय में इस मामले पर बहस करने का कोई औचित्य नहीं है। ज्ञानवापी में नया मंदिर निर्माण और पूजा-पाठ करने को लेकर दायर केस अब ट्रायल पर है। हालांकि केस के मुख्य वादी दिवंगत हो गए। अब केस वादमित्र के हवाले है। वादमित्र ने पिछली तारीख पर कहा था कि एएसआई ने ज्ञानवापी के आराजी संख्या 9130 का सर्वे किया है। लेकिन, विवादित परिसर में तालाब और कमीशन की कार्यवाही में उसमें मिले शिवलिंग का निरीक्षण नहीं किया गया। रिपोर्ट में भी इनका कोई उल्लेख नहीं है। एएसआई के सर्वे को अधूरा बताया है। दलील में कहा कि सर्वे में विधिवत मशीनों का प्रयोग नहीं किया गया, स्थल पर खुदाई कर अवशेषों की तलाश नहीं की गई। इसके अलावा परिसर का बड़ा क्षेत्र सर्वे से अछूता है। इसमें कई साक्ष्य मिलने की संभावना है। मुस्लिम पक्ष के वकीलों ने यह भी दलील दी थी कि जब ज्ञानवापी परिसर का एएसआई सर्वेक्षण एक बार पहले ही हो चुका है, तो दूसरा सर्वेक्षण करने का कोई औचित्य नहीं है। मुस्लिम पक्ष ने दलील दी थी कि सर्वेक्षण के लिए मस्जिद परिसर में गड्ढा खोदना किसी भी तरह से व्यावहारिक नहीं होगा। इससे मस्जिद को नुकसान हो सकता है।

### तीन याचिकाकर्ताओं ने उठाई थी मांग

स्वयंभू विश्वेश्वर ज्योतिर्लिंग की ओर से स्व. पं. सोमनाथ व्यास, डॉ. रामरंग शर्मा और पं. हरिहर नाथ पांडेय द्वारा दाखिल मुकदमे के वादमित्र विजय शंकर रस्तोगी ने ज्ञानवापी परिसर में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) से अतिरिक्त सर्वे कराने के अपने प्रार्थना-पत्र पर मस्जिद पक्ष की ओर से उठाए गए बिंदुओं पर पक्ष रखा। पिछली तारीख पर हिन्दू पक्ष की बहस पूरी होने के बाद कोर्ट ने मुस्लिम पक्ष को अपनी बात रखने के लिए आज की तिथि मुकर्रर की है। इसके लिए केस से जुड़े सभी पक्षकारों को तलब किया गया है। इसमें मुस्लिम पक्ष पिछले सर्वे पर अपनी बात रखेंगे और आगामी सर्वे की दलीलों का विरोध भी करेंगे।


### एएसआई को करना है तीनों प्लाट का सर्वे

वादमित्र ने 2019 के एक मुकदमे में सुप्रीम कोर्ट के दिए आदेश का उल्लेख भी किया कि कमीशन की कार्यवाही की रिपोर्ट में कमी रह जाती है तो अदालत अतिरिक्त सर्वे रिपोर्ट मंगा सकती है। जहां तक आराजी नंबर 9130, 9131 एवं 9132 का सर्वे करने का प्रश्न है, तो सिविल जज (सीनियर डिवीजन फास्टट्रैक) की अदालत के आठ अप्रैल 2021 के निर्देश में स्पष्ट है कि एएसआई को तीनों प्लाट का सर्वे करना है। ज्ञानवापी का अतिरिक्त सर्वे कराने के प्रार्थना-पत्र पर प्रतिवादी अंजुमन इंतेजामिया मसाजिद और उत्तर प्रदेश सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड अदालत में पहले ही अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर चुका है।

### भारत-जर्मनी की दोस्ती ने पकड़ी नई रफ्तार, कई समझौतों का हुआ आदान-प्रदान

## हम शांति के लिए हर संभव योगदान देने को तैयार : पीएम मोदी

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जर्मन चांसलर ओलाफ शोल्ज से शुक्रवार को मुलाकात की और उनसे भारत-जर्मनी की दोस्ती को गति देने वाले विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। इस दौरान भारत और जर्मनी ने दिल्ली के हैदराबाद हाउस में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और जर्मन चांसलर ओलाफ स्कोल्ज़ की उपस्थिति में समझौता ज्ञापनों और समझौतों का आदान-प्रदान किया। नवाचार और प्रौद्योगिकी पर रोडमैप और रोजगार और श्रम के क्षेत्र में एक संयुक्त घोषणापत्र पर समझौता ज्ञापन का आदान-प्रदान हुआ।

इस दौरान मोदी ने कहा कि मैं चांसलर स्कोल्ज़ और उनके प्रतिनिधिमंडल का भारत में हार्दिक स्वागत करता हूँ। मुझे खुशी है कि हमें पिछले 2 वर्षों में तीसरी बार भारत में आपका स्वागत करने का अवसर मिला है। मेरे तीसरे कार्यकाल की पहली आईजीसी बैठक अभी-अभी संपन्न हुई है। हम अभी सीईओ फोरम की बैठक से आ रहे हैं। इसी समय, जर्मन नौसेना का जहाज गोवा में बंदरगाह पर उतर रहा है और खेल जगत भी पीछे नहीं है। हमारी हॉकी टीमों के बीच मैत्रीपूर्ण मैच भी खेले जा रहे हैं। साथियों, चांसलर स्कोल्ज़ के नेतृत्व में हमारी साझेदारी को नई गति और दिशा मिली है। उन्होंने कहा कि मैं जर्मनी की भारत पर ध्यान केंद्रित करने की रणनीति के लिए चांसलर स्कोल्ज़ को बधाई देता हूँ। इसमें दुनिया के दो सबसे बड़े लोकतंत्रों के बीच साझेदारी को व्यापक तरीके से आधुनिक बनाने और आगे बढ़ाने का खाका है। महत्वपूर्ण और उभरती हुई प्रौद्योगिकी, कौशल, विकास और नवाचार में समग्र सरकारी पहल पर भी आम सहमति बनी है। इससे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, सेमीकंडक्टर और स्वच्छ ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में सहयोग मजबूत और सुरक्षित होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि हम दोनों ही अंतरराष्ट्रीय कानूनों के तहत हिंद-प्रशांत क्षेत्र में नौवहन की स्वतंत्रता पर सहमत हैं। हम दोनों इस तथ्य से सहमत हैं कि 20वीं सदी में स्थापित वैश्विक मंच 21वीं सदी की चुनौतियों का सामना करने में सक्षम नहीं हैं। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद सहित सभी बहुपक्षीय संस्थाओं में सुधार की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि रक्षा और सुरक्षा क्षेत्रों में बढ़ता सहयोग हमारे गहरे आपसी विश्वास का प्रतीक है। गोपनीय सूचनाओं के आदान-प्रदान पर समझौता इस दिशा में एक नया कदम है। आज संपन्न हुई पारस्परिक कानूनी, सहायक संधि आतंकवाद और अलगाववादी तत्वों से निपटने के हमारे संयुक्त प्रयासों को मजबूत करेगी... यूक्रेन और पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष हम दोनों के लिए चिंता का विषय हैं। भारत का हमेशा से मानना रहा है कि युद्ध से समस्याओं का समाधान नहीं हो सकता और भारत शांति बहाली के लिए हर संभव योगदान देने के लिए तैयार है।

इस दौरान मोदी ने कहा कि यूक्रेन और पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष हम दोनों के लिए चिंता का विषय हैं। भारत का हमेशा से मानना रहा है कि युद्ध से समस्याओं का समाधान नहीं हो सकता और भारत शांति बहाली के लिए हर संभव योगदान देने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि भारत की युवा शक्ति जर्मनी की समृद्धि और विकास में योगदान दे रही है। हम भारत के लिए जर्मनी की कुशल श्रम रणनीतियों का स्वागत करते हैं। हमारी (भारत और जर्मनी) साझेदारी में स्पष्टता है और इसका भविष्य उज्जवल है। जर्मन चांसलर ओलाफ स्कोल्ज़ ने कहा कि 25 साल पहले, हमने जर्मनी और भारत के बीच रणनीतिक साझेदारी बनाई थी। हमारा सहयोग पहले से कहीं ज़्यादा भरोसेमंद, ठोस और सार्थक हो गया है। नवोन्मेष, गतिशीलता और स्थिरता के साथ मिलकर आगे बढ़ना आज आयोजित 7वें भारत-जर्मन अंतर-सरकारी परामर्श का आदर्श वाक्य है। यह एक उपयुक्त आदर्श वाक्य है क्योंकि यह दर्शाता है कि इस अच्छे और भरोसेमंद सहयोग से भारत और जर्मनी दोनों को समान रूप से किस हद तक लाभ मिलता है। उन्होंने कहा कि यह आर्थिक संबंधों के क्षेत्र के लिए विशेष रूप से सच है। जर्मनी यूरोपीय संघ में भारत का सबसे महत्वपूर्ण व्यापारिक साझेदार बन गया है, और मैं इस संबंध और सहयोग को और मजबूत बनाने और आगे बढ़ाने के लिए दृढ़ संकल्पित हूं...चांसलर के रूप में, मैं भारत और यूरोपीय संघ के बीच एक महत्वाकांक्षी एफटीए, मुक्त व्यापार समझौते का दृढ़ता से समर्थन करता हूं। मेरा मानना है कि दोनों पक्षों को लाभ होगा, और इस संबंध में प्रगति करना हमारी महत्वाकांक्षा होनी चाहिए।

### सोमनाथ बुलडोजर एक्शन में मुस्लिम पक्ष को राहत नहीं

## सुप्रीम कोर्ट ने कहा- गुजरात सरकार के पास ही रहेगा जमीन का कब्जा

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** गुजरात में स्थित प्रथम ज्योतिर्लिंग सोमनाथ मंदिर के पास बुलडोजर एक्शन मामले में मुस्लिम पक्ष को राहत नहीं मिली है। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यह सरकारी जमीन है। अगले आदेश तक जमीन का कब्जा गुजरात सरकार के पास ही रहेगा। सुप्रीम कोर्ट ने फिलहाल कोई अंतरिम आदेश देने से इनकार किया है।

### 1 अक्टूबर को दायर की गई थी अवमानना याचिका

सोमनाथ मंदिर के आसपास कथित अवैध निर्माण पर 30 सितंबर को बुलडोजर चलाया गया था। पटनी मुस्लिम समाज ने 1 अक्टूबर को सुप्रीम कोर्ट में अवमानना याचिका दाखिल की थी। इस याचिका में गिर सोमनाथ के कलेक्टर और अन्य अधिकारियों के खिलाफ अवमानना कार्रवाई की मांग की गई थी। याचिका में दरगाह मंगरोली शाह बाबा, ईदगाह, प्रभास पाटण, वेरावल, गिर-सोमनाथ में स्थित कई अन्य स्ट्रक्चर के कथित अवैध विध्वंस का हवाला दिया गया था।

### संरक्षित स्मारक को भी गिरा दिया गया : शिकायतकर्ता

याचिकाकर्ता के वकील कपिल सिब्बल और हुजैफा अहमदी ने आरोप लगाया कि संरक्षित स्मारक को भी गिरा दिया गया है और सुप्रीम कोर्ट मे सुनवाई होने से ऐन वक्त पहले पहले रात में ही तोड़फोड़ की कार्रवाई की गई। वहीं, सुनवाई के दौरान गुजरात सरकार की तरफ से सॉलीसिटर जनरल तुषार मेहता ने जस्टिस भूषण आर गवई और जस्टिस केवी विश्वनाथन की पीठ को आश्वस्त किया कि जमीन अभी सरकार के कब्जे में रहेगी और जमीन किसी तीसरे पक्ष को नहीं दी जाएगी।

### कोर्ट ने कबिल सिब्बल से पूछा- तीसरे पक्ष के क्या अधिकार हैं?

मुस्लिम पार्टी की तरफ से दलीलें पेश करते हुए कपिल सिब्बल ने कहा कि ये संरक्षित स्मारक हैं। किसी तीसरे पक्ष का अधिकार नहीं है। सिब्बल ने कहा कि ढ़हाए जाने का कारण यह बताया गया है कि वे स्मारक अरब सागर के पास हैं और जल निकाय के पास नहीं हो सकते। इस पर जस्टिस गवई ने कहा कि तीसरे पक्ष के क्या अधिकार हैं? यह सरकारी जमीन है और गुजरात हाईकोर्ट को इस मामले की जानकारी भी दी गई है।

### सांप्रदायिक रंग देने की कोशिश : गुजरात सरकार

कपिल सिब्बल की इस दलील पर सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि जिस जगह से अतिक्रमण हटाया गया है, वहां कोई भी संरक्षित स्मारक नहीं थी। जस्टिस गवई ने कहा कि हाईकोर्ट का यह आदेश 2015 में पारित किया गया था। आप भूमि का उपयोग केवल बताए गए उद्देश्यों के लिए कर सकते हैं, धार्मिक उद्देश्यों के लिए नहीं।

सम्पादकीय कार्यालयः-डी-38, चौमू हाउस, सी-स्कीम, जयपुर (राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा, बहरोड़,, सुजानगढ़, रावतभाटा, अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू, खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू, टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, प्रागपुरा में प्रसारित

# आरपीए में ह्यूमन राइट्स पर पुलिस ऑफिसर्स का कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम शुरू

## पुलिस पर मानवाधिकारों की रक्षा और संरक्षण की महत्ती जिम्मेदारी-सेक्रेटरी जनरल एनएचआरसी



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) और राजस्थान पुलिस के संयुक्त तत्वावधान में ह्यूमन राइट्स से जुड़े विषयों पर पुलिस ऑफिसर्स का दो दिवसीय कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम शुक्रवार से राजस्थान पुलिस अकादमी (आरपीए) में आरम्भ हुआ। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र को सम्बोधित करते हुए राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के सेक्रेटरी जनरल भरत लाल ने कहा कि पुलिस फोर्स पर मानवाधिकारों के रक्षा और संरक्षण की महत्ती जिम्मेदारी है। पुलिस ऑफिसर्स ड्यूटी के दौरान आम नागरिकों के सम्मान और गरिमापूर्ण जीवन जीने के अधिकार की रक्षा करने के साथ ही वंचित और कमजोर तबके के लोगों के हितों के संरक्षण में अपनी प्रभावी भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि मानवाधिकार की परिकल्पना में जीने का आशय गरिमामय व अर्थपूर्ण जीवन जीने से है। महानिदेशक पुलिस, राजस्थान (डीजीपी) उत्कल रंजन साहू ने क्षमता संवर्धन कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि मानवाधिकार मानव के वे मूलभूत अधिकार हैं जो जाति, धर्म, लिंग, भाषा या सामाजिक स्थिति से परे हर एक व्यक्ति के अधिकारों की रक्षा की बात करते है। उन्होंने आमजन के मानवाधिकारों की रक्षा के लिए पुलिस के दायित्वों को रेखांकित करते हुए इस संदर्भ में नए कानूनो और प्रक्रियाओं की जानकारी से राजस्थान पुलिस के अधिकारियों के नॉलेज अपग्रेडेशन के लिए इस कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम का जयपुर में आयोजन करने के लिए राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग का आभार जताया। इस दौरान पुलिस महानिदेशक साइबर क्राइम एवं एससीआरबी, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक ने मानवाधिकार आयोग के सेक्रेट्री जनरल भरत लाल का स्मृति चिह्न देकर अभिनंदन किया। एडीजी सिविल राइट्स एवं एएचटी मालिनी अग्रवाल ने कार्यक्रम की रूपरेखा पर प्रकाश डालते हुए सभी का स्वागत किया। इस अवसर पर एनएचआरसी डीजी (इंवेस्टिगेशन) अजय भटनागर, एनएचआरसी के रजिस्ट्रार (लॉ) जोगिंदर सिंह, एडीजी (ट्रेनिंग) अशोक राठौड़ सहित पुलिस मुख्यालय से एडीजी, आईजी और डीआईज स्तर के अधिकारियों सहित एसपी, एएसपी, डीएसपी और इंस्पेक्टर रैंक के पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। एडीजी एवं राजस्थान पुलिस अकादमी के निदेशक एस. सेंगाथिर ने सभी का आभार ज्ञापित किया। उद्घाटन सत्र का संचालन डीआईजी दीपक भार्गव ने किया। कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम में आईजी, डीआईजी और एसपी रैंक के 40 पुलिस अधिकारी भाग ले रहे है।

**प्रथम दिन आयोजित हुए ये सत्र :** पहले दिन आयोजित सेशंस में एनएचआरसी डीजी (इन्वेस्टीगेशन) अजय भटनागर, पीएचआर एक्ट 1993 एनएचआरसी और रोल ऑफ इंवेस्टिगेशन डिवीजन इन एड्रेसिंग ह्यूमन राइट्स तथा तीसरे सत्र में एनएचआरसी के रजिस्ट्रार (लॉ) जोगिंदर सिंह ने पुलिसिंग और सुप्रीम कोर्ट के कैसेज के बारे में ह्यूमन राइट्स कमीशन की गाइडलाइंस, एनएचआरसी के पूर्व सदस्य राजीव जैन ने मानवाधिकार एवं न्यायशास्त्र (ज्यूरिशप्रूडेंस) तथा राज्य मानवाधिकार आयोग, राजस्थान के सदस्य अशोक गुप्ता ने राजस्थान के संदर्भ में मानवाधिकारों के परिदृश्य पर अपने प्रस्तुतीकरण दिए।

# दुकान के गल्ले से बदमाश ले भागा तीन सौ ग्राम सोने के जेवरात

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** जवाहर नगर थाना इलाके में एक दुकानदार को कुछ देर के लिए दुकान सूनी छोड कर जाना महंगा पड़ गया। पीछे से एक बदमाश दुकान में घुसकर गल्ले में रखे तीन सौ ग्राम सोने के जेवरात से भरा बैग ले गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार जवाहर नगर निवासी अनिल कुमार ने मामला दर्ज करवाया कि उसकी बर्फखाना में दुकान है। 23 अक्टूबर की शाम कुछ देर के लिए गया था पीछे से एक शख्स दुकान में घुसा और गल्ला खोलकर उसमें रखा बैग निकाल कर ले गया। बैग में तीन सौ ग्राम सोने के जेवरात रखे थे। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि वह अपने परिवार के साथ एक महीने पहले घूमने गया था चोरी के डर से उसने परिवार का जेवरात एक बैग में डालकर दुकान के गल्ले में रख दिया। घूम कर लौटने के बाद वह जेवरात ले जाना भूल गया था इस कारण जेवरात दुकान के गल्ले में ही रखे थे। गल्ले का लॉक भी खराब था इसी का लाभ उठाकर बदमाश जेवरात से भरा बैग ले गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर दुकान और उसके आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है। बैग में मंगलसूत्र, दो सेट गले के, एक सोने की चेन, दो कंगन, एक पाई, पांच अंगूठी और दो जोडी टॉप्स रखे थे।

# गैंगस्टर अनमोल बिश्नोई पर दस लाख रुपए का इनाम घोषित

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने आतंकी लॉरेंस बिश्नोई के छोटे भाई गैंगस्टर अनमोल बिश्नोई पर दस लाख रुपए का इनाम घोषित कर बड़ा एक्शन लिया है। आतंकी लॉरेंस बिश्नोई के छोटे भाई अनमोल बिश्नोई को एनआईए ने मोस्ट वांटेड की लिस्ट में शामिल कर लिया है। फर्जी पासपोर्ट से अनमोल बिश्नोई इंडिया से भाग चुका है। गैंगस्टर अनमोल बिश्नोई के खिलाफ राजस्थान में भी कई मामले दर्ज है। एनआईए के अनुसार आतंकी लॉरेंस बिश्नोई के छोटे भाई गैंगस्टर अनमोल बिश्नोई को मोस्ट वांटेड की लिस्ट में शामिल किया है। एनआईए की ओर से गैंगस्टर अनमोल बिश्नोई की गिरफ्तारी पर दस लाख रुपए इनाम की घोषणा की है। अनमोल बिश्नोई उर्फ भानु प्रताप पंजाब के फाजिल्का का रहने वाला है। एनआईए ने अनमोल की गिरफ्तारी के लिए इंटरपोल की मदद भी मांगी है। इंडिया से फर्जी पासपोर्ट से भागे अनमोल बिश्नोई पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नजर भी रखी जा रही है। गैंगस्टर अनमोल बिश्नोई के खिलाफ राजस्थान में भी कई मामले दर्ज है। साल-2022 में एनआईए के दो मामलों में अनमोल बिश्नोई के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया गया है।

# न्यायालय रीडर का क्रेडिट कार्ड बनाकर चालीस हजार की ठगी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** सदर थाना इलाके में कोर्ट के महिला रीडर से क्रेडिट कार्ड बनाकर ठगी करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीडिता के बयानों के आधार पर मामला दर्ज कर जांच पड़ताल में जुटी है। पुलिस के अनुसार चौधरी चरण सिंह पार्क कॉलोनी टोंक रोड निवासी निधि चौधरी ने मामला दर्ज करवाया कि टाटा नगर शास्त्री नगर निवासी वीरेंद्र सिंह राठौड़ क्रेडिट कार्ड बनाने का काम करता है। वह लगातार कोर्ट में आता रहता है। पीडिता एनआईओ एक्स न्यायालय क्रम चार में रीडर के पद पर कार्यरत है आरोपी उससे कई बार क्रेडिट कार्ड बनवाने के लिए निवेदन करता रहता था।

# फिट इंडिया फ्रीडम रन 5.0 अभियान के तहत दौड़ का हुआ आयोजन

## सिटी पार्क, मानसरोवर में कार्यक्रम का हुआ आयोजन, जिला प्रमुख एवं जिला कलक्टर ने बढ़ाया प्रतिभागियों का उत्साह

बढ़ता राजस्थान





**जयपुर ( का.स. )।** फिट इंडिया फ्रीडम रन 5.0 अभियान के तहत जयपुर जिला प्रशासन द्वारा शुक्रवार को जयपुर के मानसरोवर स्थित सिटी पार्क में दौड़ का आयोजन किया गया। जिसमें आमजन के साथ जिला प्रमुख श्रीमती रमा देवी चोपड़ा, जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी, मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुश्री प्रतिभा वर्मा सहित अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने दौड़ लगाई। इस दौरान जिला प्रशासन द्वारा राइजिंग राजस्थान का भी व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया।स्वच्छता एवं स्वास्थ्य की थीम पर आयोजित दौड़ को लेकर प्रतिभागियों में खासा उत्साह देखा गया वहीं, समापन समारोह में दौड़ के विजेताओं को सम्मानित भी किया गया। फ्रीडम रन में स्कूल एवं कॉलेज के विद्यार्थियों, जनप्रतिनिधियों, खिलाड़ियों ,महिलाओं, एनजीओ, ट्रस्ट, स्वच्छता एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में कार्य करने वाली संस्थाओं, व्यापारियों, स्थानीय नागरिकों के साथ-साथ एनसीसी, राष्ट्रीय सेवा योजना एवं स्काउट्स के स्वयंसेवकों ने अपनी भागीदारी निभाई। इस दौरान प्रतिभागियों को स्वच्छ एवं प्लास्टिक मुक्त समाज के निर्माण की शपथ दिलाई गई। अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रथम) विनिता सिंह, अतिरिक्त जिला कलक्टर (द्वितीय) आशीष कुमार, अतिरिक्त जिला कलक्टर (चतुर्थ) सुमन पंवार, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी शेर सिंह लुहाड़िया, महानिदेशक, जिला उद्योग केन्द्र शिल्पी आर. पुरोहित सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी कार्यक्रम में मौजूद रहे।

# लो रहित कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**फुलेरा ( नि.स. )।** कस्बे की सांभर बाईपास रोड़ स्थित रेसीम पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शुक्रवार को दीपोत्सव एवं लो रहित कुकिंग प्रतियोगिता प्रधानाचार्य बी सी माली की अध्यक्षता में आयोजित हुई। इस दौरान मुख्य अतिथि बालिका विद्यालय की प्रधानाप्राचार्या नविता कुमारी वर्मा एवं विशिष्ट अतिथि शिक्षाविद वंदना सैनी,सचिव रजनी गहलोत रही। कार्यक्रम के प्रारंभ में आगुंतक अतिथियों ने मां शारदे की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित किया। इस अवसर पर उप प्राचार्य लेखराज सैनी, हेमंत गहलोत, कामना गहलोत, ऋतु गहलोत ने अतिथियों का माल्यार्पण कर अभिनंदन किया। फिर स्कूली छात्र छात्राओं के द्वारा रामलीला का मंचन किया गया। तत्पश्चात लो रहित कुकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। उक्त प्रतियोगिता में छात्र छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विभिन्न व्यंजन तैयार किए। फायर लेस कुकिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान फियरलेस लॉयन, द्वितीय स्थान गोल्डन ईगल, तृतीय स्थान फास्टफेस पैंथर तथा नाइट राइडर्स ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका नविता वर्मा, वंदना सैनी, सुगन सिंह जादौन, हरिओम शर्मा ने निभाई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शाला निदेशक नवेंदु गहलोत ने कहा की दीपावली सनातन धर्म का प्रमुख त्यौहार है, हमें ऐसे पर्व धूमधाम से मानना चाहिए और सभी को दीपोत्सव की शुभकामनाए प्रदान की। अंत में बी सी माली ने आगुंतकों का आभार जताया और कार्यक्रम की भूरी भूरी सराहना की। इस मौके पर फाउंडर नवेंदु गहलोत, वाइस प्रिंसिपल लेखराज सैनी, हेमंत गहलोत, कामना गहलोत, ऋतु गहलोत, वाणिज्य संकाय प्रभारी हरिओम शर्मा, व्याख्याता सुगन सिंह जादौन, मनीष छत वाल, किरण ओझा, मोनिका कश्यप, निरंजन सैनी, महेश तारवान, अमित कुमार, रिजवान, बंशी चौधरी, नमिता शर्मा, रेखा वर्मा, ममता शर्मा, ज्योति कुमावत, हर्षिता जोशी, ज्योति सुमन, गुंजन सुमन, कृष्णा ओझा, अभिलाषा जैन, कंचन शर्मा, कीर्ति सिसोदिया, मीनू सिंह, सिमरन आहूजा, अर्चना जैन, उषा वर्मा, श्रेया शर्मा, आरती जांगिड़, रीना वर्मा, कोनिका, ज्योति जैन, यामिनी, अनन्या शर्मा, शकुंतला कुमावत, भूमिका सब नानी, नितिन सहित कई प्रबुद्धजन और स्कूली विद्यार्थी मौजूद रहें।

# विद्यार्थियों को दी पुलिस प्रणाली की जानकारी,पॉक्सो एक्ट,साइबर क्राइम और यातायात नियमों की दी जानकारी



बढ़ता राजस्थान

**फुलेरा ( नि.स )।** कस्बे के समीपवर्ती दीपक पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल मुंडवाड़ा में गुरुवार को थाना प्रभारी बाबूलाल मीणा के द्वारा विद्यार्थियों को पुलिस प्रणाली ,पॉक्सो एक्ट,यातायात नियमों, नवीन कानून के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इसके साथ ही छात्रों को अपनी शिक्षा पर ध्यान केंद्रित करने और जीवन में सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान थाना प्रभारी बाबूलाल मीणा ने साइबर अपराधों के बढ़ते खतरे पर विशेष जोर दिया, जिसमें सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग और ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचने के तरीके समझाए गए। उन्होंने बालकों के अधिकारों और नवीन कानूनों के बारे में भी बताया। जिससे छात्र अपने अधिकारों के प्रति सजग हो सकें और किसी भी प्रकार के उत्पीड़न या शोषण से खुद को सुरक्षित रख सकें। यातायात नियमों की जानकारी देकर छात्रों को सड़क सुरक्षा के महत्व को समझाया गया।इस मौके पर सैकड़ों विद्यार्थी मौजूद थे।

# सेक्टर रोड़ से प्रभावित बारह कॉलोनियों के परिवारों ने किया धरना-प्रदर्शन

## विधायक कैलाश वर्मा से मिलकर सौपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर ( का.स. )।** जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) की ओर से जगन्नाथपूरा डिग्गी रोड से टोंक रोड तक प्रस्तावित सेक्टर रोड़ के विरोध में टोंक रोड़ मेघना विहार से अशोक नगर वाटिका रोड़ तक की करीब बारह कॉलोनियों की पीड़ित जनता ने शुक्रवार को विधायक कैलाश वर्मा के आवास के बाहर धरना-प्रदर्शन कर पीडित लोगों ने अपनी पीड़ा विधायक को बता कर ज्ञापन सौंपा। विकास समिति अध्यक्ष अशोक कुमार शर्मा ने बताया कि जेडीए की ओर से जगन्नाथपूरा डिग्गी रोड से टोंक रोड तक प्रस्तावित सेक्टर रोड़ के विरोध में टोंक रोड़ मेघना विहार से अशोक नगर वाटिका रोड़ तक की करीब बारह कॉलोनियों जिसमें मेघना विहार,पदम् विहार,पद्म विहार एनक्लेव,मधु विहार एक,मधु विहार दो,शिव सागर नगर,गंगा सागर,गुरु गोविंद नगर,सुषमा विहार,सुषमा विहार विस्तार,अशोक नगर के पीड़ित परिवारों ने भारी संख्या में विधायक कैलाश वर्मा के आवास पहुंचे और धरना प्रदर्शन कर विधायक कैलाश वर्मा को ज्ञापन देकर सेक्टर रोड निरस्त,डाइवर्ट करने की मांग की। वहीं विधायक कैलाश वर्मा ने लोगों को आश्वासन दिया कि किसी की व्यक्ति के साथ अन्याय नहीं होगा और न ही किसी का घर उजडेगा। वह इस मामले में संबंधित मंत्री सहित अन्य अधिकारियों से वार्तालाप कर जल्द ही इस समस्या का समाधान करेंगे। विधायक कैलाश वर्मा के इस आश्वासन के बाद मौजूद लोगों मे खुशी की लहर दौड़ पड़ी और उन्होंने विधायक कैलाश का धन्यवाद किया। संघर्ष समिति के प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि वर्तमान समय मे इस सेक्टर रोड की टोंक रोड़ से वाटिका रोड़ तक कोई आवश्यकता नहीं है। साथ ही इस सेक्टर रोड़ के विकल्प के तौर पर इसके नजदीक ही सौ मीटर की दूरी में दो बडी हाईट्रेंशन लाइन तथा पांच सौ मीटर दक्षिण में एक दो सौ फ़ीट सेक्टर रोड़ जहाँ कोई आबादी वाला क्षेत्र प्रभावित नही है। इसके अलावा सात सौ मीटर उत्तर में वाटिका रोड़ हैं । अत: विकल्पों को देखते हुए पीड़ित जनता की मांग हैं कि टोंक रोड़ से वाटिका रोड़ तक के इस सेक्टर रोड़ को या तो निरस्त किया जाए या फिर इसे डायवर्ट किया जाए। क्योंकि उपरोक्त बारह कॉलोनियों में वर्तमान में 80 प्रतिशत से अधिक आबादी हो चुकी हैं । प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों का कहना है कि कॉलोनियों का रजिस्ट्रेशन उप पंजीयक को नहीं करने चाहिए थे और ना ही विधुत विभाग को बिजली कनेक्शन ,आधार कार्ड , पैन कार्ड , नल कनेक्शन आदि नहीं देने चाहिए थे। जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा अपनी हठ धर्मिता दिखाते हुए बिना मकान मालिकों को सूचना दिए डिमार्केशन करना प्रारम्भ कर दिया है। ज़ब से डीमार्केशन हुआ तो लोगों की रातों की नींद-चेन चला गया है। इस सेक्टर रोड के आंशिक भाग टोंक रोड़ से वाटिका रोड़ तक 550 मकान आ रहे है। इस सेक्टर रोड को निरस्त नहीं किया तो मजबूरन सभी 550 मकानों के परिवार के लोग उग्र आंदोलन करेंगे। जिसकी समस्त जिम्मेदारी प्रशासन कि होगी । इस प्रकरण को लेकर विधायक के साथ संघर्ष समिति के प्रतिनिधिमंडल द्वारा जेडीए आयुक्त से भी मुलाकात की गई। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों द्वारा उक्त प्रकरण को समझने के बाद जेडीए आयुक्त ने इस प्रकरण पर उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया ।

# विदेश में नौकरी दिलवाने का झांसा देकर लाखों रुपये की ठगी करने वाला ठग गिरफ्तार



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** सोडाला थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बेरोजगार और गरीब लोगों को इजरायल (विदेश) में नौकरी दिलवाने का झांसा देकर लाखों रुपये की ठगी करने वाले गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार किया है। पुलिस की प्रारम्भिक पूछताछ में सामने आया है कि आरोपित ने अपने साथियों के साथ मिलकर सैकड़ों लोगों को इजरायल (विदेश) में नौकरी दिलवाने का झांसा देकर अस्सी लाख रुपये की ठगी की है। आरोपी ठगी की वारदात करने के बाद दुबई और नेपाल में फरारी काट रहा है और जैसे ही वापस आया तो पुलिस ने उसे पकड़ लिया। फिलहाल आरोपी से उसके अन्य साथियों सहित अन्य वारदातों के बारे में पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण दिगंत आनंद ने बताया कि सोडाला थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बेरोजगार और गरीब लोगों को इजरायल(विदेश) में नौकरी दिलवाने का झांसा देकर लाखों रूपये की ठगी करने वाले धमेन्द्र कुमार जाट निवासी बलारा जिला सीकर को सिंधी कैंप गिरफ्तार किया है। पुलिस जानकारी में सामने आया है कि आरोपित धमेन्द्र के ऊपर काफी ज्यादा कर्जा होने के कारण उसने अपने साथियों के साथ मिलकर झूठी फर्म गणेश मैनपावर कंसल्टेंसी बना कर बाईस गोदाम के पास से कार्यालय किराए पर लिया और सैकड़ों लोगों को इजरायल (विदेश) में अच्छा वेन पर नौकरी दिलाने का झांसा देकर अस्सी लाख रुपये की ठगी कर दुबई भाग गया । जहां आरोपित फ्लाइट से काठमांडू -नेपाल आया और फिर वापस बाई रोड जयपुर आया। और जहां पुलिस ने आरोपित को सिंधी कैंप बस स्टेण्ड से पकड़ लिया। और पुलिस आरोपी से ठगी गई राशि की बरामदगी सहित अन्य साथियों के बारे में पूछताछ करने में जुटी है।

# एटीएम कार्ड बदलकर युवक के खाते से निकाले डेढ़ लाख रुपए

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** मालपुरा थाना इलाके में एटीएम कार्ड बदलकर एक युवक के खाते से बदमाशों ने डेढ़ लाख रुपए निकाल लिए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुटी है। पुलिस के अनुसार पीताम्बर नगर विस्तार गजसिंहपुरा निवासी अवनीश कुमार ने मामला दर्ज करवाया कि वह चौरडिया पेट्रोल पंप के पास एटीएम में रुपए निकालने गया था ।

वहां पर बदमाशों ने उसका ध्यान बंटा कर एटीएम कार्ड बदल लिया और उससे एक लाख रुपए निकाल लिए तो वहीं पचास हजार रुपए दूसरे खाते में ट्रांसफर कर लिए। ठगी का पता पीड़ित को मोबाइल पर मैसेज आने पर लगा।

# पावना रेस्टोरेंट एवं मिष्ठान भण्डार पर निरीक्षण और नमूनीकरण की कार्यवाही

## दिया इम्प्रूवमेंट नोटिस, साफ सफाई हेतु किया पाबंद

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर द्वितीय।** शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान एवं दीपावली के विशेष अभियान के तहत श्रीमान खाद्य सुरक्षा आयुक्त श्री इक़बाल खान के निर्देशन मे श्रीमान डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी (जयपुर जिला कलेक्टर ) के द्वारा गठित विशेष खाद्य सुरक्षा टीम द्वारा डॉ. हंसराज भदालिया (मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर द्वितीय) के नेतृत्व मे शुक्रवार को मैसर्स गोपालपुरा स्थित मैसर्स पावना रेस्टोरेंट एवं मिष्ठान भण्डार निरीक्षण और नमूनीकरण की कार्यवाही की गई। इसमे गुणवत्ता की जाँच हेतु मौके पर मावा, मिल्क केक एवं घी के खाद्य नमूने लिए गए। लिए गए नमूनों को जाँच हेतु केंद्रीय खाद्य विश्लेषण प्रयोगशाला मे भिजवाया गया।मौके पर कारखाने मे उचित साफ सफाई नहीं होने पर फर्म को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत इम्प्रूवमेंट नोटिस दिया गया। साथ ही प्रतिष्ठान को साफ सफाई हेतु पाबंद किया गया। इस कार्यवाही मे खाद्य सुरक्षा अधिकारी रमेश चंद यादव, नन्द किशोर कुमावत और राजेश कुमार नागर शामिल रहे । अनवरत चलने वाले इस अभियान के तहत मिलावटख?री करने वालों पर सख्त कार्यवाही करने एवं आमजन को शुद्ध खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने हेतु दीपावली पर्व पर, विशेष तौर पर, रोज इस तरीके की कार्यवाही जारी रहेगी ।

# बडौंद सैनी समाज का समान समारोह आयोजित

## सैनी समाज ने 31 खेल प्रतिभाओं व शारीरिक शिक्षकों को किया सम्मानित

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली( बिल्लूराम सैनी )।** कोटपूतली बहरोड जिले के ग्राम बडौंद पीएम श्री राजकीय भीमराज उच्च माध्यमिक विद्यालय बडौंदके परिसर में सैनी समाज सेवा समितिबडौंद की ओर से कस्बे की सरकारी एंव गैर सरकारी शिक्षण संस्थानों के राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में जिले काप्रतिनिधित्व करने वाले 31 छात्र - छात्राओं को स्टडी टेबल, पैन और डायरी, सहित शारिरिक शिक्षकों को सम्मानित किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि व शाहपुरा सैनी समाज के प्रधान साधुराम सैनी एवं विशिष्ट अतिथि माली समाज के प्रदेश महामंत्री सुरेश चंद सैनी,बबलू बबेरवाल जिलाध्यक्ष कोटपूतली, संयोजक बाबूलाल थे।सैनी समाज बर्डीद के प्रधान महावीर प्रसाद सैनी ने बताया कि उक्त कार्यक्रम का आयोजन सर्व समाज की खेल प्रतिभाओं का हौसला अफजाई के लिए सैनी समाज बर्डीद की ओर से किया गया। उन्होंने बताया कि आगामी समय में भी समाज प्रतिभाओं को सम्मानित एवं हौसला अफजाई करने के लिए इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर सैनी समाज बडौंद कार्यकारिणी के रघुवीर प्रसाद,लीलाराम, रामवतार सैनी,पूर्व कानूनगो मगन लाल सैनी, किरोड़ीमल , सुभाष चन्द्र,पत्रकार विजय दहीया शिंभूराम,बाबूलाल,गिर्राज, मुरारी लाल, बब्बू गहलोत,महिला जिला उपाध्यक्ष संतोष सैनी,जिला, जिला सचिव रेखा सैनी, कोटपूतली के रामरतनसैनी, गंगा रामसैनी,रामस्वरूप,बानसूर से कुलदीप सैनी,संतोष देवी,राजकीय भीमराज उच्च माध्यमिक विद्यालय की प्रिंसिपल कृष्णा वर्मा,राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय की प्रिंसिपल अंकिता गोविंद, सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# अतिक्रमण, अवैध खनन एवं परिवहन को सख्ती से रोका करें

## राजस्व से जुड़े विभिन्न प्रकरणों की समीक्षा कर लंबित मामलों के त्वरित निस्तारण हेतु जिला कलेक्टर ने दिये निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( विष्णु दत्त धीमान )।** जिला कलेक्टर डॉ महेंद्र खड़गावत ने कहा कि काफी समय से लंबित राजस्व से जुड़े प्रकरणों का जल्द से जल्द निस्तारण करें। उन्होंने कहा कि निरंतर रूप से राजस्व कोर्ट लगाकर फाइलों के जल्द निस्तारण करने का प्रयास करें।जिला कलेक्टर श्री खड़गावत शुक्रवार को राजस्व विभाग की कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में राजस्व अधिकारियों निर्देशित कर रहे थे। जिला कलेक्टर ने बैठक में राजस्व से जुड़े विभिन्न प्रकरणों पर विस्तार से समीक्षा की । जिला कलेक्टर ने अधिकारियों को राजस्व से जुड़ी समस्याएं पूछी एवं संबंधित अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए । उन्होंने जिले में वर्तमान राजस्व मुकदमों की स्थिति पर चर्चा की एवं लंबित मामलों के जल्द निस्तारण के निर्देश दिए । उन्होंने अतिक्रमण,अवैध खनन एवं परिवहन को रोकने के लिए अब तक की गई कार्रवाई की जानकारी ली एवं निर्देश दिए कि अवैध अतिक्रमण सख्ती से हटाया जाए साथ ही अवैध खनन एवं परिवहन के विरुद्ध निरंतर रूप से प्रभावी कार्रवाई कर सख्ती से रोका जाए । उन्होंने प्रशासन, पुलिस व खनन विभाग का संयुक्त दल बनाकर अवैध खनन पर बारीकी से निगरानी रखने एवं शिकायत मिलने पर कार्रवाई के निर्देश दिए । उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जिन विभागों में ई-फाइल का कार्य व्यवस्थित रूप से शुरू नहीं हुआ है वहां भी ई-फाइल से कार्य करना सुनिश्चित करें साथ ही फाइलों के निस्तारण जल्द कर एवरेज समय को कम करे । उन्होंने संपर्क पोर्टल, मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रकरणों के प्रभावी एवं समयबद्ध रूप से निस्तारण करने के निर्देश दिए साथ ही जिला स्तरीय अधिकारियों से विभिन्न विभागों से संबंधित भूमि आवंटन के प्रस्तावों की स्थिति की जानकारी ली एवं लंबित प्रस्तावों के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए ।

उन्होंने बैठक में सहायता शाखा, न्याय शाखा, भू अभिलेख सहित अन्य अहम मुद्दों की समीक्षा कर बेहतर प्रगति के निर्देश दिए। बैठक में कार्यवाहक अतिरिक्त जिला कलेक्टर श्री गौरव बुढ़ानिया सहित सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी, जिले के समस्त उपखंड अधिकारीगण एवं तहसीलदार मौजूद रहे।

# फिट इंडिया फ्रीडम रन 5.0, स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत का दिया गया सन्देश

बढ़ता राजस्थान




**कोटपूतली( बिल्लूराम सैनी )।** माननीय सरदार वल्लभभाई पटेल जी की जयंती पर फिट इंडिया फ्रीडम रन 5.0 अभियान के तहत स्वच्छता एवं स्वास्थ्य थीम पर स्वच्छता दौड़ का आयोजन किया गया। स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत अभियान के तहत जिला स्तरीय फिट इंडिया फ्रीडम रन 5.0 को अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी रामनिवास ने शुक्रवार को राजकीय सरदार उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम में अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी के नेतृत्व में समस्त जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों एवं कार्मिकों ने राजकीय सरदार उच्च माध्यमिक विद्यालय से राजकीय एलबीएस कॉलेज कोटपुतली मैदान तक दौड़कर स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत का सन्देश दिया।एसीईओ ने बताया कि स्वच्छ भारत अभियान के तहत जिला स्तरीय फिट इंडिया फ्रीडम रन 5.0 का आयोजन किया गया7 जिसमें स्वच्छता के साथ-साथ स्वास्थ्य पर भी ध्यान देने का सन्देश देने की कोशिश इस कार्यक्रम के माध्यम से की गई है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा स्वच्छता एवं स्वास्थ्य को लेकर विभिन्न प्रकार के बड़े बड़े फ्लैगशिप कार्यक्रम किये जा रहे हैं। अभी हमने गत दिनों में भी स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के दौरान बहुत बड़ा श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया। इसी कड़ी में सरकार की यही मंशा है कि स्वच्छता को स्वास्थ्य से यदि जोड़ा जाए यानि हम यह कह सकते हैं कि दोनों एक सिक्के के दो पहलू हैं। जिला प्रशासन का यह दयित्व है कि हमारे जो भी नागरिक, कार्मिक, स्टेकहोल्डर्स हैं और जो भी हमारे सम्पर्क में आते है उन्हें रन फॉर यूनिटी के माध्यम से प्रोत्साहित करें कि वे स्वच्छता के साथ-साथ प्रतिदिन अपने स्वास्थ्य का भी ध्यान रखें। इस दौरान स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत अभियान के अंतर्गत स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रतिभागियों को शपथ दिलवाई गई।इस अवसर पर समस्त जिला स्तरीय अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी देवी सिंह एवं अन्य ब्लॉक स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# घर में घुसकर नाबालिग बच्ची के साथ किया था रेप, कोर्ट ने दोषी मानते हुए 20 साल की सजा सुनाई

बढ़ता राजस्थान

**झुंझुनूं ( नि.स. )।** पॉक्सो कोर्ट ने सोलह वर्षीय नाबालिग बच्ची से दुष्कर्म के मामले में आरोपी को दोषी मानते हुए 20 वर्ष के कठोर कारावास से दंडित किया है। साथ ही 80 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। विशिष्ट लोक अभियोजक सुरेन्द्र सिंह भांबू ने बताया कि उदयपुरवाटी थाना क्षेत्र के ढाणी साल्या हाली तन छापोली के रहने वाला आरोपी सुरेश कुमार ने घर में घुसकर नाबालिग बच्ची को बंधक बनाकर उसके साथ जबरदस्ती रेप किया था। घटना के दौरान बच्ची घर पर अकेली ही थी। आरोपी ने घटना के बारे में किसी बताने पर नाबालिग को जान से मारने की धमकी दी थी। पीड़िता ने परिजनों को आपबीती बताई थी। जिसके बाद पीड़िता ने अपने परिजनां के साथ थाने में पहुंचकर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दी थी। पुलिस ने तुरन्त प्रभाव से कार्रवाई करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार कर पॉक्सो कोर्ट में चालान पेश किया। पीड़ित पक्ष की ओर से लोक अभियोजक सुरेन्द्र सिंह भांबू ने पैरवी की। उन्होंने 13 गवाह और 36 दस्तावेज पेश किए। सुनवाई कै दौरान कोर्ट ने आरोपी सुरेश कुमार को दोषी मानते हुए 20 साल की सजा व 80 हजार रुपए का जुर्माना लगाया।


## कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर

क्रमांक:- एफ. 1 ( 48 ) लेखा / डेकोरेशन /2024/ 49.63 दिनांक: 24/10/2024

**निविदा सूचना**

इस कार्यालय के अधीन जयपुर जिले के मंदिरों में पंच दिवसीय दीपोत्सव पर्व पर प्रसाद/मिठाई सामग्री भोग के लिए मंदिरों में उपलब्ध कराने हेतु अनुज्ञापत्रधारी संवेदकों / फर्मों / वितरकों / आपूर्तिकर्ताओ से सीलबंद लिफाफे में निविदाए आमंत्रित की जाती हैं। पूर्णरूपेण भरी हुई निविदाएँ दिनांक 28.10.2024 को दोपहर 12 बजे तक अद्योहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत की जा सकती है। प्राप्त निविदाओं की बोली दिनांक 28.10.2024 को दोपहर 12.30 बजे उपापन समिति द्वारा खोली जावेगी। उक्त कार्य की अनुमानित लागत 4.80 लाख रूपये रहेगी।

निविदा की अन्य शर्ते/ विवरण की जानकारी किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। निविदा सूचना मय प्रपत्र व शर्ते विभागीय वेबसाईट devasthan.rajasthan.gov.in व sppp.rajasthan.gov.in पर देखी एवं डाउनलोड की जा सकती है।

**( रतन लाल योगी )**
**सहायक आयुक्त ( प्रथम )**
**देवस्थान विभाग, जयपुर**

UBN DEV2425 SSOB00160
DIPR/C/10657/2024



## जाहिर नोटीस

जावक क्र. 575 / 2024
MHLC01-000055-2021
कामगार न्यायालय, मुंबई
नवीन प्रशासकीय इमारत, तळ मजला, शासकीय वसाहत, वांद्रे (पूर्व), मुंबई 400051
दिनांक : 17/10/2024

**कर्मचारी भरपाई आयुक्त, मुंबई और 4 थे कामगार न्यायालय, मुंबई श्री के. के. घुले, न्यायाधीश, इनके सामने, अर्ज (नुकसान भरपाई अर्ज) क्र. 575 / सी - 189 / 2008**

श्री सुदामा रामसेवक सिंग — आवेदक........
**विरूध्द**
श्री नानजीभाई भानुशाली
द ओरिएन्टल इन्शुरन्स कं. लि. — प्रतिवादी ........

**सूचना**

इस सूचना के द्वारा अवगत किया जाता है की, उपर दिये गये आवेदक का काम करते समय दि. 20/07/2007 को दुर्घटना में गंभीरस्वरुप में जखमी हो गये । आवेदक ने रु.5,34,504/- (पांच लाख चौतीस हजार पांच सौ चार मात्र) इतनी नुकसान भरपाई की रकम के लिए श्रमिक भरपाई आयुक्त व मा. न्यायाधीश 4 थे कामगार न्यायालय, मुंबई यहाँ पर अर्जी दाखिल की है । प्रतिवादी क. 1 का पता न मिलने के अभाव कारण उनको नोटिस नही दी गई।

इसलिए **श्री नानजीभाई भानुशाली, मितला भवन, चर्च रोड, विवेकानंद कॉलनी, देओली,जि. टोंक, राजस्थान-304001** प्रतिवादी क.1 इनको अतःइस सूचना तहत अवगत किया जाता है की, आप अथवा आप के तरफ उपस्थित वकील अथवा अधिकृत प्रतिनिधी द्वारा न्यायाधीश 4 थे कामगार न्यायालय इनके सामने दि. 14/11/2024 को सुबह 11.00 बजे उपस्थित रहे ।

अगर उपर नमुद किए हुए दिनांक को न्यायालय मे उपस्थित नही रहे तो मा. न्यायालय आपके अनुपस्थिती मे दावा चलाकर योग्य वो आदेश किए जायेगे, यह आप ध्यान रखे ।

दिनांक : 17/10/2024 तहत हस्ताक्षर शिक्का सहीत हस्ताक्षर कि गयी है।

**आदेशानुसार**
**सचिव**
**कामगार न्यायालय, मुंबई**


# विधायक ऋतु बनावत ने केंद्रीय मंत्री गजेंद्र शेखावत को सौंपा ज्ञापन, बयाना-रूपवास के ऐतिहासिक स्थलों को पर्यटन सर्किट से जोड़ने की मांग

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर/बयाना( सत्य प्रकाश अग्रवाल )।** बयाना विधायक डॉ ऋतु बनावत व बीजेपी के पूर्व जिलाध्यक्ष ऋषि बंसल ने शुक्रवार शाम जयपुर में पर्यटन एवं सांस्कृतिक केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत को ज्ञापन सौंपकर विधानसभा क्षेत्र के बयाना व रूपबास इलाके में मौजूद पुरा महत्व के ऐतिहासिक स्मारकों को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने की मांग की है। ज्ञापन में विधायक ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र बयाना-रूपवास में महाभारत कालीन बाणासुर किला व ऊषा मन्दिर बयाना में स्थित है। वहीं दूसरी ओर खानवा में ऐतिहासिक युद्ध क्षेत्र व मुगल काल में निर्मित लाल महल, शाही तालाब प्राचीन धरोहर के रूप में रूपवास में है। निर्माण से लेकर आज तक इसका जीर्णोद्धार एवं विकास नहीं हो पाया है। जिससे यह अपने अस्तित्व की लडाई लड रहे हैं। बयाना में स्थित बाणासुर किले के अन्दर बहुत ही मनमोहक दृश्य के साथ ही प्राचीन महादेव मन्दिर, छतरी, गुम्बद, स्तम्भ, मीना बाजार व तोप, बाबरी देखने योग्य है। यदि रोप-वे द्वारा किले को जोड दिया जाये तो पर्यटन को ओर भी बढ़ावा दिया जा सकता है। इसके लिए विधायक निधि की 10 लाख की राशि से डीपीआर भी तैयार कराई जा रही है। ऐसे में ऐतिहासिक स्थलों का संरक्षण और विकास किए जाने की जरूरत है। विधायक ने बयाना-रूपवास क्षेत्र को आगरा-भरतपुर के साथ पर्यटन सर्किट के रूप में जोड़ा जाए, जिससे स्थानीय लोगों को रोजगार के नये अवसर भी उपलब्ध होगे। केंद्रीय मंत्री ने जल्द ही विभाग के अधिकारियों से बात कर कार्रवाई करने का भरोसा दिलाया।

# आबकारी विभाग की बड़ी कार्रवाई, 90 व्यक्तियों को गिरफ्तार कर की 2 हजार 830 पव्वे देशी एवं अंग्रेजी शराब, 101 लीटर नाजायज हथकड़ शराब जब्त

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** जिला आबकारी अधिकारी कार्यालय की टीम ने अवैध एवं नकली शराब के उत्पादन, भंडारण एवं परिवहन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है।

जिला आबकारी अधिकारी जयपुर शहर देविका तोमर ने बताया कि जिला कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देशन में आबकारी विभाग द्वारा अवैध एवं नकली शराब के निर्माण, भण्डारण एवं परिवहन की रोकथाम हेतु विशेष अभियान के तहत लगातार कार्रवाई की जा रही है। पेट्रोलिंग ऑफिसर्स किशन सिंह, रामचन्द्र एवं ममता शार्दुल के नेतृत्व में जयपुर शहर के आबकारी थानों में 51 अभियोग दर्ज कर 90 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया । 2 हजार 830 पव्वे देशी एवं अंग्रेजी शराब, 101 लीटर नाजायज हथकड़ शराब, 72 बोतलें अन्य राज्यों की शराब व बीयर सहित 06 वाहनों को जब्त किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान करीब 1 हजार लीटर वाश एवं 06 भट्टियां भी नष्ट की गई है।

### अलवर में निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन

# 86 ओ.पी.डी. से लाभान्वित एवं 8 मरीजो का निःशुल्क मोतियाबिन्द के ऑपरेशन हेतु चयन



बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** शुक्रवार को लायंस क्लब अलवर मत्स्य, अलवर जिला स्काउट एण्ड गाइड फ़ेलोशिप, मित्तल हॉस्पिटल, आर.डी.एन.सी. मित्तल फाउंडेशन एवं जिला अन्धता निवारण समिति अलवर के संयुक्त तत्वाधान में युवराज प्रताप सिंह मेमोरियल होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज में लगाया गया।इस निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर में कुल 86 लोग लाभान्वित हुए तथा मोतियाबिंद (लेंस प्रत्यारोपण) के ऑपरेशन हेतु 8 लोगो का चयन किया गया । शिविर संयोजक एवं लायंस क्लब इंटरनेशनल के डिस्ट्रिक्ट 3233 ई 1 के रीजन 2 सांवरियाँ के रीजन चेयरपर्सन लायन गिरीश गुप्ता ने बताया कि यह शिविर पहली बार अलवर के युवराज प्रताप सिंह मेमोरियल होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज में लगाया गया है क्योकि शिवाजी पार्क, बुध बिहार, हसन खा मेवात एवं अन्य आस पास के क्षेत्र में बहुत से नेत्र रोगी है पर किसी ना किसी मजबूरी के चलते वो सामान्य चिकित्सालय में आकर नही दिखा पाते है अत: एक मीटिंग के अंतर्गत ये निर्णय लिया गया कि उस क्षेत्र में जगह का चयन करके जल्द ही कोई निःशुल्क नेत्र रोग शिविर का आयोजन कराया जाए ! इस बात को सुनते ही लायंस क्लब अलवर मत्स्य की अध्यक्ष एवं युवराज प्रताप सिंह मेमोरियल होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज की मैनेजिंग डायरेक्टर एम जे एफ लायन डॉ. मंजू अग्रवाल ने अपने संस्थान में कैम्प करने की हर माह की 25 तारीख को शिविर करवाने की सहमती व्यक्त करी !

आज शिविर में पूर्व प्रमुख चिकित्सा अधिकारी एवं मित्तल हॉस्पिटल, अलवर के वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ लायन डॉ. महेश जैन एवं उनकी टीम बीना ओमप्रकाश, ललित शर्मा, आर.सी.बोस सहित सभी ने अपनी निःशुल्क सेवाये प्रदान करी तथा आवश्यकतानुसार मरीजो को निःशुल्क दवा भी वितरित की गयी। अलवर जिला स्काउट गाइड के संरक्षक हरीश कालरा ने बताया कि मोतियाबिंद (लेंस प्रत्यारोपण) रोग से पीड़ित कुल 08 मरीजो के ऑपरेशन मित्तल हॉस्पिटल, सुभाष नगर अलवर में दिनांक 26 अक्टूबर में किये जायेंगे ! मरीज को रहने, खाने-पीने, लेंस, ऑपरेशन, चश्मा, दवा इत्यादि सभी सुविधाए पुर्णतः निःशुल्क प्रदान करायी जायेगी तथा अगले दिन मरीज को छुट्टी दे दी जायेगी । शिविर में लायंस क्लब से रीजन चेयरपर्सन लायन गिरीश गुप्ता, लायन डॉ. महेश जैन, लायन सत्यनारायण अग्रवाल, लायन अनिल बंसल तथा अलवर जिला स्काउट एण्ड गाइड फ़ेलोशिप से संरक्षक हरीश कालरा, संरक्षक नारायण बिहारी शर्मा , उपाध्यक्ष जितेन्द्र कुमार गुप्ता, उपाध्यक्ष लता रानी शर्मा, संयुक्त सचिव प्रमिला गुप्ता, कोऑर्डिनेटर शम्भू दयाल शर्मा, पूर्व सचिव रामप्रकाश गुप्ता, गोविन्द चन्द गोयल , युवराज प्रताप सिंह मेमोरियल होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज से डॉ. अशोक पाठक सहित पूरी टीम ने बेहतरीन सहयोग प्रदान किया ।

# मार्बल एसोसिएशन के पदाधिकारी उद्योग मंत्री राज्यवर्धन सिंह व रीको अधिकारियों से मिल 700 करोड़ के निवेश का प्रस्ताव दिया

बढ़ता राजस्थान



**उदयपुर (दिनेश गोठवाल)।** उदयपुर मार्बल एसोसिएशन के पदाधिकारी आज जयपुर में राज्य के उद्योग मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ से मिल 400 व्यापारियों के नये उद्योग लगानें व 700 करोड़ के निवेश का प्रस्ताव दिया। अध्यक्ष पंकज गंगावत ने बताया कि उदयपुर मार्बल मंडी में मार्बल उद्योग क्षेत्र के लगभग 400 व्यापारियों का नए उद्योग लगाने के आवेदन पत्र (डव्) व लगभग 700 करोड़ का निवेश हेतु प्रस्ताव दिया। भीलों का बेदला औद्योगिक क्षेत्र ॠमार्बल जोनॠ के नाम से प्रस्तावित करनें तथा औद्योगिक क्षेत्र का विकास करने के लिए का निवेदन किया। नए औद्योगिक क्षेत्र के लिए सुखेर के आस पास क्षेत्र में मार्बल इंडस्ट्रीज के लिए जगह देने हेतु कहा गया द्य इस पर माननीय उद्योग मंत्री ने सकारात्मक पहल करते हुए कहा की बहुत जल्द ही इस समस्या का निदान किया जायेगा। इसके साथ ही सभी पदाधिकारियों ने रीको प्रबंधक निदेशक इन्द्रजीत सिंह से मिलकर उदयपुर मार्बल मंडी के रीको क्षेत्र में आ रही समस्या के विषय में चर्चा की एवं औद्योगिक क्षेत्र विस्तार में आ रही रुकावट का तुरंत सक्रियता से समाधान करने का निवेदन किया जिस पर प्रबंधक निदेशक ने समाधान करने हेतु आश्वशत किया। उदयपुर मार्बल औद्योगिक क्षेत्र के सडकों, लाइट, नालों एवं अन्य प्रकार की समस्या के समाधान हेतु भी निवेदन किया,साथ ही सभी पदाधिकारी रिको के उच्च अधिकारियों से मिलकर भी सभी तरह की समस्याओं पर बिंदुवार चर्चा की। सचिव नीरज शर्मा ने बताया कि सभी पदाधिकारियों ने मिलकर माननीय उद्योग मंत्री एवं रीको डॉ . इन्द्रजीत सिंह का पगड़ी व उपरना पहनाकर स्वागत किया।

## सम्पादकीय

# तेजी से बढ़ रही है भारत की अर्थव्यवस्था

अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष और डेलॉइट जैसे शीर्ष वैश्विक वित्तीय संस्थानों ने भारत की विकास दर के अनुमानों की सराहना की। शीर्ष अर्थशास्त्रियों ने इस पर खुशी जताते हुए कहा है कि देश की जीडीपी वृद्धि में ग्रामीण खपत को मुख्य कारक के रूप में देखा जाना चाहिए। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने चालू वित्त वर्ष में भारत की विकास दर का अनुमान 7 प्रतिशत पर बरकरार रखा है। डेलॉइट के अनुसार, वित्त वर्ष 2024-2025 में भारत की वार्षिक जीडीपी वृद्धि दर 7 से 7.2 प्रतिशत के बीच रहने का अनुमान है, जो भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के अनुमान के अनुरूप है। भारत में ग्रामीण परिवारों की औसत मासिक आय में पिछले पांच वर्षों में लगभग 58 फीसदी की वृद्धि हुई है, जो कि ग्रामीण क्षेत्रों में त्यौहारी सीजन की बिक्री के आंकड़ों से साफ हुआ है। ग्रामीण भारत विकास की कहानी लिख रहा है। इस बार मानसून अच्छा रहने से बंपर फसल हुई है और भारतीय किसानों ने तकनीक और अपने ज्ञान के दम पर अन्न भंडारों को भर दिया है। सरकार के सामने यह चुनौती है कि पहले से भरे भंडारों को कैसे खाली करें और चावल के भंडारण की व्यवस्था कैसे हो। मिडिल ईस्ट में युद्ध की स्थिति और यूक्रेन-रूस युद्ध ने भारत के चावल निर्यात को प्रभावित किया है और सरकार ने इसे हल करने के लिए रणनीतिक वार्ता शुरू की है। मौसम और अन्य चुनौतियां भी परेशानियां खड़ी कर रही हैं। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष द्वारा जारी विश्व आर्थिक परिदृश्य के अनुसार वैश्विक आर्थिक संभावनाएं स्थिर हैं। आईएमएफ ने 2024 के लिए अपने वृद्धि संबंधी अनुमान को 3.2 फीसदी पर स्थिर रखा है। जुलाई अपडेट की तुलना में उसने 2025 के लिए अपने पूर्वानुमान को 10 आधार अंक कम करके 3.2 फीसदी किया है।

2024 और 2025 के लिए अमेरिका के वृद्धि अनुमानों में सुधार किया गया है जबकि यूरो क्षेत्र के अनुमान में कटौती की गई है। भारत का परिदृश्य जुलाई की तुलना में अपरिवर्तित है। आईएमएफ का अनुमान है कि चालू वर्ष और अगले वर्ष भारत क्रमशः 7 फीसदी और 6.5 फीसदी की दर से वृद्धि करेगा। चीन के वृद्धि अनुमान में 2024 के लिए 20 आधार अंक की कटौती की गई है। मानक अनुमान के अलावा विश्व आर्थिक परिदृश्य नीतिगत धुरी और खतरों के बारे में बात करता है जिनकी चर्चा करना उपयोगी है। फिलहाल तो शायद सबसे बड़ा जोखिम है पश्चिम एशिया में बढ़ता तनाव जो आपूर्ति श्रृंखलाओं को बाधित कर सकता है और जिंस कीमतों में इजाफे की वजह बन सकता है। भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बना हुआ है और देश की वृहद आर्थिक बुनियाद अच्छी है। आईएमएफ में एशिया प्रशांत विभाग के निदेशक कृष्णा श्रीनिवासन ने कहा, "भारत, दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बना हुआ है। हम वित्त वर्ष 2024-25 में सात प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान लगाते हैं, जिसे ग्रामीण खपत में सुधार से समर्थन मिलेगा क्योंकि फसलें अनुकूल रही हैं। खाद्य कीमतों के सामान्य होने से कुछ उतार-चढ़ाव के बावजूद वित्त वर्ष 2024-25 में मुद्रास्फीति घटकर 4.4 प्रतिशत रहने की उम्मीद है।"

# 190 देशों के ऋणदाता संगठन अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष का वार्षिक विश्व आर्थिक परिदृश्य अनुमान 2024 जारी

**अगर हम 190 देश के ऋणदाता संगठन आईएमएफ द्वारा 23 अक्टूबर 2024 को जारी विश्व आर्थिक परिदृश्य अनुमान 2024 कों समझने करें तो आईएमएफ ने भारत की अर्थव्यवस्था को लेकर बड़ा बयान दिया है,कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भारतीय अर्थव्यवस्था की विकास दर 7 फीसदी रहने की संभावना है। आईएमएफ ने आगे कहा कि जहां भारत की जीडीपी वृद्धि दर 2023 में 8.2 प्रतिशत से घटकर 2024 में 7 प्रतिशत पर आ गई थी वहीं, अगले वित्त वर्ष 2025-26 के लिए यह 6.5 फीसदी निर्धारित की गई है।वैश्विक अर्थव्यवस्था के बारे में आईएमएफ ने कहा कि मुद्रास्फीति के खिलाफ़ लड़ाई काफी हद तक जीत ली गई है, हालांकि कुछ देशों में अभी भी दबाव बना हुआ है।**

कर विशेषज्ञ स्तंभकार एडवोकेट
किशन सनमुखदास भावनानीं,गोंदिया महाराष्ट्र




वैश्विक स्तरपर कोविड महामारी की भारी विपत्ति से पूरे विश्व की अर्थव्यवस्थाओं पर भारी असर पड़ा है,जिससे उबरने से बहुत समय लग सकता है, परंतु यह एक सुखद परिणाम दिख रहा है कि कोविड के समय से ब्लॉकेज हुई डिमांड खत्म हो गई है, यह हम इसलिए कह रहे हैं क्योंकि दुनियाँ के करीब करीब सभी देशों की अर्थव्यवस्था अपनी क्षमता से फिर जुड़ रही है। भारत की जीडीपी ग्रोथ 2025-26 में 6.5 प्रतिशत तो वहीं विकास दर 24-25 में 7 प्रतिशत रहने का अनुमान व्यक्त की गई है। यह रिपोर्ट दिनांक 23 अक्टूबर 2024 को अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने विश्व आर्थिक परिदृश्यअनुमान 2024 वाशिंगटन अमेरिका से जारी किया है। विशेषज्ञों ने रिपोर्ट के हवाले से बताया है कि,भारत दुनियाँ की अर्थव्यवस्थाओं में सबसे अधिक तेज़ी से बढ़ रही है क्योंकि अनेक देशों सहित भारत की अर्थव्यवस्था पर आईएमएफ का बड़ा बयान आया है।इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,190 देशों के ऋणदाता संगठन अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष का वार्षिक विश्व आर्थिक परिदृश्य अनुमान 2024 वाशिंगटन अमेरिका में जारी किया गया है।

रिपोर्ट में आगे कहा गया कि 2022 की तीसरी तिमाही में सालाना आधार पर 9.4 प्रतिशत के उच्चतम स्तर पर पहुंचने के बाद, अब 2025 के अंत तक मुद्रास्फीति दर 3.5 प्रतिशत तक पहुंचने का अनुमान है, जो 2000 और 2019 के बीच 3.6 प्रतिशत के औसत स्तर से नीचे है।यहां जारी वार्षिक विश्व आर्थिक परिदृश्य में अनुमान लगाया गया है कि 2024-2025 में वैश्विक आर्थिक वृद्धि दर 3.2 प्रतिशत पर स्थिर रहेगी, हालांकि कुछ देशों, विशेष रूप से निम्न आय वाले विकासशील देशों में वृद्धि दर में काफी कमी देखी गई है। आईएमएफ ने विश्व आर्थिक परिदृश्य में कहा कि भारत में जीडीपी वृद्धि दर, महामारी के दौरान जो दबी हुई मांग थी वह अब खत्म हो रही है और अर्थव्यवस्था अपने क्षमता के मुताबिक अब ग्रोथ दिखा रही है। साथियों बात अगर हम आईएमएफ की विश्व आर्थिक परिदृश्य अनुमान रिपोर्ट 2024 में भारत अमेरिका सहित अन्य देशों की बात की करें तो, विकसित देशों की अर्थव्यवस्थाओं में संयुक्त राज्य अमेरिका में विकास दर मजबूत है, जो इस वर्ष 2.8 प्रतिशत है, लेकिन 2025 में यह अपनी क्षमता पर वापस आ जाएगी।यूरोपीय अर्थव्यवस्थाओं के लिए, अगले साल मामूली वृद्धि की उम्मीद है, उत्पादन क्षमता के करीब है,कहा कि उभरते बाजारों और विकासशीलअर्थव्यवस्थाओं में विकास का दृष्टिकोण बहुत स्थिर है, इस साल और अगले साल लगभग 4.2 प्रतिशत, उभरते एशिया से लगातार मजबूत प्रदर्शन जारी है।मुद्रास्फीति पर अच्छी खबरों के बावजूद, नकारात्मक जोखिम बढ़ रहे हैं और अब यह दृष्टिकोण पर हावी हो गया है। क्षेत्रीय संघर्षों में वृद्धि, विशेष रूप से मध्य पूर्व में, कमोडिटी बाज़ारों के लिए गंभीर जोखिम पैदा कर सकती है। आगे कहा कि अवांछनीय व्यापार और औद्योगिक नीतियों की ओर बदलाव हमारे आधारभूत पूर्वानुमान की तुलना में उत्पादन को काफी कम कर सकता है। मौद्रिक नीति लंबे समय तक बहुत सख्त रह सकती है, और वैश्विक वित्तीय स्थितियां अचानक सख्त हो सकती हैं। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष ने मंगलवार को इस साल अमेरिका के लिए अपने आर्थिक परिदृश्य को उन्नत किया, जबकि यूरोप और चीन में वृद्धि की अपनी उम्मीदों को कम किया। इसने 2024 के लिए वैश्विक वृद्धि के अपने पूर्वानुमान को अपेक्षाकृत मंद 3.2 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखाआईएमएफ को उम्मीद है कि दुनिया की सबसे बड़ी अमेरिकीअर्थव्यवस्था इस साल 2.8 प्रतिशत बढ़ेगी, जो 2023 में 2.9 प्रतिशत से थोड़ी कम है, लेकिन जुलाई में 2024 के लिए 2.6 प्रतिशत के पूर्वानुमान से बेहतर है। संयुक्त राज्य अमेरिका में विकास का नेतृत्व मजबूत उपभोक्ता खर्च द्वारा किया गया है, जो मुद्रास्फीति समायोजित मजदूरी में स्वस्थ लाभ से प्रेरित है। दुनियाँ भर में मुद्रास्फीति 2023 में 6.7 प्रतिशत से घटकर इस साल 5.8 प्रतिशत और 2025 में 4.3 प्रतिशत रह गई है। दुनियाँ के धनी देशों में यह और भी तेज़ी से गिर रही है, पिछले साल 4.6 प्रतिशत से घटकर इस साल 2.6 प्रतिशत रहने का अनुमान है और 2025 में अधिकांश प्रमुख केंद्रीय बैंकोंके लिए 2 प्रतिशत लक्ष्य सीमा है। मुद्रास्फीति के खिलाफ प्रगति ने फेड और यूरोपीय सेंट्रल बैंक को अंततः दरों को कम करने की अनुमति दी है, जबकि उन्होंने कोविड -19 के बाद मुद्रास्फीति में उछाल का मुकाबला करने के लिए उन्हें आक्रामक रूप से बढ़ाया था। साथियों बातअगर हम आईएमएफ की चिंताओं की करें तो,आईएमएफ ने यह भी चिंता व्यक्त की है कि भू-राजनीतिक तनाव, जिसमें संयुक्त राज्य अमेरिका और चीन के बीच दुश्मनी भी शामिल है, विश्व व्यापार को कम कुशल बना सकता है। चिंता यह है कि अधिक देश सबसे कम कीमत वाले या सबसे अच्छे बने विदेशी सामान की तलाश करने के बजाय अपने सहयोगियों के साथ व्यापार करना पसंद करेंगे। फिर भी, मात्रा के हिसाब से मापा जाने वाला वैश्विक व्यापार इस साल 3.1 प्रतिशत और 2025 में 3.4 प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद है, जो 2023 की 0.8 प्रतिशत की मामूली वृद्धि से बेहतर है। आईएमएफ का अनुमान है कि जापान की अर्थव्यवस्था, जो ऑटो उद्योग में उत्पादन संबंधी समस्याओं और पर्यटन में मंदी से प्रभावित है, इस वर्ष मात्र 0.3 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी, तथा 2025 में 1.1 प्रतिशत की वृद्धि तक पहुंच जाएगी।यूनाइटेड किंगडम में इस वर्ष 1.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज होने का अनुमान है, जो 2023 में 0.3 प्रतिशत की निराशाजनक वृद्धि से अधिक है, तथा ब्याज दरों में गिरावट से उपभोक्ता खर्च को बढ़ावा मिलने में मदद मिलेगी। आईएमएफ ने अमेरिकी आर्थिक परिदृश्य को उन्नत किया, यूरोप और चीन से उम्मीदें घटाईं।दुनियाँ का दिग्गज संस्थान अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने मंगलवार को भारत की जीडीपी ग्रोथ रेट को लेकर नया अनुमान लगाया है। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष ने इसकी वजह बताते हुए कहा कि ऐसा इसलिए होगा, क्योंकि कोविड के दौरान जमा हुई डिमांड खत्म हो गई है, क्योंकि अर्थव्यवस्था अपनी क्षमता से फिर से जुड़ रही है। पीटीआई की खबर के मुताबिक, दुनिया की इकोनॉमी के बारे में, आईएमएफ ने कहा कि मुद्रास्फीति के खिलाफ लड़ाई काफी हद तक जीत ली गई है, भले ही कुछ देशों में मूल्य दबाव बना हुआ है। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि 190 देशों के ऋणदाता संगठन अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष का वार्षिक विश्व आर्थिक परिदृश्य अनुमान 2024 ज़ारी,भारत की अर्थव्यवस्था पर आईएमएफ का बड़ा बयान- 2024-25 में विकास दर 7 प्रतिशत व 2025-26 में जीडीपी 6.5 प्रतिशत रहने की संभावना है।भू-राजनीतिक तनाव से विश्व व्यापार कम कुछल बननें की संभावना है-सभी देश कम कीमत व क्वालिटी के स्थान पर अब सहयोगियों से ही व्यापार कर सकते हैं।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, आपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताप और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
आर्थिक मामलों पर अधिक ध्यान देंगे। आपको सभी कामों में सफलता मिलेगी। भाग्यवृद्धि के योग हैं। भाई-बंधुओं का सहयोग मिलेगा। प्रिय व्यक्ति का साथ और सार्वजनिक सम्मान मिलेगा। विरोधियों को परास्त कर सकेंगे।

**वृष**
विदेश में बसने वाले निकटस्थ संबंधियों के समाचार मिलेंगे। आज आपको वाणी और क्रोध पर नियंत्रण रखना होगा अन्यथा अनर्थ हो सकता है। सर्दी और कफ के कारण आपका स्वास्थ्य खराब होगा। संतान के शुभ समाचार मिलेंगे।

**मिथुन**
नियम विरोधी काम तथा अनैतिक काम से आपके सम्मान को ठेस पहुंच सकती है, इसका ध्यान रखें। विचार, व्यवहार में भावुकता रहेगी। फिर भी आप परिजनों और मित्रों के साथ खुशी से अपना दिन व्यतीत करेंगे।

**कर्क**
दांपत्यजीवन में घनिष्ठता अनुभव करेंगे। आप अत्यधिक चिंता और भावनाओं के कारण शारीरिक और मानसिक रूप से व्यग्र और अस्वस्थता अनुभव करेंगे। गलत दलीलबाजी और वाद-विवाद और संघर्ष खड़ा हो सकता है। धन खर्च में वृद्धि होगी।

**सिंह**
थोड़ा विलंब या अवरोध के बाद निर्धारित रूप से काम पूरा कर सकेंगे। आर्थिक आयोजन सफल कर सकेंगे। स्वादिष्ट भोजन प्राप्त होगा। विद्यार्थियों के अध्ययन के लिए मध्यम दिन है। स्नेहीजनों और मित्रों के साथ की मुलाकात होगी।

**कन्या**
आज सभी विषय के नकारात्मक पहलुओं का अनुभव होगा। थकान और आलस के कारण स्फूर्ति का अभाव रहेगा। नौकरी-व्यवसाय में अवरोध खड़े होंगे। उच्च पदाधिकारियों के साथ वाद-विवाद में न पड़ें। मन में गहरी चिंताएं सताया करेंगी। तन-मन में ताजगी और प्रसन्नता रहेगी।

**तुला**
विद्यार्थियों के लिए समय मध्यम कहा जा सकता है। आपका स्वाभिमान भंग होगा। ऑफिस या व्यवसाय में विरोधियों से सावधान रहें। आप तन और मन से स्वस्थ और प्रफुल्लित रहेंगे। परिजनों के साथ घर के संबंध में चर्चा करेंगे।

**वृश्चिक**
आज भावनाओं के प्रवाह में सराबोर रहेंगे। परिजन, मित्र तथा सगे-संबंधी उसमें सहभागी बनेंगे। भेंट-सौगात की प्राप्ति होगी। स्वादिष्ट भोजन करने और बाहर घूमने जाने का आयोजन होगा। मांगलिक अवसरों पर जाना हो सकता है।

**धनु**
परिवार में आनंद और उत्साह का वातावरण रहेगा। ऑफिस और नौकरी में आय वृद्धि, पदोन्नति के लिए योग बनेंगे। गृह सजावट का काम हाथ में लेंगे। ऑफिस में उच्च पदाधिकारियों द्वारा काम की सराहना होगी।

**मकर**
आज आप बहुत भावनाशील रहेंगे, इसलिए किसी के ज्यादा बोलने से आपकी भावनाओं को ठेस पहुंचेगी। मां के स्वास्थ्य की चिंता हो सकती है। स्थायी संपत्ति के मामले में निर्णय लेना उचित नहीं है।

**कुंभ**
नौकरी पेशावालों को लाभ का अवसर मिलेगा। वैवाहिक जीवन में सुख-संतोष की अनुभूति होगी। पत्नी, पुत्र और बुजुर्गों की ओर से लाभ होगा। मित्रों के साथ रमणीय पर्यटन होगा। मित्र विशेष लाभकारी साबित होंगे।

**मीन**
कोर्ट-कचहरी के मामले में सावधानी रखें। वाणी और व्यवहार में संयम रखना आवश्यक है। आय की अपेक्षा खर्च अधिक होगा। गलतफहमी पैदा न हो इसका ध्यान रखें। व्यापार-धंधे में विकास के साथ-साथ आय भी बढ़ेगी। व्यवसाय में वृद्धि होगी।

## शख्सियत

बढ़ता राजस्थान

**'थक गए पैर लेकिन हिम्मत नहीं हारी है-जज्बा है कुछ कर दिखाने का इसलिए सफर अभी जारी है'**

नमस्कार साथियों हमारे आज शख्सियत कॉलम की स्टार हैं अलवर की ऊर्जावान व शानदार जिला कलक्टर डॉ. अर्तिका शुक्ला। 5 सितंबर सन 1990 को उत्तर प्रदेश के बनारस में जन्मी डॉ. आर्तिका शुक्ला शुरू से ही होनहार बालिका रही। कलेक्टर बनने के पीछे उनके परिवार की एजुकेशन और शिक्षित पारिवारिक पृष्ठभूमि का बड़ा योगदान रहा है । क्योंकि इनके दोनों भाई भी सिविल सर्विस में हैं, पिता हैं डॉ.ब्रिजेश कुमार शुक्ला व उनके भाई गौरव शुक्ला एक आईएएस अधिकारी हैं और उत्कर्ष शुक्ला एक आईआरटीएस अधिकारी हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि इन्होंने बिना किसी कोचिंग के अपने पहले प्रयास में ही मुकाम हासिल कर समाज में एक संदेश दिया कि यदि हमारे भीतर लगन है कुछ कर गुजरने का जज्बा है तो मंजिल हमारे करीब ही है। सन 2018 में ये आईएएस ट्रेनिंग(प्रोबेशन) के दौरान सब डिविजनल ऑफीसर ऋषभदेव,उदयपुर रही उसके बाद सन 2019 में सरकार ने इन्हें सब डिविजनल ऑफीसर और सब डिविजनल मजिस्ट्रेट अजमेर लगाया। इसके बाद एडिशनल कमिश्नर कमर्शियल टैक्स डिपार्मेंट राजस्थान रही। सन 2021 में नगर विकास न्यास की सचिव रही। चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर जिला परिषद मांडा अलवर रही,ज्वाइंट सेक्रेट्री ऊर्जा विभाग राजस्थान जयपुर रही ,ऑफिसर ऑन स्पेशल ड्यूटी सरकार ने दूदू लगाया। फिर सरकार ने इन्हें डिस्ट्रिक कलेक्टर एण्ड डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट दूदू लगाया उसके बाद जिला कलेक्टर और जिला मजिस्ट्रेट खैरथल/तिजारा लगाया और उसके बाद सरकार ने इन्हें अलवर जिला कलेक्टर व जिला मजिस्ट्रेट के पद पर सुशोभित किया है। अलवर कलेक्टर बनने के बाद शहर के औचक निरीक्षण में इन्होंने पाया कि शहर वास्तव में साफ-सुथरा करना है तो उसके लिए सभी को आगे आना होगा और इस मुहिम में जुट गई आज हर तरफ डॉ.



डॉ.अर्तिका शुक्ला (आईएएस)
(जिला कलक्टर, अलवर)

आरती का शुक्ला कि स्वच्छता को लेकर चलाई गई इस मुहिम की लोग भूरी-भूरी प्रशंसा कर रहे हैं क्योंकि काम का नाम नहीं हो रहा बल्कि काम नजर आ रहा है।

सारे अधिकारी अब इस ओर ध्यान दे रहे हैं और सही पूछो तो लोग भी जागरूक हो रहे हैं। सही मायने में एक अच्छे जिला अधिकारी के रूप में ये जिले को अपनी सेवाएं दे रही है। दैनिक बढ़ता राजस्थान की टीम उनके उज्जवल भविष्य की कामना करती है।

**रूपक शर्मा**

# द्वन्द में दुनिया : दुनिया को समाधान युद्ध से नही बल्कि बुद्ध से मिलेगा

विवेक वैष्णव



आज दुनिया पर चहुं ओर दृष्टि डाले तो पूरी दुनिया किसी ना किसी द्वन्द में उलझी हुई है। दुनिया के किसी भी महाद्वीप पर नजर डाले, किसी भी क्षेत्र या देश की स्थिति का आंकलन करे तो वहां संघर्ष, युद्ध, तनाव, हिंसा आदि साफ साफ नजर आ रहे है। दो वर्ष से भी अधिक समय से रूस व यूक्रेन का युद्ध हो या फिर विगत एक वर्ष से चल रहा इस्त्राइल व हमास युद्ध या फिर लेबनान व सीरिया तनाव। अब इस्त्राइल व ईरान का टकराव पूरे विश्व का ध्यान खींच रहा है। रूस और यूक्रेन युद्ध में तो अब परमाणु हमले तक की आशंका नजर आने लगी है। आज विश्व की तमाम महाशक्तियां आए दिन किसी न किसी रूप में किसी ना किसी युद्ध में अपनी उपस्थिति दर्शा रही है। दुनिया संभावित तीसरे विश्व युद्ध के करीब पहुंच रही है। ब्रिटेन जैसा देश भी नई सरकार बनने के बाद एक अलग ही दौर देख रहा है। मध्य पूर्व में लेबनान तनाव का नया केन्द्र बन चुका है। चीन ताईवान पर हमले की तैयारी करके बैठा है। भारत व चीन के बीच सीमा विवाद भी एक तरह का तनाव ही है। दक्षिण एशिया विगत लंबे समय से अशांत बना हुआ है। यहां भले ही दो देशों के बीच में युद्ध ना चल रहा हो लेकिन स्थितियां युद्ध से कम की बयां नही हो रही है। पाकिस्तान, श्रीलंका, अफगानिस्तान, बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन की घटनाएं हो या फिर राष्ट्रध्यक्षों द्वारा जान बचाकर देश छोड़ने की घटनाएं। आतंरिक हिंसात्मक घटनाएं भी तो एक तरह से युद्ध के ही तो संकेत है। आज कई देश अत्याधुनिक हथियारों से लैस है। आज हाइड्रोजन बम तथा रासायनिक हथियार तक विकसित किये जा चुके है। दुनिया के सबसे बड़ी त्रासदी द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान 1945 में हिरोशिमा और नागासाकी में परमाणु हमला हुआ था। द्वितीय विश्व युद्ध में आज के हिसाब से करीब 1764 लाख करोड़ रूपयें का आर्थिक घाटा हुआ था। यदि तीसरा विश्व युद्ध हुआ तो इससे भी एक हजार गुना ज्यादा आर्थिक नुकसान होने की संभावनाओं से इंकार नही किया जा सकता है। द्वितीय विश्व युद्ध के आठ दशक के बाद भी विश्व ने परमाणु हमलों से कोई सबक नही है। यदि सबक लिया होता और विश्व की स्वयं भू महाशक्तियों ने युद्ध को रोकने और संघर्ष न होने देने को उद्देश्य बनाया होता तो आज संपूर्ण विश्व पुनः विश्व युद्ध के मुहाने पर आकर न खड़ा होता। फिलहाल तीसरे विश्व युद्ध की सिर्फ अटकले ही लगाई जा रही हैं। यदि तीसरा विश्व युद्ध हुआ तो वह युद्ध जल, थल व वायु के साथ ही साइबर स्तर पर भी लड़ा जायेगा। आम तौर पर युद्ध के बाद थक हार कर सभी पक्षों को संवाद और कूटनीति के मंच पर ही आना पड़ता है। दो देशों के बीच जंग से लेकर विश्व युद्ध तक के उदाहरणों ने यही साबित किया है। संयम और संवाद के बजाय अगर युद्ध का रास्ता चुना जाता है तो वह मुद्दा और भी ज्यादा जटिल हो जाता है। इतिहास गवाह है कि युद्ध से कुछ भी हासिल नही होता है। अमेरीकी राष्ट्रपति जो बाईडेन भी गुरूवार को जर्मनी यात्रा पर रवाना हो चुके है। बर्लिन में वे जर्मनी, फ्रांस और ब्रिटेन के नेताओं के साथ यूक्रेन मुद्दे पर चर्चा करेंगे। बाइडेन जर्मनी में तमाम सहयोगियों के साथ मध्य पूर्व की जंग को लेकर भी चर्चा करने वाले है क्योंकि युद्ध विराम के डिप्लोमेटिक प्रयास असफल हो चुके है। भारत ने वर्तमान में युद्ध में शामिल सभी पक्षों से संयम बरतन की अपील की है। हाल ही में भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नई दिल्ली से दुनिया को संदेश दिया है कि दुनिया को समाधान युद्ध से नही बल्कि बुद्ध से मिलेगा।

## विशेष आलेख

# रातों-रात अमीर बनने का चक्कर
# साइबर अपराध की दुनिया में फंस रही युवा पीढ़ी

किरोड़ी लाल मीना (वरिष्ठ सहायक, सहायक निदेशक, सूचना जनसंपर्क कार्यालय, सवाई माधोपुर)





वर्तमान समय में जिस प्रकार हम तेजी से डिजिटल दुनिया की ओर बढ़ रहे हैं एक ही जगह पर बैठकर इंटरनेट के जरिये लोगों की पहुंच विश्व के हर कोने तक आसान हुई है। जिस गति से तकनीक ने उन्नति की है एवं लोगों की इंटरनेट पर निर्भरता बढ़ी है, ठीक उसी प्रकार से साइबर अपराध संख्या में वृद्धि हुई है। साइबर अपराध किसी इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस (कंप्यूटर, लैपटॉप, मोबाईल आदि) का उपयोग किसी के डेटा को चुराने या कंप्यूटर का उपयोग करके उन्हें नुकसान पहुंचाने की कोशिश करने के साथ साइबर अपराध की कोई भौतिक सीमा नहीं है। यह एक अवैध गतिविधि है जिसमें चोरी से लेकर आपके सिस्टम या आईपी पते का उपयोग अपराध करने के लिए एक उपकरण के रूप में करने तक की कई समस्याएं शामिल हैं।

**साइबर अपराध के प्रकार :-** वर्तमान समय को देखते हुए साइबर अपराध कई प्रकारों में वर्गीकृत किया जा सकता है। वित्तीय, गोपनीयता, हैकिंग और साइबर आतंकवाद। वित्तीय अपराध में वे उपयोगकर्ता या खाताधारकों के पैसे चुराते हैं। इसी तरह, वे कंपनियों का डेटा भी चुराते हैं जो वित्तीय अपराधों को जन्म दे सकता है। साथ ही उनके कारण लेन-देन में भारी जोखिम उठानी पड़ती है। हर साल हैकर्स व्यापारियों और सरकार के लाखों-करोड़ों रुपये चुरा लेते हैं। गोपनीयता अपराध में आपका निजी डेटा चुराना शामिल है जिसे आप दुनिया के साथ साझा नहीं करना चाहते हैं। इसके अलावा, इसके कारण लोगों को बहुत नुकसान उठाना पड़ता है और कुछ लोग अपने डेटा के दुरुपयोग के कारण आत्महत्या भी कर लेते हैं। हैकिंग में जानबूझकर किसी वेबसाइट को नुकसान पहुँचाने या उसके मालिक को नुकसान पहुँचाने के लिए उसे ख़राब करते हैं। इसके अलावा, वे मौजूदा वेबसाइट को नष्ट कर देते हैं या उसमें बदलाव करके उसकी कीमत कम कर देते हैं।

**देश व प्रदेश में साइबर अपराध :-** वर्तमान समय में साइबर अपराध देश व पूरी दुनियां के लिए एक बड़ा गंभीर खतरा बनकर सामने आया है अपराधियों द्वारा हर रोज ठगने के लिए तैयार की जा रही नई-नई तकनीक लोगों के लिए परेशान का सबब बनती जा रही है। साइबर जबरन वसूली, पहचान की चोरी, क्रेडिट कार्ड धोखाधड़ी, डिजिटल अरेस्ट, डेटिंग एप्स, ऑनलाईन ठगी, ब्लैमेलिंग, की घटना सहित बड़े पैमाने पर सोशल नेटवर्किंग साइट्स पर लोग अपनी व्यक्तिगत जानकारियाँ साझा करते हैं, जिससे हैकर्स इन सोशल नेटवर्किंग एकाउंट्स को आसानी से हैक कर लेते हैं और फिर प्राप्त सूचना का दुरुपयोग करते हैं। लोगों को सोशल नेटवर्किंग साइट्स पर हैकर्स ऑनलाइन ठगी का शिकार बना रहे हैं कई बार अपराधियों के ब्लैमेलिंग की वजह से लोग आत्महत्या तक कर लेते है। वर्तमान समय में ऑनाईलन सट्टा एवं गेंमिग एप्स के माध्यम से लोगों की गाड़ी कमाई को इन साइबर अपराधियों द्वारा लूटी जा रही है। साइबर अपराधी विभिन्न ऑनलाइन गेम्स के माध्यम से भी बच्चों को अपराध करने के लिये प्रोत्साहित करते हैं।

**सवाई माधोपुर जिले में पैर पसार रहा है साइबर अपराध/गांव-गांव तक फैल रहा है टिंपिग और डबलिंग का ये अपराधः-**

इन दिनों सवाई मधोपुर जिले में साइबर ठगों का गिरोह सक्रिय होता जा रहा है लोगों को पैसे डबल करने और कई प्रकार के लालच देकर ऑनलाईन टेलीग्राम चैनलों एवं अन्य कई प्रकार से लोगों शिकार बना रहे है। ये गिरोह शहरी क्षेत्र से लेकर गांवो तक फैल गया है। कई स्थानीय लोक कलाकारों द्वारा साइबर अपराधियों (टिप्पर,स्थानीय भाषा) पक्ष में गाने गाकर इनको एक तरह से बढ़वा दिया जा रहा है जो आने वाले समय में सामप्रदायिकता के लिए खतरा साबित हो सकता है। विगत समय में सवाई माधोपुर पुलिस ने ऑपरेशन 'एन्टी वायरस' अभियान के तहत 55 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया जिनसे सैकड़ों की संख्या में फर्जी सिम कार्ड, मोबाईल फोन व चौपहिया वाहन, दुपहिया वाहन सहित एटीएम कार्ड एवं बैंक की पास बुक जब्त की गई है। भारत इंटरनेट का तीसरा सबसे बड़ा उपयोगकर्ता है। साइबर अपराध को फैलने से रोकने और लोगों के हितों की रक्षा के लिए सरकार ने साइबर अपराध से जुड़े कई कानून समय-समय पर बनाए गए हैं वहीं साइबर सुरक्षा उपलब्ध कराने के लिए भी सरकार की ओर से कई कदम उठाए गए है। साइबर अपराध कोई ऐसी चीज़ नहीं है जिससे लोग खुद नहीं निपट सकते। लोग अपने विवेक और सरकार व साइबर से जुड़े विभागों द्वारा समय-समय पर जारी की जाने वाली एडवायजरी का उपयोग तर्क के साथ इस्तेमाल करके साइबर अपराधों को होने से रोक सकते हैं। अपनी शिकायत समय पर नजदीकी साइबर थाने में जाकर देने से साइबर अपराध से संबंधि घटनाओं से बचा जा सकता है। साइबर अपराध न केवल कानून का बल्कि मानवाधिकारों का भी उल्लंघन है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 "प्रतीक्षा" सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक फोन नं.01432-244881 निवाई 01438-222201,202,203 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.9414823448 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार

### टोंक विधानसभा उपचुनाव की तैयारियों की समीक्षा

# आदर्श आचार संहिता की सख्ती से पालना कराएं, मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए माइक्रों प्लानिंग बनाकर कार्य करें : मुख्य निर्वाचन अधिकारी

बढ़ता राजस्थान



**टोंक, (का.स.)।** राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री नवीन महाजन ने कहा कि विधानसभा उपचुनाव में आदर्श आचार संहिता की सख्ती से पालना कराएं। स्वीप गतिविधियों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए वोटर अवेयरनेस गतिविधियों में कम्यूनिटी की सहभागिता बढ़ाने के लिए माइक्रो प्लानिंग बनाकर कार्य करें। उन्होंने शुक्रवार को जिला परिषद सभागार टोंक में देवली-उनियारा विधानसभा उपचुनाव की तैयारियों की समीक्षा बैठक में चुनाव निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त संपन्न कराने के अधिकारियों को निर्देश दिए। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने उपचुनाव के लिए की गई तैयारियों की समीक्षा करते हुए जिले की अन्य जिलों से लगती हुई सीमाओं पर बनाए गए नाकों, एफएसटी, एसएसटी, मतदान केंद्रों पर आधारभूत सुविधाएं, होम वोटिंग, वेब कास्टिंग, सी-विजिल एप, मतदाता अवेयरनेस गतिविधियां, एनफोर्समेंट एजेंसियां, ईवीएम प्रोटोकॉल, वोटर स्लिप का शत-प्रतिशत वितरण, 12 वैकल्पिक दस्तावेजों की आईईसी को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सौम्या झा एवं पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने पीपीटी के माध्यम से उपचुनाव के लिए की गई व्यवस्थाओं एवं तैयारियों का प्रेजेंटेशन दिया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने मतदान केंद्रों पर आधारभूत सुविधाओं व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए मतदाताओं को मतदान केंद्रों पर किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं हो इसकी सुनिर्श्चिता करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि मतदान दिवस पर विद्युत व्यवस्था निर्बाध रहे, ताकि पोलिंग टीम को मतदान केंद्र पर असुविधा का सामना नहीं करना पड़े। उन्होंने मतदान केंद्रों पर 200 मीटर परिधि का डिमार्केशन मतदान दिवस से एक दिन पहले कराने के निर्देश दिए। महाजन ने पुलिस एवं आबकारी विभाग के अधिकारियों को नगदी, हथियार, अवैध शराब व चुनाव में वितरित की जा सकने वाली वस्तुओं आदि पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि त्यौहारों एवं शादियों के सीजन को देखते हुए जब्ती कार्यवाही के दौरान नागरिकों से विन्रम एवं शालीन व्यवहार किया जाएं, ताकि आम नागरिकों को अनावश्यक परेशान नहीं होना पड़े। उन्होंने निर्देश दिए कि विधानसभा क्षेत्र के चिह्नित मतदान केंद्रों पर वेब कास्टिंग के लिए सभी प्रकार की तैयारियां सुनिश्चित करें। चुनाव के लिए लगाए गए कार्मिकों को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण प्रदान करें। चुनाव संबंधी शिकायतों का त्वरित एवं प्रभावी समाधान हो। ईवीएम के संग्रहण एवं परिवहन का कार्य पूरी सुरक्षा व्यवस्था के साथ किया जाएं। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने स्वीप गतिविधियों पर जोर देते हुए कहा कि मतदान प्रतिशत बढ़ाने के विशेष प्रयास किये जाएं। जिन बूथों पर पिछले चुनावों में मतदान प्रतिशत में कम हुआ है, वहां बेहतर स्वीप गतिविधियां आयोजित कर अधिकारियों और कार्मिकों की जिम्मेदारी तय करें। मॉडल पोलिंग स्टेशन का सोशल मीडिया के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि मतदाता पहचान पत्र के अलावा मतदान के लिए भारत निर्वाचन आयोग की ओर से अनुमत 12 प्रकार के वैकल्पिक पहचान दस्तावेजों का भी प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करें। महाजन ने कहा कि प्रशासन एवं पुलिस अपने सूचना तंत्र को एक्टिव रखें।

किसी भी प्रकार की अफवाह, भ्रामक खबरों को फैलाने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्यवाही अमल में लाई जाएं। इस दौरान सामान्य पर्यवेक्षक आशीष ठाकरे, व्यय पर्यवेक्षक रूचिता सत्यवादी, पुलिस महानिरीक्षक कानून व्यवस्था (एसपीएनओ) अनिल कुमार टांक, विशेषाधिकारी मुख्य निर्वाचन अधिकारी सुरेश चंद, उप मुख्य निर्वाचन अधिकारी चुनाव व्यय आलोक जैन, उप जिला निर्वाचन अधिकारी रामरतन सौकरिया, सीईओ परशुराम धानका समेत पुलिस एवं प्रशासन के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### फिट इण्डिया फ्रीडम रन 5.0 अभियान

# अधिकारियों, नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों ने लगाई दौड़




## प्रत्येक व्यक्ति स्वस्थ जीवन शैली अपनाएं- सुदामा

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** भारत के पूर्व उप प्रधानमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर फिट इण्डिया फ्रीडम रन 5.0 अभियान के अन्तर्गत स्वच्छता एवं स्वास्थ्य थीम पर एकता दौड़ को जिला प्रमुख सुदामा मीणा एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर जगदीश आर्य ने इन्दिरा मैदान बजरिया सवाई माधोपुर से हरी झण्ड़ी दिखाकर रवाना किया। एकता दौड़ इंदिरा मैदान से प्रारंभ होकर, कलेक्ट्रेट के सामने से पुलिस लाइन से पुरानी ट्रक यूनियन होते हुए पोस्ट ऑफिस के सामने से पुनः इंदिरा मैदान में आकर सम्पन्न हुई। जिला प्रमुख ने कहा कि इसका मुख्य उद्देश्य लोगों को शारीरिक श्रम जैसे वॉकिंग, दौड़, खेलकूद को उनके दैनिक जीवन का अंग बनाने के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति सक्रिय और स्वास्थ्य जीवन शैली अपनाएं। फिटनेस और स्वास्थ्य के लिए हर दिन 30 मिनट का समय अवश्य निकाले। साथ ही अपने परिवार के सदस्यों और पडोसियों को फिट और स्वस्थ रहने के लिए प्रेरित करें। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर ने सभी संभागियों को देश की एकता एवं फिट इंडिया फ्रीडम पर आधारित प्रतिज्ञा भी कराई गई। एकता दौड़ में मुख्य कार्यकारी अधिकारी हरिराम मीणा, जिला शिक्षा अधिकारी दिनेश गुप्ता, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी शैलेन्द्र सिंह, उप निदेशक सूचना एवं जनसम्पर्क हेमन्त सिंह, एसीबीईओ नीरज भास्कर, स्काउट सचिव महेश सेजवाल, चन्द्रशेखर जैमिनी, शारीरिक शिक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, स्काउट गाइड, विद्यार्थी, स्थानीय नागरिक, जनप्रतिनिधि, प्रबुद्धजन आदि ने भाग लिया।

# सोने व चांदी के आभूषण चोरी

बढ़ता राजस्थान



**निवाई (का.स.)।** शहर के कायस्थ मोहल्ला में स्थित श्री राधा गोपीनाथ जी के मंदिर से गुरूवार की रात चोर सोने व चांदी के आभूषण चुराकर ले गए। चोरी होने की सूचना पर मंदिर परिसर में भक्तों की भीड़ जमा हो गई। चोरी की सूचना पर थानाधिकारी मय जाप्ते के मौके पर पहुंचे और मंदिर परिसर व आस पास के क्षेत्र का मौका मुआयना किया। इसके बाद पुलिस ने एफएसएल व एमओबी टीम को बुलाकर नमूने लिए। थानाधिकारी हरिराम वर्मा ने बताया कि मंदिर के पुजारी इन्दु शेखर पारीक ने मामला दर्ज करवाया है कि गुरूवार की देर रात लगभग 2 से साढे 3 बजे अज्ञात चोर मंदिर के चैनल गेट व गर्भगृह के दरवाजे का ताला तोडकर अन्दर घुस गए और भगवान का सोने का 5 तोले का लॉकिट, सोने का पेण्डल की तीन मालाएं, चन्द्रकला की 2 जोडी, सोने की तुलसी की माला, श्रृंगी सहेली 50 ग्राम, चांदी की चरण चौकी, बंशी चटीया चांदी के तीन नग, एक चांदी का छत्र, चांदी का गणेशजी का सिंहासन, एक जोडी चांदी की चरण चौकी, तीन नग चांदी की किरण, चांदी की कलंगी दो नग, चांदी के कुंडल सात नग, एक चांदी का शंख स्टेण्ड, दो जोडी चांदी के ठुकरानीजी के मुकुट, तीन नग ठाकुरजी के मुकुट, एक चांदी की माला, लड्डु गोपालजी की 6 मूर्तियां, राधकृष्ण व दुर्गाजी की पीतल की मूर्ति, प्राचीन लड्डु गोपाल जी मूर्ति सहित अन्य सामान चुराकर ले गए। उन्होंने बताया कि चोरी किए गए आभुषणों की लागत करीब 19 लाख 20 हजार रूपए बताया है। पुलिस ने मामला दर्ज करके चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

## अवैध टोपीदार बंदूक के साथ एक गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान



**मालपुरा ( नि.स. )।** मालपुरा पुलिस वृत के डिग्गी थाना पुलिस ने अवैध टोपीदार बंदूक के साथ एक जने को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी ओमप्रकाश ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशानुसार व एएसपी मोटाराम बेनीवाल व वृताधिकारी आशीष प्रजापत के सुपरवीजन में उनके नेतृत्व में गठित दल में शामिल हेड कांस्टेबल सुरेश कुमार, कांस्टेबल राधामोहन, रणजीत, कजोड़मल ने कार्रवाई की। इस कार्रवाई में एलएनटी रोड चांदसेन से आरोपी रामफूल पुत्र रामनारायण मोग्या उम्र 21 पर्ष्र निवासी कलमण्डा थाना डिग्गी के कब्जे से बिना लाईसेंस की एक अवैध टोपीदार बंदूक को जब्त आरोपी रामफूल को आर्म्स एक्ट में प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तार किया है।

## हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास व अर्थ दण्ड की सजा सुनाई

बढ़ता राजस्थान

मालपुरा (नि .स .)। अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश मालपुरा ने हत्या के प्रकरण में एक आरोपी को आजीवन कारावास व 10 हजार रूपये की जुर्माना राशि से दण्डित किया है। अपर लोक अभियोजक एडवोकेट गोविन्द चौधरी ने बताया कि जनवरी 2022 में पचेवर थाना क्षेत्र के खेड़ा कुम्भोलाव गांव में हनुमान मीण की हत्या हुई थी। हत्या के मामले को लेकर पचेवर थाने में मामला दर्ज करवाया गया था। पुलिस ने इस मामले में आरोपी मदन बावरिया पुत्र लालाराम बावरिया निवासी बिजोलाव थाना नरेना को गिरफ्तार कर चालान प्रस्तुत किया गया था। शुक्रवार को मामले की सुनवाई के बाद माननीय न्यायाधीश की ओर से दिए गए फैसले में आरोपी मदन बावरिया पुत्र लालाराम बावरिया निवासी बिजोलाव थाना नरेना को भारतीय दण्ड अधिनियम की धारा 302 एवं 3/23 आमर्स एक्ट का आरोपी मानते हुए आजीवन कारावास एवं 10 हजार रूपये के अर्थ दण्ड की सजा सुनाई है।

### राजस्व अधिकारियों की बैठक

# सीमा ज्ञान अनावश्यक झगड़ों का कारण नहीं बने : शुभम चौधरी

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** राजस्व अधिकारियों की बैठक जिला कलक्टर शुभम चौधरी की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। बैठक में जिला कलक्टर ने राजस्व प्रकरणों, उपखंड स्तर पर लंबित सार्वजनिक प्रयोजनार्थ भूमि आवंटन प्रकरणों, आम रास्तो, सीमाज्ञान, भूमि रूपांतरण के प्रकारणों की समीक्षा करते हुए उपखंड अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में जिला कलक्टर ने सभी उपखंड अधिकारी एवं तहसीलदारों से वन-टू-वन संवाद कर राजस्व मामलों की प्रगति रिपोर्ट ली। उन्होंने कहा कि सभी राजस्व अधिकारी पूर्ण मेहनत व लगन से अपने पदीय दायित्वों का निवर्हन करें। जिससे राज्य सरकार की मंशानुरूप परिवादियों को त्वरित न्याय मिल सके। जिला कलक्टर ने राजस्व न्यायालयों में पेंडेंसी कम करने के निर्देश दिए। उन्होंने कोर्ट प्रकरणों में 5 वर्ष से अधिक पुराने मामलों पर विशेष निगरानी रखते हुए आवश्यक कार्रवाई समय पर करने के निर्देश दिए। उन्होंने एलआर एक्ट के तहत विचाराधीन मामलों के निस्तारण में प्रगति लाने, भू-रूपांतरण एवं गैर खातेदारी मामलों का जल्द निस्तारण करने, राको रोड़ा के मामलों में प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सीमाज्ञान, भू रूपांतरण सहित ऑनलाइन सेवाओं का समयबद्ध निस्तारण किया जाए। भूमि रूपांतरण को लेकर जिला कलक्टर ने सभी उपखण्ड अधिकारियों को मौका देखकर प्रस्ताव तैयार करते हुए नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों की उपस्थिति में सीमाज्ञान से संबंधित प्रकरणों का निस्तारण निर्धारित समयावधि में किया जाए ताकि सीमाज्ञान अनावश्यक झगड़े विवादों को कारण नहीं बने। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर जगदीश आर्य, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राम कुमार कस्वा, सहायक कलक्टर रुबी अंसार, उपखंड अधिकारी सवाई माधोपुर अनूप सिंह, उपखंड अधिकारी चौथ का बरवाड़ा दामोदर सिंह, उपखंड अधिकारी बौंली चन्द्र प्रकाश वर्मा, तहसीलदार सवाई माधोपुर नीरू सिंह, तहसीलदार खण्डार विनोद कुमार शर्मा, तहसीलदार चौथ का बरवाड़ा नीरज सिंह, सहित वाणिज्यिक कर विभाग, परिवहन, खनन विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

# निष्पक्षता एवं सामंजस्य से विद्यालय विकास करें संस्था प्रधान : कृष्णा शर्मा

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार राजस्थान शिक्षा सेवा परिषद प्रधानाचार्य रेसा पी का दो दिवसीय जिला स्तरीय शैक्षिक सम्मेलन मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी कृष्णा शर्मा के मुख्य आतिथ्य में गीता देवी बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित हुआ। शैक्षिक सम्मेलन में जिले के प्रधानाचार्यों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि सीडीईओ कृष्णा शर्मा ने संस्था प्रधानों को कहा कि हर विद्यालय में अलग-अलग प्रकार की चुनौतियां एवं समस्याएं हैं। सभी जगह एक जैसा वातावरण व स्टाफ नहीं होता इसलिए आवश्यक है कि उपलब्ध संसाधनों एवं स्टाफ के आधार पर निष्पक्षता, पारदर्शिता और सामंजस्य से विद्यालय संचालन करें। सम्मेलन में शैक्षिक नवाचारों एवं विभागीय गतिविधियों पर चर्चा की गई। सहायक निदेशक कालूराम बैरवा ने सम्मेलन में वर्तमान समय में शैक्षिक समस्याओं एवं चुनौतियों पर चर्चा करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर रेसा पी जिला कार्यकारिणी का गठन किया जिसमें सर्वसम्मति से प्रधानाचार्य भूरी पहाड़ी ठंडी राम मीनाअध्यक्ष, प्रधानाचार्य भदलाव राजेश कुमार शर्मा जिला कोषाध्यक्ष एवं रामजीलाल जाट को मंत्री नियुक्त किया। वहीं प्रधानाचार्य भगवतगढ़ बृजमोहन मीणा को सभाध्यक्ष, प्रधानाचार्य डिडवाड़ी रमेश मीणा को उपाध्यक्ष, प्रधानाचार्य गीता देवी बालिका विद्यालय विनोद कुमारी मोड को महिला मंत्री, प्रधानाचार्य जोलंदा प्रभु लाल मीणा को अतिरिक्त मंत्री, नारायण मीणा प्रधानाचार्य लहसोड़ा को संगठन मंत्री, प्रधानाचार्य फलौदी माया बैरवा को संगठन मंत्री, महिला एवं लक्ष्मण महावर प्रधानाचार्य रजवाना को संयुक्त मंत्री नियुक्त किया। इसी प्रकार योगेश मीणा प्रधानाचार्य रांवल को ब्लॉक सवाई माधोपुर, रमेश जाट प्रधानाचार्य महात्मा गांधी बहरांवडा खुर्द को खंडार संतोष मीणा प्रधानाचार्य भेडोला को चौथ का बरवाड़ा बनवारी लाल मीणा प्रधानाचार्य गंभीरा को मलाना डूंगर एवं श्रीफूल मीना प्रधानाचार्य बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय बौंली को बौंली ब्लॉक का अध्यक्ष नियुक्त किया गया साथ ही अध्यक्ष द्वारा सभी ब्लॉक अध्यक्षों को शीघ्र अपने ब्लॉक कार्यकारिणी का गठन करने एवं सदस्यता अभियान को पूरा करने हेतु निवेदन किया। सम्मेलन में एडीईओ एजाज अली एपीसी राकेश मीना साक्षरता अधिकारी लक्ष्मण शर्मा भी उपस्थित रहे।

# बकायादारो के विद्युत सम्बन्ध विच्छेद कर वसूली 50 हजार रूपये की राशि



बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** मालपुरा उपखण्ड क्षैत्र के पचेवर जोन के विद्युत विभाग के बकायादारो के विद्युत संबंध विच्छेद कर 50 हजार रूपये की राशि वसूल की। कनिष्ठ अभियन्ता पचेवर संजीव मीना ने बताया कि विभाग के अधिक्षण अभियन्ता युवाराज आशीवाल के आदेशानुसार व नन्दकिशोर खींची के निर्देशन में वसूली अभियान शुरू किया गया। अभियान के अर्न्तगत पचेवर जोन के आवड़ा, डोरिया, सीतापुरा, सूरसागर सहित अन्य कई गांवो में सख्ती से वसूली अभियान चलाया गया। मीना ने बताया कि विद्युत बिलो के बकायादारो के पहले विद्युत संबंध विच्छेद किए गए। बाद में कुल 50 हजार रूपये की बकाया राशि भी वसूली गई। इस दौरान भगवान सहाय, रामकरण चौधरी भी साथ रहे। वहीं कनिष्ठ अभियन्ता मीना ने पचेवर क्षैत्र के सभी बकायादारो से आव्हान किया है कि बकायादार अपनी बकाया राशि शीध्र जमा करवा कर रसीद प्राप्त कर लेवें। अन्यथा विद्युत संबंध विच्छेद कर दिया जाएगा।

जिसमें होने वाली किसी भी प्रकार की परेशानी के लिए सम्बन्धित बकायादार स्वयं जिम्मेदार होगें।

## वन विभाग की भूमि से अतिक्रमण हटवाने की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन



बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** वन विभाग की भूमि से अतिक्रमण हटवाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने उपखंड अधिकारी कार्यालय में उपखंड अधिकारी सुरेशकुमार हरसोलिया को ज्ञापन सौंपा है। पूर्व सरपंच कैलाशचन्द मीणा ने बताया कि ग्राम पंचायत सीदडा के गांव श्योसिंहपुरा की सीमा के पास वन विभाग की भूमि में सार्वजनिक 4 छोटे बांध, 2 हेण्ड पम्प व सार्वजनिक कुई बनी हुई है। जिस पर कुछ प्रभावशाली लोगों ने उक्त भूमि में तारबंदी करके वन विभाग के पेडों को खुर्दबुर्द करके बुआई करके अतिक्रमण कर रखा है व तारबंदी करके आम रास्ते को बंद कर रखा है। जिससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों ने प्रशासन से शीघ्र अतिक्रमण हटवाने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में गोपाल मीणा, बाबूलाल मीणा, प्रहलाद मीणा, अर्जुन मीणा, देवनाराण मीणा, रतिराम मीणा, मंगलाराम मीणा, गोपाल व जगदीश मीणा सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

# पीएचसी प्रशासन की लापरवाही आई सामने

## एक्सपायरी डेट की दवाइयों को खुले में फेंका, दोषी कर्मचारी के खिलाफ होगी कार्रवाई



खाली प्लॉट में पड़ी एक्सपायरी डेट की दवाइयां

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर/बयाना( सत्य प्रकाश अग्रवाल )।** उपखंड के गांव ब्रह्मबाद स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) में अस्पताल प्रशासन की बड़ी लापरवाही सामने आई है। अस्पताल प्रशासन ने मुख्यमंत्री निशुल्क योजना के तहत आई दवाइयां के एक्सपायर हो जाने पर उन्हें अस्पताल बिल्डिंग के बगल में खाली प्लॉट में खुले में फेंक दिया। जबकि नियमों के मुताबिक एक्सपायरी दवाइयों निस्तारण डब्ल्यूएचओ की गाइड लाइन द्वारा जाना चाहिए। जानकारी के मुताबिक चिकित्सा स्वास्थ्य विभाग के उच्च अधिकारियों की ओर से आगामी दिनों में अस्पताल का निरीक्षण किया जाना है। ऐसे में अस्पताल के कर्मचारियों ने आनन-फानन में नियमों को दरकिनार कर दवाइयों को अस्पताल के बगल में खाली प्लॉट में लापरवाहीपूर्ण तरीके से फेंक दिया। इस संबंध में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ. गौरव सिंह का कहना है कि किसी कर्मचारी ने गलती से दवाइयां को खाली प्लॉट में फेंक दिया है। इसकी जांच की जा रही है। वहीं ब्लॉक सीएमएचओ डॉ. धर्मेंद्र सिंह चौधरी का कहना है कि एक्सपायरी डेट की दवाइयां को इस तरह खुले में फेंकना गलत है। इसकी जांच की जा रही है। दोषी कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# जिला आयुर्वेद चिकित्सालय में प्रकृति परीक्षण शिविर आयोजित

## 55 व्यक्तियों का प्रकृति परीक्षण कर उचित आहार विहार की दी जानकारी



बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस (धन्वंतरि जयंती) के उपलक्ष में दिनांक 22 से 28 अक्टूबर तक जिला आयुर्वेद चिकित्सालय में आयोजित किए जा रहे 'आरोग्य सप्ताह ' के चतुर्थ दिन शुकरवार को जिला आयुर्वेद चिकित्सालय में प्रकृति परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में जिला चिकित्सालय प्रभारी डॉ सुमन यादव, डॉ लक्ष्मी शर्मा, डॉ पवन सिंह शेखावत एवं डॉ प्रियंका आहूजा ने 55 व्यक्तियों का प्रकृति परीक्षण कर प्रकृति अनुसार उचित आहार विहार की जानकारी प्रदान की गई। डॉ शेखावत ने बताया कि व्यक्ति यदि अपनी प्रकृति अनुसार उचित आहार का सेवन करता है तो प्राय: रोगमुक्त रहता है, लेकिन जानकारी के अभाव में अपनी प्रकृति के विपरीत आहार का सेवन करते हुए स्वयं को स्वयं ही जाने अनजाने विभिन्न रोगों का शिकार बना लेता है, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को अपना आयुर्वेद प्रकृति परीक्षण करवाकर प्रकृति अनुसार ही उचित आहार का सेवन करना चाहिए। शिविर आयोजन में नर्सिंग कर्मी राजेश शर्मा, परसादी वर्मा, भुवनेश दयाल शर्मा, नत्थी सैन इत्यादि का सहयोग रहा। आरोग्य सप्ताह के पंचम दिन दिनांक 26/10/24 शनिवार को जिला आयुर्वेद चिकित्सालय में स्वर्णप्राशन शिविर का आयोजन प्रात: 9.30 से 2 बजे तक किया जाएगा। शिविर में 5 वर्ष तक के बच्चों को बेहतर शारीरिक एवं मानसिक विकास हेतु स्वर्णप्राशन कराया जाएगा।

# बेकाबू ट्रक्टर ने सड़क पर खड़े दुकानदार को लिया चपेट में, आधा दर्जन बाइकों को भी गिराया

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर /बयाना ( सत्य प्रकाश अग्रवाल )।** कस्बे के सुभाष चौक मीराना रोड पर शुक्रवार दोपहर बेकाबू ट्रैक्टर ने सड़क पर खड़े दुकानदार को चपेट में ले लिया। इसके साथ ही दुकानों के आसपास खड़ी आधा दर्जन बाइकों में भी टक्कर मार दी। इससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। हादसे में घायल दुकानदार को उपचार के लिए बयाना सीएचसी में भर्ती कराया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि दोपहर करीब एक बजे सुभाष चौक की तरफ से एक ट्रैक्टर मीराना तिराहे की तरफ जा रहा था। इसी दौरान जाम से निकलने के दौरान अचानक ट्रैक्टर बेकाबू हो गया। इसी दौरान ट्रैक्टर ने अपनी किराना दुकान के बाहर खड़े दुकानदार सतीश अग्रवाल को अपनी चपेट में ले लिया। इससे दुकानदार के दोनों पैरों में चोट आ गई। इसके साथ ही रोड के सहारे बेतरतीब तरीके से खड़ी आधा दर्जन बाइकों को अपनी चपेट में ले लिया। इससे मौके पर लोगों में अफरा तफरा मच गई। सूचना पर कोतवाली थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची। एसआई करतार सिंह ने बताया कि मौके पर पहुंच कर घटना की जानकारी ली गई है।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का बौद्धिक मार्गदर्शन के साथ पथ संचलन कल

बढ़ता राजस्थान

**भुसावर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** दशहरे के उपलक्ष में प्रस्तावित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का भुसावर नगर का विराट पथ संचलन कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है! मीडिया संयोजक राकेश गुप्ता ने बताया कि 27 अक्टूबर 24 रविवार को 2 बजे पीएमश्री श्री जगन्नाथ पहाडियां उच्च माध्यमिक विद्यालय क्रीड़ा मैदान से प्रारंभ हो कर पथ संचलन हिंडौन रोड, शीतला माता मंदिर, विश्वकर्मा मंदिर कानूनगो मोहल्ला,से चौखंडी मोहल्ला, भगतराज, होते हुए राजा मंडी बस स्टैंड होते हुए क्रीड़ा मैदान में में 4 बजे समापन कार्यक्रम होगा।

# जिला स्तरीय राइजिंग राजस्थान समिट कार्यक्रम आयोजित

## 10 हजार 280 करोड़ के 122 एमओयू हुये




बढ़ता राजस्थान

**बहरोड़ ( सुभाष यादव )।** लाल विलास होटल में शुक्रवार को जिला स्तरीय राइजिंग राजस्थान समिट कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें 10 हजार 280 करोड़ के 122 एमओयू हस्तांतरित किए गए जिससे 12 हजार 800 लोगों को प्रत्यक्ष तथा अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलेगा।

जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेंद्र सिंह ने कहा कि भौगोलिक दृष्टि से राजस्थान सबसे बड़ा प्रदेश है तथा भौगोलिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए उद्यमी रोजगार का सृजन करते हुए विकसित भारत तथा विकसित राजस्थान की संकल्पना को साकार करने में अपनी अहम भूमिका निभाएं।

संभागीय आयुक्त श्रीमती रश्मि गुप्ता ने अपने उद्बोधन में वाटर हार्वेस्टिंग तथा वाटर रिचार्ज सिस्टम की महत्ता को समझाते हुए सभी उद्यमी अपने स्थापित उद्यम में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम जरूर स्थापित करवाए और उन्होंने कहा कि पानी की एक-एक बूंद को सहेजना तत्कालीन स्थितियों के लिए अत्यंत आवश्यक है। और रीको क्षेत्र में स्थापित उद्योगों के लिए रीको द्वारा इस विषय पर गंभीरता से कार्य प्रारंभ चुका है तथा रीको को क्षेत्र के अलावा सामान्य इलाकों में भी वाटर हार्वेस्टिंग की संरचनाएं विकसित की जाएगी ?।

आबकारी आयुक्त तथा जिले के प्रभारी सचिव शिव प्रसाद नकाते ने राज्य सरकार द्वारा उद्यमियों के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ तथा छूट प्राप्त कर जिले में और अधिक निवेश करने के लिए प्रोत्साहित किया इसके साथ ही उन्होंने ग्रीन एनर्जी पर बल देते हुए सोलर ऊर्जा को अपनाकर अपने उत्पादन की लागत और भी कम की जा सकती है, इसके साथ ही उन्होंने सभी उद्यमियों को आश्वासन दिया कि उनके समक्ष आने वाली सभी समस्याओं का समाधान तय समय अवधि में किया जाएगा इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा नियमित रूप से मॉनिटरिंग की जाएगी जिनकी समीक्षा जिला प्रभारी सचिव के रूप में नियमित रूप से समीक्षा की जाएगी । नकाते ने बड़ी संख्या में एमओयू करने पर उद्यमियों का आभार जताया। इसके साथ ही 9 से 11 दिसंबर को राज्य स्तरीय राइजिंग राजस्थान समिट में भाग लेने के लिए सभी उद्यमियों को आमंत्रित भी किया।

कार्यक्रम में विबा फूड प्राइवेट लिमिटेड, लेविस सर्फेसेस ग्लोबल सेरेमिक इंडस्टरीज, उत्कृष्ट स्वयं सहायता समूह बानसूर, राजीविका स्वयं सहायता समूह, जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र में , बैंक ऑफ़ बड़ोदा, पंजाब नेशनल बैंक भारतीय स्टेट बैंक के स्टॉल लगाए गए जिसमें संबंधित योजनाओं की जानकारियां साझा की गई । कार्यक्रम के दौरान जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल अतिरिक्त जिला कलेक्टर ओम प्रकाश सहारण ,कोटपूतली विधायक हंसराज पटेल, विराट नगर विधायक कुलदीप धनकड़, बानसूर विधायक देवी सिंह शेखावत, बहरोड़ विधायक जसवंत यादव, मुंडावर विधायक ललित यादव सहित विभिन्न उद्योग संगठन के पदाधिकारी तथा इन्वेस्टर शामिल हुए।

### हरित ऊर्जा की तरफ बढ़ता राइजिंग राजस्थान

मुख्यमंत्री राजस्थान की मंशा को साकार करते हुए राइजिंग राजस्थान समिट ने ग्रीन एनर्जी की तरफ कदम आगे बढ़ाते हुए ऊर्जा ग्लोबल लिमिटेड संस्थान द्वारा राइजिंग राजस्थान समिट के तहत 4 हजार 200 करोड़ रुपए का एमओयू किया गया जो मुख्य रूप से इलेक्ट्रिक स्कूटर, लेड एसिड बैटरी, लिथियम आयरन बैटरी तथा सोलर पैनल का निर्माण करती है। मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा की मंशा है कि राजस्थान में ग्रीन एनर्जी आधारित उद्योग स्थापित हो उसी कड़ी में एक और कदम आगे बढ़ाया गया है।

# शिक्षकों का समाज में कितना महत्व, जबाबदेही आपकी : शेखावत

## जिला स्तरीय शिक्षक सम्मलेन हुआ शुरू, विधायक देवीसिंह शेखावत ने किया उदघाटन

बढ़ता राजस्थान




**बानसूर( धीरज मौर्य )।** नगरपालिका क्षेत्र स्थित अम्बेडकर भवन में राजस्थान शिक्षक संघ द्वारा संचालित राजस्थान शिक्षक संघ अम्बेडकर उपशाखा बानसूर का जिला स्तरीय शैक्षिक सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बानसूर विधायक देवीसिंह शेखावत रहे। विशिष्ट अतिथि जिला उपाध्यक्ष डॉ शशिकांत बोहरा रहे इस दौरान विधायक देवीसिंह शेखावत ने कहा कि शिक्षकों का समाज में कितना महत्व है उस जबाबदेही को जिम्मेदारी से निभाना चाहिए। उन्होंने कहा कि मैं स्वयं भी राजकीय विद्यालय का छात्र रहा हूँ और शिक्षकों का क्या सम्मान होना चाहिए भलीभांति जानता हूँ। पर यदि शिक्षक ही समाज को अँधेरे में धकेलेंगे तो समाज और राष्ट्र का क्या होगा !वहीं विशिष्ट अतिथि डॉ शशिकांत बोहरा ने कहा कि जो कुछ सरकारें जो परिक्षण कर राजकीय सेवाओं में शिक्षकों को लेती हैं, क्या वे उन पर खरा उतर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राजकीय विद्यालयों में गरीब के बच्चे पढ़ते हैं !आप उनका सही मायने में मार्गदर्शन कर उन्हें बुलंदियों पर पहुंचा सकते हैं !डॉ बोहरा ने कहा कि विधायक महोदय को 21सूत्री मांगो का मांगपत्र शिक्षक संघ द्वारा दिया गया है। विधायक महोदय सहित हम सब भाजपाई भी राज्य व केन्द्र सरकार से अनुरोध करेंगे कि इस संघ द्वारा की गईं मांगो को स्वीकार कर अमलीजामा पहनाया जाए।

डॉ बोहरा ने कहा कि जो संसाधन राजकीय विद्यालयों को उपलब्ध होने चाहिए वे संसाधन राजकीय विद्यालयों को उपलब्ध करवाए जाने चाहिए। इस मौके पर बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। कार्यक्रम में शिक्षक संघ के सदस्यों ने विधायक देवीसिंह शेखावत तथा डॉ शशिकांत बोहरा का माला साफा पहनाकर भव्य सम्मान किया। वहीं विशिष्ट अतिथि नगर पालिका चेयरमैन प्रतिनिधि और भाजपा नेता सज्जन मिश्रा ने कहा कि जो शिक्षक का सम्मान आदिकाल से रहा आज भी बरकरार रहना चाहिए। आपने सरकार से जो उम्मीद जाहिर की है उसको यशस्वी मुख्यमंत्री महोदय और यशस्वी प्रधानमंत्री महोदय तक पहुंचा दी जाएंगी। यह डाकपाल का कार्य स्वयं हमारे यशस्वी विधायक शेखावत खुद करेंगे। चाहे मेल से चाहे डाक से या स्वयं मिलकर आपका मांग पत्र भिजवा देंगे यह भाजपा की गारंटी है। इस मौके पर राजस्थान अम्बेडकर शिक्षक संघ के अधिकतर अध्यापक मौजूद रहे।

# नांगल उदिया की बेटी ने रचा इतिहास, नर्सिंग ऑफिसर रिक्रूटमेंट एलीजिबलिटी टेस्ट में आ इंडिया 44 वी रेंक की हासिल

## जसाई सरपंच वीरेंद्र पंडित के नेतृत्व में ब्राह्मण समाज नें किया वर्षा डागर का सम्मान



बढ़ता राजस्थान

**बहरोड़ ( सुभाष यादव )।** मुंडावर उपखण्ड़ क्षेत्र के ग्राम पंचायत जसाई के गांव नांगल उदिया निवासी वर्षा पुत्री लालचंद डागर द्वारा राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान संस्थान नई दिल्ली की और से आयोजित नर्सिंग ऑफिसर रिक्रूटमेंट एलिजिबिलिटी टेस्ट नोरेस्ट में ऑल इंडिया 44वीं रैंक प्राप्त करने पर को ब्राह्मण समाज अध्यक्ष व जसाई सरपंच वीरेंद्र पंडित के नेतृत्व में समाज के गणमान्य लोगों के साथ निवास पर पहुंचकर साफा पहनाकर व मिठाई खिलाकर बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की। वर्षा ने अपनी सफलता का श्रेय अपने गुरुजनों, ताऊ लक्ष्मीचंद डागर और माता पिता को दिया। इस दौरान यादवेंद्र उपाध्याय, सत्यनारायण शर्मा, कैलाश मास्टर, राजेन्द्र पंडित, सुभाष शर्मा, बनारसी मास्टर, प्रदीप आचार्य, महेश फौजी, चेतन शर्मा, विक्रम शर्मा, सुन्दर लाल पुर्व सरपंच, लखमी डागर, हनुमान वैध, बीरसिंह पीटीआई, यशवन्त सिंह, भुपसिंह पुर्व सरपंच, सुखीनन्द शर्मा, सुनील शर्मा, बाबुलाल सहित समाज के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# भजनलाल सरकार का महत्व पूर्ण कदम, राजस्थान बनेगा औद्योगिक निवेश में नंबर वन

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर/डीग ( यतेन्द्र पाण्डेय /मुकेश सैनी )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा किए गए ऐतिहासिक फैसले राजस्थान एवं डीग जिले को एक प्रगतिशील, समृद्ध और सक्षम स्थान के रूप में स्थापित करने की दिशा में मील का पत्थर साबित हो रहे है। औद्योगिक निवेश, कर्मचारी कल्याण और रोजगार सृजन के साथ-साथ सरकार की पहल प्रदेश एवं जिलों के विकास के पथ को और भी सशक्त कर रही है। राजस्थान को अग्रणी राज्य बनाने के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा कई ऐतिहासिक और दूरगामी फैसले ले रहे है, जिनका उद्देश्य राजस्थान के औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देने के साथ-साथ प्रदेश के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करना है। हाल ही में राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना-2024 (रिप्स-2024) को मंजूरी दी गई है, जो राज्य में औद्योगिक निवेश को नई ऊंचाइयों पर ले जाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की नेतृत्व क्षमता और प्रदेश के विकास के प्रति उनकी प्रतिबद्धता की सराहना करनी होगी, जिन्होंने निवेशकों को ऐसी सुविधाएं और रियायते प्रदान की है, जो इसे देश की सबसे आकर्षक निवेश योजनाओं में से एक बनाती है। उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी द्वारा यह जानकारी दी गई कि सरकार 9 से 11 दिसम्बर को होने जा रहे राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेट समिट के माध्यम से अधिक से अधिक निवेश आकर्षित करने की दिशा में कार्य कर रही है। यह प्रयास राज्य के विकास और रोजगार सृजन के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा। राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना-2024 का आगमन राज्य को एक औद्योगिक केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। यह योजना निवेशकों के लिए न केवल आर्थिक लाभ प्रदान करती है, बल्कि राज्य की सौर ऊर्जा, आधारभूत संरचना, और समग्र आर्थिक विकास को भी एक नई दिशा देती है। इससे न केवल स्थानीय व्यापार को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि हजारों नए रोजगार के अवसर भी उत्पन्न होंगे। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की दूरदृष्टि के कारण राजस्थान आज निवेशकों के लिए एक आकर्षक गतव्य बनता जा रहा है। उनकी नेतृत्व क्षमता, विकास के प्रति दृढ संकल्प, और प्रदेश के प्रत्येक वर्ग के कल्याण के प्रति उनकी संवेदनशीलता ने राजस्थान एवं डीग जिले को एक नई ऊंचाई पर पहुंचा दिया है!

# अपनाघर आश्रम में निराश्रितों को सहयोग कर खुशियों वाली दिवाली कार्यक्रम की शुरुआत की गयी

बढ़ता राजस्थान



**अलवर ( का.स. )।** टाइगर्स समूह द्वारा शुक्रवार से सात दिवसीय खुशियों वाली दिवाली कार्यक्रम की शुरुआत की गयी। समूह संस्थापक मनीष दुरेजा ने बताया कि अलवर टाईगर्स समूह द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 卐खुशियों वाली दिवाली卐 कार्यक्रम आयोजित कर रहा है जिसके अंतर्गत समूह सदस्यों द्वारा 25 अक्टूबर से 31अक्टूबर दिवाली तक रोज़ाना विभिन्न स्थानों अनाथ आश्रमों, वृद्धाश्रामो, कच्ची बस्ती आदि स्थानों पर जरूरतमंदों को फल, बिस्कुट, राशन, मिठाई, कपड़े, कम्बल आदि उपहार स्वरूप बाटेंगे और उनके जीवन में कुछ खुशियां लाने का प्रयास करेंगे। अभियान के अंतिम दिन गौशाला में गौ सवामणी का आयोजन कर गौमाता को सब्जी चारा आदि उपलब्ध करवाया जायेगा। कार्यक्रम की शुरुआत में आज पहल दिन विवेकानंद नगर स्थित अपनाघर आश्रम में रह रहे 80 निराश्रित लोगों के लिए राशन सामग्री जैसे आटा, दाल, पोहा, सोयाबीन, तेल, बिस्कुट, टोस्ट आदि राशन सामग्री और नहाने के साबुन, सर्फ़ आदि का सहयोग प्रदान किया गया। अपनाघर आश्रम प्रबंधक जगदीश कुमार ने अलवर टाइगर्स द्वारा जरूरतमंदों के साथ खुशियां साझा कर उनकी मदद करने के प्रयास 卐खुशियों वाली दिवाली卐 मुहीम की सराहना की और ग्रुप सदस्यों का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर समूह से परमानन्द सिंघल , मनीष दुरेजा, हितेश मक्कड़, रविन्द्र कालरा व अशोक अरोड़ा उपस्थित रहे। कार्यक्रम की व्यवस्था जन सहयोग से की जा रही है। कार्यक्रम का संचालन मनीष दुरेजा के निर्देशन में किया जा रहा है । इस नेक कार्य में नगर निगम आयुक्त जितेन्द्र नरुका, एसडीएम प्रतीक जुइकर, एडीएम द्वितीय योगेश डागुर, यूआईटी उप सचिव सोहन सिंह नरुका, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग उप निदेशक रविकांत, सीएमएचओ डॉ योगेंद्र शर्मा, मनीष दुरेजा, बिशन सैनी, नितेश गुप्ता, तरुण कालड़ा, डॉ जयंत थरेजा, राहुल भुगड़ा, रविन्द्र कालड़ा, मनीष मलिक, प्रवीण जुनेजा, हितेश मक्कड़, रोहित गोयल, परमानन्द सिंघल, हरबंस खुराना, पियूष पारीक, कुलदीप कौशिक, दीपक दुरेजा, पुनीत जुनेजा, अमित विजय, किशन मोरे, विशाल वाधवा, राजेंद्र खुराना, विकास कुमार, चरणजीत मुखीजा, संजय भाटिया, रवि अरोड़ा, धर्मेंद्र यादव, महेश मुदगल व अन्य नागरिक सहयोग कर रहे हैं।

# अधिवक्ताओं की लंबित मांगो को लेकर चर्चा

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** राष्ट्रीय संयुक्त अधिवक्ता मंच भारत के राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष धनेन्द्र कुमार पाण्डेय एडवोकेट ने राजस्थान प्रदेश प्रभारी माधो सिंह मदेरणा एडवोकेट से शिष्टाचार मुलाक़ात भरतपुर कार्यालय पर की !मुलाक़ात में मंच परिवार को लेकर चर्चा हुई चर्चा में प्रदेश कार्यकारिणी का विस्तार, संभाग,ज़िला के रिक्त पदों पर नियुक्ति, मंच परिवार का विस्तार प्रत्येक ज़िले की तहसील स्तर पर नियुक्ति करना , मंच के प्रत्येक सदस्य को नियुक्ति पत्र के साथ पहचान पत्र जारी करना ,अति शीघ्र ही सरकार को पांच सूत्री ज्ञापन के माध्यम से पेंशन योजना को लागू करना व पेंशन की आयु 75वर्ष के स्थान पर 65वर्ष करना,नए अधिवक्ताओं को आर्थिक अनुदान देना, अधिवक्ताओं को टोल मुक्त करना, मुलाकात में उपस्थित पदाधिकारी भरतपुर सम्भाग प्रभारी तेजवीर सिंह एडवोकेट , भरतपुर ज़िला प्रभारी दुष्यन्त सिंह एडवोकेट, ज़िला अध्यक्ष विनय प्रताप सिंह एडवोकेट, ज़िला अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ नितिन कुंतल एडवोकेट आदि उपस्थित रहे।

मिट्टी का अवैध खनन जोरो पर, प्रशासन मौन

# तहसील सहित जिले मे अवैध रूप से मिट्टी बजरी का खनन जोरों पर चल रहा

## जेसीबी व ट्रैक्टर लगा कर खनन माफिया शासन के दिशा निर्देशो की उड़ा रह धज्जियां

बढ़ता राजस्थान

**अंता (शफीक मंसूरी)।** अंता तहसील क्षेत्र सहित जिले में जेसीबी व ट्रैक्टर लगा कर खनन माफिया राज्य सरकार की दिशा निर्देशो की धज्जियां उड़ा रहे है। शिकायत के बाद भी कार्रवाई न होने से खनन माफियाओं के हौसले बुलंदी पर है। राज्य सरकार द्वारा पूरे प्रदेश में अवैध रुप से हो रहे खनन पर रोक लगाई हुई है। खनन के लिए सरकार से आवश्यक दिशा निर्देश भी प्रशासनिक अमले को दी गई है। इसके बाद भी अंता तहसील क्षेत्र में पुलिस व तहसील प्रशासन की अनदेखी व मिली भगत के चलते मिट्टी खनन का कार्य बे रोक-टोक चल रहा है। खनन माफिया खुलेआम जेसीबी से ट्रैक्टर-ट्राली पर मिट्टी लाद कर क्रय विक्रय कर रहे है। क्षेत्र के कई लोगों ने इस बाबत तहसील व पुलिस प्रशासन से शिकायत भी किया, लेकिन खनन माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई न होने से उनके हौसले बुलंद है। अवैध रूप से खनन के बाद लदी मिट्टियां लेकर रोड पर चलने वाले ट्रक, ट्रैक्टर चालकों की रफ्तार इतनी तेज होती है कि अक्सर हादसे भी होते है। इसके बाद भी इन अवैध खनन करने वालों के खलिाफ कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। वहीं इस बाबत पूछे जाने पर अधिकारियों का एक ही रटा रटाया शब्द बोले जाते है अब तक कहीं से अवैध खनन की शिकायत नहीं मलिी है। शिकायत मिलने पर अवैध खनन में लिप्त लोगों के खिलाफ जांच कर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### पुराने जमे हुए को भगाया अपनो को जमाया

जिले में अवैध मिट्टी बजरी खनन की कार्यवाही लेकिन समझ से परे चार दिन की चांदनी फिर वही अंधेरी रात पुराने जमे हुए को भगाया अपनो को जमाया ऐसा होता हुआ आया है सरकार बदलती अधिकारी बदलते हैं जो पहले से जमे हुए अवैध खनन माफियाओं को एक अभियान चला कर हटा दिया जाता है धीरे धीरे माहोल के हिसाब से अपनो को जमा दिया जाता है ।

### कार्यवाही के नाम पर लिपा पोती

प्रशासन की उदासीन वन एवं निजी भूमि से पत्थर तोड़कर बाजार में बेचे जाने से जिले में वन एवं पर्यावरण को काफी नुकसान हो रहा है। बावजूद इसके प्रशासन इस पर अंकुश नहीं लगा पा रहा है क्षेत्र में अवैध पत्थर मिट्टी बजरी खनन का कारोबार जोरों पर है। इस कारोबार में लगे मिट्टी पत्थर चोर करोड़ों रुपये की कमाई कर रहे हैं।

वन एवं निजी भूमि से पत्थर तोड़कर बाजार में बेचे जाने से जिले में वन एवं पर्यावरण को काफी नुकसान हो रहा है। बावजूद इसके प्रशासन इस पर अंकुश नहीं लगा पा रहा है। विदित हो कि इस धंधे में लगे लोग कल तक कमीशन पर लोगों को पत्थर उपलब्ध कराते थे। आज वे इस अवैध धंधे का लाभ उठा रहे है। उनके पास आज जीवन की हर सुविधा उपलब्ध है।रोजाना दिन में बेधड़क मिट्टी के ट्रक दौड़ रहे हैं 20 से 25 ट्रैक्टर से पत्थर की ढुलाई की जा रही। क्षेत्र में पालायथा, काली सिंध, सीसवाली आदि क्षेत्र के आसपास स्थित वन भूमि व निजी भूमि पर मिट्टी पत्थर तोड़ने का काम किया जाता है। उक्त स्थानों से पत्थर माफिया प्रतिदिन कई ट्रैक्टर पत्थर विभिन्न स्थानों के लिए ले जाते हैं। ये पत्थर नजदीकी ठेकेदारों में खपाए जाते हैं।

### पो फटते ही होती है मिट्टी पत्थर की ढुलाई चालू, दौड़ते हैं बेधड़क ट्रेक्टर ट्राली

पत्थर,बजरी मिट्टी चोरों द्वारा अवैध रूप से ढोने का काम सुबह-सुबह किया जाता है। और मिट्टी का अवैध कारोबार दिन भर चलता है जिला खनिज विभाग, प्रशासन व वन कर्मियों की मिलीभगत से होता है। पत्थर चोरों द्वारा इसके एवज में खनिज विभाग, प्रशासन व वन विभाग को बंधी बंधाई रकम दी जाती है सत्ता के पहले भी अब सत्ता परिवर्तन के बाद भी सेटिंग हो जाने के बाद चोर पत्थर की बेधड़क ढुलाई करते हैं। अवैध पत्थर के कारोबार में लगे पत्थर चोर आर्थिक रूप से मजबूत हो चुके हैं तथा राजनीतिक रूप से भी अपनी पहुंच बनाए हुए हैं। क्षेत्र में अवैध खनन व ट्रांसपोर्टिंग के खिलाफ बनाई गई टीम निष्क्रिय साबित हो रही है। दो तीन मामलों को छोड़कर टीम द्वारा अवैध खनन पर नियंत्रण के लिए कोई खास पहल नहीं की गई है। केवल दिखावे बाजी के लिए छुटपुट खानापूर्ति की जाती है। इसकी खानापूरी के बाद टीम द्वारा इस दिशा में पहल नहीं की गई। जबकि मिट्टी पत्थर चोर इस धंधे में जोर शोर से लगे हुए हैं।

### शिकायत के बाद भी कार्रवाई न होने से खनन माफियाओं के हौसले बुलंद



# शिक्षा मंत्री ने किया कोटा जिले में 1 करोड़ 61 लाख रुपए से निर्मित 2 सड़कों का लोकार्पण

बढ़ता राजस्थान




**कोटा (का.स.)।** शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने शुक्रवार को कोटा जिले के विधानसभा क्षेत्र रामगंजमंडी में एक करोड़ 61 लाख 56 हजार रुपए की लागत से निर्मित 2 सड़कों का लोकार्पण किया। शिक्षा मंत्री ने बिशनीया खेड़ी गांव में 80.37 लाख रुपए की लागत से निर्मित डेढ़ किलोमीटर लंबी रावली से बिशनीया खेड़ी मिसिंग लिंक रोड तथा 81 लाख की लागत से निर्मित डेढ़ किलोमीटर लंबी भावपुरा से देवली मिसिंग लिंक रोड का लोकार्पण किया। दोनों सड़कों का निर्माण कृषि उपज मंडी समिति (विशिष्ठ श्रेणी) रामगंजमंडी के अंतर्गत कराया गया है। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री ने कहा कि 5 मिसिंग लिंक सड़कें स्वीकृत हो गई हैं, आने वाले समय में 5 और स्वीकृत कराई जाएंगी। पांच साल में कोई भी गांव सड़कों से वंचित नहीं रहेगा। कार्यक्रम में प्रधान कलावती मेघवाल नीता वसीटा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

**आधुनिक शौचालय का लोकार्पण :** शिक्षा मंत्री ने देवली खुर्द में 10 लाख की लागत से बने आधुनिक सार्वजनिक शौचालय का लोकार्पण किया। शौचालय का निर्माण लोकसभा स्पीकर के सांसद कोष से 10 लाख रुपए देकर ग्रामवासियों की मांग पर करवाया गया।

परिसर में महिलाओं एवं पुरूषों के लिए अलग-अलग आधुनिक शौचालय का निर्माण किया गया है।

# छबड़ा नगर के अतिशय जैन शास्त्री ने मुनि श्री सुधा सागर महाराज के सानिध्य में समयसार ग्रंथ की परीक्षा में किया द्वितीय स्थान प्राप्त

बढ़ता राजस्थान



**सारथल (मोहन नागर)।** राजस्थान प्रांत के हाडोती के छबड़ा कस्बे के युवा अतिशय जैन शास्त्री ने निर्यापक श्रमण मुनिपुंगव 108 सुधा सागर महाराज के सानिध्य में 10 दिन भाग्योदय तीर्थ सागर में रहकर प्राकृत भाषा के ग्रंथ समयसार का अध्ययन किया एवं उनकी गाथाओं का कंठस्थ किया। पूरे 10 दिन उन्होंने धर्म साधना में बिताते हुए गुरुदेव की आहारचर्या सेवा भक्ति में अपना तन मन धन समर्पित किया।

जब पूज्य मुनि श्री ने शंका समाधान कार्यक्रम में समयसार की गाथाओं को बीच-बीच में से उनसे सुना तो उन्होंने मौखिक सुनाया और गुरुदेव ने उनकी लगन की भी तारीफ की। लगभग 100 लड़कों ने यह परीक्षा दी और जब परीक्षा का परिणाम आया तो अतिशय ने सचमुच अतिशय कर दिखाया और लगभग 78त्न अंक लेकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया जो निश्चित रूप से गौरवान्वित करने वाले पल कहे जा सकते हैं। जब परिणाम घोषित हुआ और महाराज श्री के समक्ष उन्हें बुलाया गया तो महाराज श्री ने मधुर मुस्कान के साथ आशीर्वाद देते हुए अपनी पिच्छिका लगाकर अतिशय को आशीर्वाद प्रदान किया और अतिशय को गुरुदेव के चरणों का पद प्रक्षालन का भी सौभाग्य प्राप्त हुआ। महाराज श्री ने कहा कि खूब उन्नति करो और धर्म की प्रभावना करो। ऐसे महा संत का आशीर्वाद मिलने के बाद तो सचमुच जीवन नई ऊंचाइयों को छू जाता है। निश्चित रूप से यह गौरव के पल कहे जा सकते हैं। छबड़ा नगर निवासी नीरज रोशनी सेठी के पुत्र एवं सुमत प्रकाश सेठी उर्मिला सेठी के पौत्र श्रमण संस्कृति संस्थान सांगानेर में अध्यनरत हैं और शास्त्री द्वितीय वर्ष में अध्ययन कर रहे हैं।

जब उनसे पूछा गया कि आपको इसका अध्ययन करने की प्रेरणा किससे मिली तो उन्होंने जवाब दिया कि मुझे यह प्रेरणा आज से कुछ वर्ष पूर्व मेरी माता श्री रोशनी सेठी ने दी। आज के युवाओं के लिए अतिशय जैसे युवा एक प्रेरणादायक उदाहरण है। आज का युवा जहां हिंदी भी ढंग से नहीं पढ़ पाता है, और बोल पाता है ,विलासिताओं में अपना समय बिताता है, एवं धर्म संस्कृति से विमुख हो रहा है। ऐसे में अतिशय जैसे युवा एक उदाहरण बनकर सामने आते हैं , ऐसे युवाओं से सीख लेना चाहिए। कहा जाता है की पंचम काल में धर्म का रथ युवा ही खींचेंगे। उसी का एक अनुकरणीय उदाहरण अतिशय जैसे युवा बनते है।

## अकलेरा क्षेत्र के की तुरकाडिया पंचायत में क्रिकेट मैच का मुख्य अतिथियों ने किया फिता काटकर उद्घाटन



बढ़ता राजस्थान

**सारथल (मोहन नागर)।** अकलेरा क्षेत्र की ग्राम पंचायत तुरकाडिया में शुक्रवार को रुद्राक्ष क्रिकेट क्लब तुरकाडिया के उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि बेनाथ मीणा उपजिला प्रमुख झालावाड़ तथा पूर्व सरपंच संघ अध्यक्ष तेजराज मीणा के द्वारा फीता काटकर प्रतियोगिता की शूरुआत की टुर्नामेन्ट आयोजक राकेश मीणा के द्वारा मुख्य अतिथियों का स्वागत सम्मान किया गया । उद्घाटन मैच राजपुरा और तुरकाडिया के मध्य आयोजित किया गया इस अवसर पर कमल मीणा, डॉ राधेश्याम, सरपंच प्रतिनिधि भगवान सिंह , राम सिंह मीणा आगामी सरपंच ,ओम अध्यापक आदि उपस्थित रहे।

## रामगंज मंडी कृषि उपज मंडी में 29 अक्टूबर से 3 नवंबर तक दीपावली का अवकाश रहेगा

बढ़ता राजस्थान

**रामगंजमंडी (महेश कुमार)।** रामगंज मंडी कृषि उपज मंडी में दिनांक 29 अक्टूबर 2024 से 3 नवंबर 2024 रविवार तक मंडी यार्ड में दीपावली अवकाश रहेगा। दीपावली नव वर्ष के उपलक्ष्य में दिनांक 2.11.2024 शनिवार को सुबह 10.00 बजे नवनिर्मित व्यापार संघ भवन में इत्र पान का आयोजन होगा वहीं धान मंडी में दिनांक 4.11. 2024 सोमवार को प्रात: 9.15 बजे श्री गणपति पूजन के पश्चात धनिया नीलामी कार्य शुभ मुहूर्त से प्रारंभ होगा।

## एडीआरएम ने कोटा में क्रू लॉबी, रनिंग रूम एवं दुर्घटना राहत उपकरणों का किया संयुक्त निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान

**कोटा, (का.स.)।** अपर मंडल रेल प्रबन्धक आर आर के सिंह ने दिनाँक 25 अक्टूबर को कोटा स्टेशन परिक्षेत्र में दुर्घटना राहत गाड़ी, दुर्घटना राहत चिकित्सा गाड़ी, क्रू लॉबी एवं रनिंग रूम का त्रैमासिक संयुक्त निरीक्षण किया । जिसमें दुर्घटना राहत गाड़ी एवं दुर्घटना राहत चिकित्सा गाड़ी के उपकरणों की कार्यप्रणाली एवं कार्यशीलता की जाँच की गई। एसपीएआरएमवी स्टाफ द्वारा पुलिंग डिवाईस, एआरटी. स्टाफ द्वारा फोम टाईप अग्निशामक यंत्र एवं लॉबी स्टाफ द्वारा लॉबी में उपस्थित लोको पायलट, सहायक लोको पायलट एवं ट्रेन मैनेजर के समक्ष अग्निशामक यंत्र चलाने का डेमोस्ट्रेशन किया गया। मंडल में नियमित रूप से दुर्घटना राहत गाड़ी, दुर्घटना राहत चिकित्सा गाड़ी, क्रू लॉबी एवं रनिंग रूम का शिड्यूल के अनुसार त्रैमासिक संयुक्त निरीक्षण किया जाता है। रेल संरक्षा में सुधार एक सतत् प्रक्रिया है और इसमें सुधार के लिए निरंतर प्रयास किए जाते हैं। संसाधनों के रखरखाव, संरक्षा प्रक्रिया और प्रणालीगत दोषों में कमजोर क्षेत्रों की पहचान करने और दुर्घटनाओं को रोकने के तरीके और साधन प्रदान करने की दृष्टि से यह त्रैमासिक संयुक्त निरीक्षण किया जाता है।

# मुल्की पंचायत यदुवंशी अहीर समाज के तत्वाधान में खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ

बढ़ता राजस्थान



**रामगंजमंडी (महेश कुमार)।** चेचट मुल्की पंचायत यदुवंशी अहीर समाज के तत्वावधान में और अध्यक्ष बसन्तीलाल के संरक्षण में खेल भावना समाज में खेलों के प्रति जागृति लाने के लिए खेल महोत्सव खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया । इसमें मुख्य अतिथि तहसीलदार चेचट भरत यादव रहे तथा अध्यक्षता उपजिला प्रमुख कृष्ण गोपाल अहीर ने की और विशिष्ट अतिथि मुकेश यादव महासचिव कर्मचारी संघ रामगंजमंडी गिरिराज अहीर महासचिव श्री कृष्ण अहीर समिति रामगंजमंडी संजय अहीर महासचिव श्री कृष्ण अहीर सभा रावतभाटा ओमप्रकाश अध्यापक रावतभाटा रामस्वरूप सौताल अलोद डॉक्टर एन के यादव अलोद रहे इस सामाजिक खेलकूद प्रतियोगिता में सभी खेल कबड्डी क्रिकेट खो खो वॉलीबॉल 100 मीटर दौड़ गोला फेंक भाला फेंक बैडमिंटन खेल होगें। इस प्रतियोगिता के तहत क्रिकेट में पिपल्दा वर्सेज झरझनी का शुभारंभ मेच हुआ जिसमें झरझनी विजेता रही और द्वितीय मेच तेलियाखेडी वर्सेज रिछी जिसमें विजेता तेलियाखेडी रही। अहीर समाज की खेलकूद प्रतियोगिता मे 27 टीमें क्रिकेट की भाग ले रही है। खेलकूद समिति के कोषाध्यक्ष गोवर्धन यादव और अध्यक्ष ललित कुमार ने बताया कि इस प्रतियोगिता में 25 से 29 अक्टूबर तक क्रिकेट 30 अक्टूबर कबड्डी खो-खो बेडमिंटन एथलेटिक्स प्रतियोगिता के खेल होगें ,1 नवम्बर को सेमीफाइनल और 2 अक्टूबर को फाइनल एवं समापन समारोह होगा ।

# संभागीय आयुक्त ने चारभुजा नाथ के दर्शन कर हाडोती संभाग की समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की

बढ़ता राजस्थान



**बूंदी (अनन्त दाधीच)।** संभागीय आयुक्त कोटा डॉ. रविंद्र गोस्वामी ने बूंदी जन-जन के आराध्य चारभुजा नाथ के दर्शन कर हाडोती संभाग की समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।श्री चारभुजा नाथ विकास समिति अध्यक्ष पुरुषोत्तम पारीक ने बताया कि श्री चारभुजा नाथ के राजभोग लगाने के पश्चात कोटा संभागीय आयुक्त डॉ रविंद्र गोस्वामी ने जन-जन के आराध्य श्री चारभुजा नाथ भगवान के दर्शन किए तथा हाडोती संभाग की समृद्धि एवं खुशहाली की कामना कर प्रार्थना की। इस मौके पर श्री चारभुजा विकास समिति के पदाधिकारियों ने श्रीफल भेंट कर माल्यार्पण किया और स्वागत किया । इस अवसर पर अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ जिला अध्यक्ष सत्यवान शर्मा, तहसीलदार बूंदी अर्जुन लाल मीणा, जिला कलेक्टर के निजी सचिव पुनीत बिहारी भारद्वाज, रेड क्रॉस सोसाइटी के कार्यकारिणी सदस्य ओमप्रकाश जैन सहित श्रद्धालु एवं भक्तजन मौजूद रहे। श्री चारभुजा नाथ विकास समिति के पदाधिकारी ने संभागीय आयुक्त डॉ रविंद्र गोस्वामी को उनके द्वारा श्री चारभुजा नाथ मंदिर को तीर्थ स्थल घोषित करवाने के लिए किए गए प्रयासों के लिए धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त किया।

# आबकारी विभाग ने बकायादार की 2.43 हैक्टेयर जमीन कुर्क की

बढ़ता राजस्थान

कोटा, (का.स.)। राज्य में बकाया वसूली के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत शुक्रवार को आबकारी विभाग ने एक बकायादार की 2.43 हैक्टेयर जमीन कुर्क की गई है। इस बकायादार पर विभाग के वर्ष 2021 से एक करोड रू. से अधिक की बकाया राषि चल रही है। इस पर अतिरिक्त आबकारी आयुक्त, जोन कोटा नरेष मालव व जिला आबकारी अधिकारी भंवरलाल जनागल के निर्देषानुसार कार्यवाही की गई। सहायक आबकारी अधिकारी मुकेष कुमार प्रजापत ने बताया कि एमनेस्टी योजना 2024 के अन्तर्गत बकायादारों को राज्य सरकार द्वारा मूल राषि की आधी राषि जमा कराने की छूट दी गई है। इस पर भी जिन बकायादारों द्वारा राषि जमा नहीं करवाई जा रही है उन पर नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है। इसके तहत बाकीदार प्रेमचन्द मेहता पुत्र छीतरलाल मेहता निवासी ग्राम कुराड़ तहसील कनवास जिला कोटा की ग्राम कुराड़ में स्थित 2.43 हैक्टेयर कृषि भूमि कुर्क की गई। कार्यवाही में आबकारी निरीक्षक विपीन वेदजीत मीणा, चेतन लाल रेगर, प्रदीप सिंह मीणा, पुष्पेन्द्र सिंह, सुखवेन्द्र सिंह व प्रहराधिकारी पृथ्वीराज सिंह मीणा मय जाप्ता शामिल रहे।

## लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल को याद करते हुए मनाया राष्ट्रीय एकता दिवस



बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा (संजय जैन)।** परमाणु ऊर्जा केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक 4, में लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल को याद करते हुए राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उप-प्राचार्य प्रमोद कुमार सिंह, प्रधानाध्यापक पवन कुमार व अन्य शिक्षण स्टाफ तथा छात्र प्रतिनिधियों के द्वारा दीप प्रज्वलन व सरदार पटेल के चित्र पर पुष्पांजली अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम संचालक डॉ. बनवारीलाल चौधरी व वरिष्ठ शिक्षक मिथिलेश कुमार झा ने क्रमश: सरदार पटेल का संक्षिप्त जीवन परिचय प्रस्तुत किया।

उप-प्राचार्य प्रमोद कुमार सिंह व शिक्षक मिथिलेश कुमार झा ने सभी विद्यार्थियों व स्टाफ को क्रमश: अंग्रेजी व हिन्दी में एकता की शपथ ग्रहण करवाई तदोपरांत एकता के लिए दौड़ का भी आयोजन किया गया जिसे उप-प्राचार्य ने झंडी दिखाकर विद्यालय से रवाना किया। इस दौड़ में छात्र-छात्राओं व शिक्षकों ने जोश के साथ हिस्सा लिया जिसका मार्गरक्षण शिक्षक व शिक्षिकाओं ने किया जिनमें हुमेरा ज़ीनत, अमित कुमार पाल, लादूलाल, आशा गिरी, डी.आर. गोचर व अनूप पाठक शामिल रहे।

## अतिक्रमण पर प्रशासन ने चलवाया पीला पंजा, अवरूद्ध रास्ता खुलासा करवाया



बढ़ता राजस्थान

**सारथल (मोहन नागर)।** छीपाबडौद तहसील प्रशासन ने शुक्रवार दोपहर 1 बजे वर्षो पुराना अवरूद्ध रास्ता खुलासा करवाया। आफिस कानूनगो मनमोहन सिंह मीना से प्राप्त जानकारी अनुसार छीपाबड़ौद तहसीलदार सुरेन्द्र सिंह गुर्जर के निर्देशन में ग्राम सैकुड के मजरा झामरिया में एक किलोमीटर लंम्बाई का वर्षो पुराना अवरूद्ध रास्ता पुलिस प्रशासन के सहयोग से खुलासा करवाया। इस दौरान थानाधिकारी सारथल धर्मपाल सहित जाप्ता तैनात रहा। तहसीलदार गुर्जर ने बताया कि रास्तों पर अतिक्रमण के खिलाफ शिकायत मिलने पर आगे भी कार्यवाही जारी रहेगी। वही राजस्व टीम में उप तहसीलदार रामकिशन मीना, कानूनगो देवेन्द्र सिंह हाड़ा, ललित शाक्यवाल, पटवारी सुरेन्द्र शर्मा, अश्विनी सिंह, शुभम् श्रोत्रिय, रामनरेश मीना आदि मौजूद रहे।

# कोटपा एक्ट का उल्लंघन करने पर काटे चालान

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर,( नि.स. )।** प्रदेश में चलाए जा रहे 60 दिवसीय तंबाकू फ्री यूथ कैम्पेन 2.0 के तहत जिले में गठित टीमें लगातार कार्रवाई कर रही हैं। धौलपुर जिले में शुक्रवार को कोटपा एक्ट 2003 का पालन नहीं करने पर 5 दुकानों और सार्वजनिक स्थलों पर धूम्रपान करते पाए गए 27 लोगों के चालान काटे गए। टीम द्वारा 850 रुपए की जुर्माना राशि वसूल की गयी। सीएमएचओ डॉ.जयंती लाल मीणा ने बताया- टोबैको फ्री यूथ कैम्पेन 2.0 के तहत बीड़ी, सिगरेट, तम्बाकू उत्पाद बेचने वाले व्यापारियों को 18 वर्ष से कम उम्र के व्यक्तियों को तम्बाकू उत्पाद बेचना दंडनीय अपराध है, का चेतावनी बोर्ड नहीं लगाने पर कोटपा एक्ट 2003 की धारा 6 के तहत चालान बनाए जा रहे हैं।

सभी दुकानों के बाहर बोर्ड का डिस्प्ले करने, तम्बाकू उत्पादों को बेचने के लिए लटकाकर रखने तथा बीड़ी-सिगरेट एवं तम्बाकू उत्पादों का प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष विज्ञापन नहीं करने के लिए जागरूक किया जा रहा है।

टोबैको फ्री यूथ कैम्पेन 2.0 के तहत जिला स्तरीय गठित टीम में कार्यरत खाद्य सुरक्षा अधिकारी तथा औषधि नियंत्रण अधिकारियों द्वारा कोटपा एक्ट 2003 की धारा 4 व धारा 6 के अंतर्गत उल्लंघन करते पाए जाने पर व्यक्तियों के चालान काटकर जुर्माना राशि की वसूल की जा रही है।

# जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की बैठक आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर,( नि.स. )।** जिला आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण की बैठक जिला कलक्टर एवं पदेन अध्यक्षा जिला आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण श्रीनिधि बी टी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में अतिवृष्टि व बाढ़ के कारण जिले के उपखण्ड क्षेत्र धौलपुर, बाडी, बसेड़ी, सैंपऊ के परिसम्पत्तियों में हुए क्षति प्रस्तावों में आक्षेप पूर्ति कर पुनः प्राप्त नुकसान प्रस्तावों पर चर्चा की गई। प्रस्तावों पर विभागवार चर्चा कर क्षति का आंकलन किया गया।

उपखण्ड स्तरीय प्रबन्धन कमेटी के माध्यम से प्राप्त प्रस्ताव एसडीआरएफ नॉर्म्स अनुसार उचित पाये जाने पर जिला आपदा प्रबन्धन कमेटी द्वारा इन प्रस्तावों का अनुमोदन किया गया एवं निर्णय लिया गया कि मूल प्रस्ताव आपदा प्रबन्धन सहायता एवं नागरिक सुरक्षा विभाग जयपुर को स्वीकृती हेतु भिजवाये जायें। इन प्रस्तावों में सार्वजनिक निर्माण विभाग के 62 कार्यों हेतु 69 लाख 24 हजार की राशि के एवं जल संसाधन विभाग के 112 कार्यों हेतु 1 करोड़ 87 लाख 99 हजार तथा कुल 174 कार्यों हेतु 2 करोड़ 57 लाख 23 हजार राशि के क्षति प्रस्ताव आक्षेप पूर्ति कर पुनः भिजवाये गये।

बैठक में पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरड़ा, मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद एएन सोमनाथ, अतिरिक्त जिला कलक्टर धीरेन्द्र सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

# प्रत्येक आयुष्मान आरोग्य मंदिर पर होगी दो टीबी चैंपियंस की नियुक्ति

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर,( राजू शर्मा )।** पिरामल स्वास्थ्य द्वारा जिला क्षय निवारण केंद्र धौलपुर में जिला क्षय निवारण केंद्र के सहयोग से 30 टीबी चैंपियंस का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 25 अक्टूबर को आयोजित किया गया।

इस प्रशिक्षण का उद्देश्य सामुदायिक सहभागिता के तहत प्रत्येक आयुष्मान आरोग्य मंदिर पर दो टीबी चैंपियंस की नियुक्ति करना है जो टीबी रोगियों को सहायता, परामर्श, एवं अन्य सुविधाएं दिलवाने में विभाग की मदद करेंगे। प्रशिक्षण कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला क्षय अधिकारी (डीटीओ) डॉक्टर गोविंद सिंह ने की। इस अवसर पर पिरामल स्वास्थ्य जयपुर के स्टेट लीड जितेंद्र गौतम, डीएल श्याम राणा, डीपीसी प्रेम सैनी, एसटीएस राजीव चौहान, एसटीएलएस मलखान एवं अन्य स्टाफ उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अधिकारियों ने टीबी मुक्त भारत के लक्ष्य को दोहराते हुए टीबी चैंपियंस की भूमिका को सराहा और उन्हें सामुदायिक सहयोग की भावना से कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

# दीपावली के त्यौहार पर मिलावट को लेकर खाद्य विभाग की कार्यवाही

## शहर में दो मिष्ठान विक्रेता के यहां से लिए मिठाइयों के नमूने, दूषित चाशनी को फिकवाया



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** दीपावली के त्योहार पर मिलावट पर वार,शुद्ध के लिए युद्ध अभियान के तहत शुक्रवार को खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा शहर में दो मिष्ठान विक्रेताओं पर कार्रवाई की है। जिसमें एक मिष्ठान विक्रेता के यहां से जहां सोनपपड़ी का नमूना लिया गया है। वहीं दूसरे मिष्ठान विक्रेता के यहां से भागोन में रखी दूषित चासनी को नष्ट कराया है। वहीं बर्फी,मावा और मिठाइयों के नमूने लिए हैं।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी पदम सिंह परमार ने बताया कि खाद्य सुरक्षा आयुक्त के निर्देश पर दीपावली के त्योहार पर शुद्ध आहार एवं मिलावट पर वार अभियान चलाया हुआ है। जिसमें धौलपुर जिला कलेक्टर के निर्देश पर 8 अक्टूबर से जिले भर में कार्रवाई की जा रही है। अब तक जिले भर में 50 नमूने लिए गए हैं। जिन्हें जांच के लिए प्रयोगशाला भिजवाया है। आज शुक्रवार को सबसे पहले सरमथुरा कस्बे में कार्रवाई की है। जहां से दो मिष्ठान विक्रेताओं के यहां से मिठाई के दो नमूने लिए गए हैं। यहां पर 80 किलो घी को सील किया गया है साथ में मिष्ठान और घी के नमूने प्रयोगशाला के लिए भिजवाए हैं। इसके बाद बाड़ी शहर के महाराज बाग सर्किल पर दो मिष्ठान विक्रेताओं के यहां कार्रवाई की है। जिनमें एक मिष्ठान विक्रेता के यहां से सोनपपड़ी का नमूना लिया है। वहीं दूसरे मिष्ठान विक्रेता के यहां से बर्फी,मावा और मिठाई के नमूने लिए गए हैं। जिन्हें जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जा रहा है।

वहीं भगोन में भरी हुई दूषित चासनी को हाथों-हाथ नष्ट कराया है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी पदम सिंह परमार ने बताया कि जिले भर में सभी मिष्ठान विक्रेताओं को हिदायत दी है कि वह त्योहार पर किसी भी प्रकार की मिठाई में मिलावट नहीं करें। किसी भी प्रकार का दूषित मावा या अन्य खाद्य सामग्री का उपयोग नहीं किया जाए अन्यथा शिकायत मिलने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# अम्बेडकर शिक्षक संघ के जिला स्तरीय सम्मेलन का आयोजन

## शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं पर हुई चर्चा, विभिन्न बिंदुओं का बनाया रिपोर्ट कार्ड



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** शहर की लालजीत कॉलोनी में अंबेडकर भवन में राजस्थान अंबेडकर शिक्षक संघ का जिला स्तरीय शैक्षिक सम्मेलन आयोजित किया गया। इस दौरान शिक्षक सम्मेलन में शिक्षकों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं पर चर्चा हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व उपनिदेशक गणेश कुमार धाकरे द्वारा किया गया। जिसमें संगठन के संरक्षक सूरजमल, नगर पालिका अध्यक्ष होतम सिंह, जिला साक्षरता प्रकोष्ठ के अधिकारी वीरी सिंह, बाड़ी सीबीईओ कल्याण सिंह मीणा विशिष्ट स्थिति के रूप में मौजूद रहे। इस दौरान पूर्व प्रिंसिपल राधेश्याम। पूर्व जिला अध्यक्ष दामोदर प्रसाद ।प्रधानाचार्य हरिश्चंद्र। नेमीचंद एवं समता सैनिक दल के प्रतिनिधि संतोष बौद्ध का सम्मान किया गया। शिक्षक सम्मेलन के दौरान शिक्षकों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं पर चर्चा हुई और सर्वसम्मति से महत्वपूर्ण एजेंडे के तहत पुरानी पेंशन योजना का स्थाई क्रियान्वयन करने, तृतीय श्रेणी अध्यापकों का स्थानांतरण करने, नव क्रमोन्नत विद्यालय में पद स्वीकृत कर आवश्यक प्रतिस्थापन करने, गैर शैक्षणिक कार्यों से शिक्षकों को मुक्त रखने, कांट्रेक्चुअल टू हायरिंग स्कीम में आरक्षण का प्रावधान करने, लंबित डीपीसी को पूरा करने, एसटी-एससी, ओबीसी के बैंक कोटा को भरने, प्राइवेट सेक्टर में आरक्षण लागू करने, केंद्रीय कर्मचारियों के समान वेतन देने और आठवीं वेतन आयोग को लागू करने की मांग की गई। शिक्षक सम्मेलन के दौरान सेवानिवृत शिक्षक अमर सिंह पुनिया, लाचारी लाल, रामचरण, रामबाबू, रामनरेश, रामभरोसे मीना, शिव नारायण का सम्मान किया गया और नवनियुक्त शिक्षकों का स्वागत हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ बुद्ध महात्मा बुद्ध और बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। शिक्षक सम्मेलन के दौरान जिला संयोजक मोर सिंह बौद्ध, बदन सिंह बौद्ध, रंगलाल, हरी बाबू, सम्राट मीना, लक्ष्मीनारायण मीणा, सुल्तान खान, संजय पहाड़िया, श्रीराम शाख्य, गजेंद्र सिंह, मुख्तियार सिंह, पप्पूसिंह ओसवाल, योगेश पालीवाल, पवन कुमार, अचल सिंह, बृजराज, मुरारी लाल, रामवीर, कैलाश, मनीष बाबू, लक्ष्मण सिंह, साधना, सुनीता, वीरावती, फूलवती, भोला ठेकेदार, मनोज, हरिदास सहित सैकड़ो की संख्या में शिक्षक गण मौजूद है।

### राजस्थान शिक्षा सेवा प्राध्यापक संघ का शिक्षक सम्मेलन आयोजित

दूसरी तरफ शहर के सचिन पैलेस में राजस्थान शिक्षा सेवा प्राध्यापक संघ का जिला स्तरीय शिक्षक सम्मेलन आयोजित हुआ। जिसमें उप प्राचार्य न्यायालय बाद का निस्तारण कर डीपीसी करने, वेतन विसंगति निस्तारण करने के लिए गठित खेमराज कमेटी की रिपोर्ट सार्वजनिक करने, नवक्रमोन्नत 3820 उच्च माध्यमिक विद्यालय में व्याख्याताओ के पद सृजित करने, उपप्राचार्य और प्राचार्य के 3 संतान प्रकरण की डीपीसी करने, 4 वर्ष की बकाया व्याख्याता पद की डीपीसी करने, एसबीसी के शून्य मेरिट के व्याख्याता का स्थाईकरण करने, शिक्षकों को गैर शैक्षणिक कार्यो से मुक्त करने और पुरानी पेंशन योजना को यथावत रखने की मांग की गई है।

# माहवारी स्वास्थ्य और एनीमिया विषयक जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित

## माहवारी पर खुल कर चर्चा और वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने के लिए किया प्रेरित



बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर( नि.स. )।** निदेशालय महिला अधिकारिता विभाग राजस्थान के निर्देशन में जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी के निर्देशानुसार गुरुवार को नगर परिषद सभागार में माहवारी स्वास्थ्य एवं स्वच्छता प्रबंधन और एनीमिया विषय पर किशोरी बालिकाओं की उपस्थिति में एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के उद्धघाटन सत्र को संबोधित करते हुए सहायक निदेशक विश्व देव पांडेय द्वारा कार्यकम की रूप रेखा और राज्य सरकार की आईएम शक्ति उड़ान योजना के विषय मे बताया। आरसीएचओ डॉ शिवकुमार शर्मा ने एनीमिया के कारणों, प्रकार, जिले एवं राज्य पटल पर स्थिति सहित एनीमिया से बचाव की चिकित्सकीय जानकारी दी। यूएनएफपीए से रिपुंजय पांडेय द्वारा माहवारी, शारीरिक परिवर्तन, यौन समस्याओं पर गोपनीयता से सटीक सलाह लेने हेतु संचालित खुलके पूछो नाम के व्हाट्सएप चैटबॉट के बारे में जानकारी दी। राजकीय मेडिकल कॉलेज धौलपुर की प्रोफेसर एवं गाइनेकोलॉजिस्ट डॉ मंशा कुमावत एवं सीनियर रेजिडेंट डॉ अशोक कुमार द्वारा माहवारी, स्त्री प्रजनन प्रणाली, गर्भावस्था के विषय मे विस्तृत व्याख्यान दिया। राजकीय पीजी कॉलेज की प्रोफेसर डॉ आस्था एवं डॉ अंजुल सिंह द्वारा माहवारी के संबंध में प्रचलित चिकित्सकीय एव सामाजिक भ्रांतियों एव उनके तथ्यात्मक स्पष्टीकरणो से श्रोताओं को अवगत कराया। जेंडर स्पेशलिस्ट कनुप्रिया कौशिक द्वारा डिस्पोजल सैनेटरी नैपकिन, मेंस्ट्रुअल कप, टैम्पॉन, सूती कपड़े के नेपकिन, मेंस्ट्रुअल अंडरवीयर आदि की जानकारी देते हुए उनकी समुचित उपयोग प्रणाली, रखरखाव एवं स्वच्छता के विषय मे प्रस्तुति दी।

# शहर की कृष्णा कॉलोनी में जरख की मूवमेंट से कॉलोनीवासी दहशत में

## कॉलोनी के लोगो ने किया विरोध प्रदर्शन

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( नि.स. )।** शहर की कृष्णा कॉलोनी में एक जरख और उसके बच्चे की मूवमेंट से कॉलोनीवासी दहशत में है। रात 9 बजे बाद यह जरख और उसका बच्चा अक्सर कॉलोनी में घूमते हुए देखा जा रहा है। ऐसे में असुरक्षित कॉलोनीवासियों ने शुक्रवार को कॉलोनी में विरोध प्रदर्शन करते हुए प्रशासन से सुरक्षा की मांग की है। कॉलोनी के लोगों का आरोप है कि वन विभाग की टीम को भी गुरुवार की रात मौके पर बुलाया था लेकिन दो लोगों ने आकर केवल खानापूर्ति की और जरख को खोजने या उनकी सुरक्षा को लेकर कोई कार्रवाई की। शहर के रेलवे स्टेशन के पास स्थित कृष्णा कॉलोनी निवासी डॉ आशुतोष शर्मा ने बताया कि लगभग 15 दिन से जरख ओर उसके बच्चे की मूवमेंट कॉलोनी में बनी हुई है। कॉलोनी की अलग-अलग



गलियों में यह जरख और उसका बच्चा अक्सर देखा जा रहा है। जो रात 09 बजे से 02 बजे तक कभी भी देखा जा सकता है। इससे कालोनी के लोग दहशत में आ गए हैं और रात 9 बजे बाद किसी का घर से निकलना मुश्किल हो गया है। कॉलोनी के वरिष्ठ नागरिक भगवानदास मित्तल ने बताया कि उनके बेटे की गंज दरवाजे पर दुकान है जो रात 11 बजे के बाद ही दुकान को बंद कर घर आता है। उसका भी जरख से सामना हुआ है। जिसने बड़ी मुश्किल से अपनी जान बचाई है।

# कोतवाली थाना पुलिस की कार्यवाही, छुरा लेकर घूमते दो आरोपी पकड़े

## एरिया डोमिनेशन अभियान में सात वारंटियो की गिरफ़्तारी



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( नि.स. )।** शहर की कोतवाली थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए जहां शहर में छुरा लेकर घूमते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वही एरिया डोमिनेशन अभियान के तहत गिरफ्तारी वारंट में 07 आरोपी गिरफ्त में लिए गए हैं। जिनसे विभिन्न मामलों को लेकर पूछताछ की जा रही है।

कोतवाली थाना अधिकारी शिवलहरी मीणा ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक सुमित महरेड़ा के निर्देश पर वांछित अपराधियों के खिलाफ धरपकड़ अभियान चलाया हुआ है। जिसमें मुखबिर तंत्र का भी सहयोग लिया जा रहा है। ऐसे में एडिशनल एसपी कमल कुमार जागिड़ और बाड़ी सीओ महेंद्र कुमार के सुपरविजन में कार्रवाई करते हुए गुरुवार की रात को शहर के छोटी नहर रेलवे क्रॉसिंग के पास से एक आरोपी राहुल पुत्र घस्सो कुरैशी निवासी तुलसीवन रोड और दूसरा आरोपी मोसिम पुत्र सम्मो कुरैशी को बसेड़ी अनाज मंडी के पास से गिरफ्त में लिया है। दोनों आरोपियों से पुलिस ने धारदार छुरा बरामद किया है। आरोपियों के खिलाफ आर्म एक्ट में कार्रवाई की जा रही है। इस कार्यवाही मे उपनिरीक्षक हरवीर सिंह के साथ एएसआई लालमन सिंह,कांस्टेबल बृजेश कुमार,श्याम सिंह,ओमप्रकाश और भगवान सिंह का सहयोग हो रहा है।

वही दूसरी कार्रवाई में पुलिस ने एरिया डोमिनेंस अभियान के तहत 07 गिरफ्तारी वारंटी गिरफ्तार किए हैं। एसएचओ शिवलहरी मीणा ने बताया की पुलिस ने सलमान पुत्र शहाबुद्दीन निवासी करीम कॉलोनी, गया प्रसाद पुत्र सोनाराम निवासी कायस्थ पाड़ा, सिकंदर पुत्र पप्पू जाटव निवासी हवेली पाड़ा, सुरेंद्र पुत्र सुम्मेरा जाटव निवासी हवेली पाड़ा, साबिर पुत्र मुंशी मुसलमान निवासी गुमट के साथ आवेश कुमार और पुत्र दिरेश और दीपक पुत्र भगवानदास को गिरफ्तार किया है। पुलिस की इस कार्रवाई में एएसआई लालमन के साथ हेड कांस्टेबल गणेश प्रसाद, रामनरेश, कांस्टेबल सुमन प्रकाश, बृजेश कुमार, राजपाल, रामलखन, भगवान सिंह, राजीव कुमार का सहयोग रहा है।

# फिट इंडिया फ्रीडम रन 5.0 को जिला कलक्टर ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया



बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर,( राजू शर्मा )।** स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत अभियान के तहत जिला स्तरीय फिट इंडिया फ्रीडम रन 5.0 को जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने शुक्रवार को मचकुण्ड रोड स्थित मेला ग्राउण्ड से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम में जिला कलक्टर के नेतृत्व में खिलाडियों, राजकीय कर्मचारी, महिलाओं, छात्र-छात्राओं, एनजीओ, ट्रस्ट, स्वच्छता व स्वास्थ्य क्षेत्र में कार्य करने वाली संस्थाओं, व्यापारी, स्थानीय नागरिक, प्रबुद्ध जनों ने मेला ग्राउण्ड से मचकुण्ड परिसर तक दौड़कर स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत का सन्देश दिया। जिला कलक्टर ने बताया कि स्वच्छ भारत अभियान के तहत जिला स्तरीय फिट इंडिया फ्रीडम रन 5.0 का आयोजन किया गया जिसमें स्वच्छता के साथ-साथ स्वास्थ्य पर भी ध्यान देने का सन्देश देने की कोशिश इस कार्यक्रम के माध्यम से की गई। जिला कलक्टर ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम एक पंथ दो काज की तरह है। यह हमें स्वच्छता के साथ-साथ स्वास्थ्य के प्रति प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि पहला सुख निरोगी काया के ध्येय को अमल कर हम सभी को स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहना आवश्यक है। इस अवसर पर जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एएन सोमनाथ ने बताया कि स्वच्छता एवं स्वास्थ्य को लेकर विभिन्न प्रकार के फ्लैगशिप कार्यक्रम किये जा रहे हैं। अभी हमने गत दिनों में भी स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के दौरान बहुत बड़ा श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया। इसी कड़ी में सरकार की यही मंशा है कि स्वच्छता को स्वास्थ्य से यदि जोड़ा जाए यानि हम यह कह सकते हैं कि दोनों एक सिक्के के दो पहलू हैं। जिला प्रशासन का यह दयित्व है कि हमारे जो भी कार्मिक, स्टेकहोल्डर्स हैं और जो भी हमारे सम्पर्क में आते है को रन फॉर यूनिटी के माध्यम से प्रोत्साहित करें कि वे स्वच्छता के साथ-साथ प्रतिदिन अपने स्वास्थ्य का भी ध्यान रखें। इस दौरान स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत अभियान के तहत् स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रतिभागियों को शपथ दिलवाई गई। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलक्टर धीरेन्द्र सिंह, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जयन्ती लाल मीना, अधीक्षण अभियन्ता पीडब्ल्यूडी राजवीर सिंह, डीईओ माध्यमिक सुक्खो देवी, सीडीईओ दाउदयाल शर्मा, डाइट प्रधानाचार्य महेश मंगल सहित अन्य अधिकारीगण एवं स्कूली छात्र और आमजन बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# दीपावली के त्यौहार पर शहर में लगने वाले जाम को लेकर ट्रेफिक पुलिस की कार्यवाही, एक दर्जन वाहनों के काटे चालान, दुकानदारों को दी हिदायत



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** दीपावली के त्योहार पर बाड़ी के बाजार में हो रही भीड़ और बेतरतीब लगी बाइको से लगने वाले जाम को लेकर शुक्रवार को ट्रैफिक पुलिस द्वारा कार्रवाई की गई। त्योहार पर बाजार में जाम नहीं लगे इसको लेकर बाइक सवारों से समझाईश की गई साथ में दुकानदारों को भी निर्देश दिए की वे अपनी दुकानों के आगे वाहनों को खड़ा नहीं होने दें। चाहे उनकी दुकान पर ही कोई ग्राहक क्यों नहीं आए। इस दौरान जिन वाहनों पर नंबर प्लेट नहीं मिली या जिन पर ड्राइविंग लाइसेंस नही था उनके खिलाफ चालान की भी कार्रवाई की गई। ट्रैफिक इंचार्ज रामवकील ने बताया कि मोटर व्हीकल एक्ट में 10 चालान काटे हैं। दुकानदारों को पाबंद किया है कि वह अपनी दुकानों के आगे इतना सामान नहीं लगाए जिससे जाम की समस्या खड़ी हो। त्योहार पर बिक्री करें लेकिन वाहनों को खड़ा नहीं करें। इस दौरान बाजार में जो भी दुपहिया वाहन मिले जिनकी जांच की गई। जो वाहन नियम विरुद्ध पाए गए उनके खिलाफ कार्रवाई की है और बाइक चालकों को सख्त हिदायत दी है कि वह बाजार में बाइको को बेतरतीब खड़ा नहीं करें। जहां पार्किंग हो वहीं पर वाहन खड़ा किया जाए।

# सड़कों के किनारे से अवैध अतिक्रमण हटाने, ओवरलोड वाहनों पर कार्रवाई करना करें सुनिश्चित : खडगावत

बढ़ता राजस्थान



**ब्यावर ( विष्णु दत्त धीमान )।** जिला कलेक्टर डॉ महेंद्र खड़गावत की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न हुई। जिला कलेक्टर ने कहा कि राष्ट्रीय व राज्य राजमार्ग के किनारे से अवैध अतिक्रमणों को हटाना सुनिश्चित करें साथ ही अधिकारी ओवरलोड वाहनों पर चालान की कार्रवाई करें । उन्होंने गत बैठक के निर्णयों की अनुपालना की समीक्षा भी की। उन्होंने निर्देश दिए कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने, रोकने एवं दुर्घटनाओं से बचाव के लिए परिवहन व पुलिस विभाग बिना हेलमेट, सीट बेल्ट, रिफ्लेक्टिव टेप, बिना इंडिकेटर व बिना लाइट के वाहनों के विरुद्ध चालान की प्रभावी कार्रवाई करें । उन्होंने एनएचएआई के अधिकारियों को निर्देशित किया कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए ब्लैक स्पॉट या राष्ट्रीय राजमार्गों पर गड्ढे, पैचवर्क इत्यादि कार्य कर राजमार्गों को दुरुस्त रखें, साथ ही राष्ट्रीय राजमार्ग पर घूम रहे आवारा पशुओं को पकड़ कर नजदीकी गौशाला में भेजें, सर्विस लाइन दुरुस्त रखे। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय व राज्य राजमार्गों पर अवैध स्थानों पर पार्किंग को सख्ती से रोकने के साथ ही ओवरलोडिंग वाहनों पर भी कार्रवाई करें । उन्होंने सड़कों पर अवैध कट को बंद करने सहित अन्य आवश्यक दिशा निर्देश दिए । उन्होंने कहा कि छात्र-छात्राओं के परिवहन को सुरक्षित बनाए रखने के लिए ऐसे बाल वाहिनी जो कि क्षमता से ज्यादा छात्र बैठाये या बिना लाइसेंस के ड्राइवर हो उनके विरुद्ध कार्रवाई करे। जिला पुलिस अधीक्षक श्याम सिंह ने कहा कि सड़क सुरक्षा नियमों की पालना करवाने के लिए पुलिस विभाग द्वारा भी लगातार चालान की कार्रवाई की जा रही है एवं पुलिस अधिकारी भविष्य में भी दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए अभियान चलाकर यातायात नियमों की पालना करवाए । कार्यवाहक एडीएम गौरव बुढ़िया ने कहा कि आमजन एवं विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा के नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए निरंतर जन जागरूकता अभियान जारी रखे साथ ही जिले के समस्त विद्यालयों, अस्पतालों एवं टोल प्लाजा पर रोड साइन के चार्ट लगाया जाए जिससे कि सड़क सुरक्षा के साइन व नियमों के प्रति जागरूक हो । बैठक के सदस्य सचिव पीडब्ल्यूडी के अधीक्षण अभियंता अशोक कुमार तंवर ने सड़क सुरक्षा समिति के सदस्यों के समक्ष बैठक एजेंडा एवं उच्चतम न्यायालय सड़क सुरक्षा समिति भारत सरकार तथा राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर सड़क सुरक्षा के क्रम में जारी दिशा निर्देशों की विस्तृत जानकारी रखी । बैठक में एडिशनल एसपी श्री भूपेंद्र शर्मा, जिले के समस्त उपखंड अधिकारी सहित सड़क सुरक्षा समिति के सदस्यगण मौजूद रहे ।

## सतखण्डा में संदिग्ध मृत्यु पर हत्या की आशंका जताई

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़, ( नि.स. )।** सतखण्डा में एक व्यक्ति का शव उसे निजी मकान घर से लगभग 100 फीट दूर बाड़े में मिलने से आसपास के क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और व्यक्ति को चित्तौड़ सांवरिया हॉस्पिटल लेकर गए जहाँ डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना सदर थाना अन्तर्गत सतखण्डा गांव में गुरुवार रात 9 बजे की है।

समाजजनों ने इस मृत्यु को संदिग्ध मानते हुए हत्या की आषंका जताते हुए जांच की मांग की है। सतखण्डा निवासी कमलेश पिता हीरालाल मेघवाल अपने घर से 100 मीटर दूर मूर्च्छित अवस्था में मिला। सूचना मिलने पर मृतक के भाई गोपाल, दिनेश, अंकल शोभा लाल मौके पर पहुंचे और कमलेश को चित्तौड़ सांवरिया हॉस्पिटल में ले जाया गया जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

जिला चिकित्सा अधिकारी ने पुलिस को सूचना देकर शव को मोर्चरी में रखवाया। समाजजनों ने पुलिस अधिकारियों को रिपोर्ट देकर कमलेश की मृत्यु पर संदेह जताते हुए इसे हत्या होना बताया तथा निश्पक्ष जांच की मांग की है। इस पर पुलिस ने आवष्यक जांच कर कार्रवाई करने का आष्वासन दिया।

पुलिस अधिकारी द्वारा रिपोर्ट दर्ज कर पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया है। कमलेश खेती करता था। उसके तीन बच्चे हैं। बड़ी बालिका विवाहित एवं एक लड़का, लड़की नाबालिग है।

## अविविनिलि के कार्यों को ठेके पर देने के ईटेन्डर आदेश का विरोध

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़, ( नि.स. )।** अविविनिलि अजमेर के अधिनस्थ 13 सर्किलों में स्थाई प्रकृति के कार्यो को ठेके पर देने के ईटेन्डर आदेश का विरोध करते हुए अजमेर डिस्कॉम विद्युत कर्मचारी संघ इंटक ने प्रबंध निदेशक को पत्र लिखकर ईटेन्टर को शीघ्र निरस्त करने की मांग की गई।

महामंत्री विमलचंद जैन के अनुसार लिखे पत्र में बताया कि अविविनिलि अजमेर द्वारा मीटर रीडिंग, बिलिंग, केश कलेक्शन, 33/11 के.वी. ग्रिड सवस्टेशन एवं 11 के.वी. आदि नियमित प्रकृति के कार्य ठेके पर दिये जाने हेतु ईटेन्डर नोटिस जारी किया गया है जो कि कान्ट्रेक्टर रेगुलेशन एवं ऐवोलेशन एक्ट 1970 एवं कान्ट्रेक्टर लेबर रेगुलेशन सेन्ट्रल रूल्स 1971 में प्रदत्त प्रावधानों का स्पष्ट उल्लघंन है। पूर्व में उपभोक्ताओं के शिकायत निवारण एवं 11 के.वी. लाईन का कार्य संध्या एण्ड कम्पनी को ठेके पर दिया हुआ है जिससे भी उपभोक्ताओं के शिकायत कार्य निवारण में भी काफी विलम्ब हो रहा है। उपभोक्ताओ को परेशानी व निगम की छवि धुमिल हो रही है। ठेके में शर्तों का उल्लघंन करते हुए किया जा रहा है। श्रमिकों को ईएसआई, प्रोविडेन्ट फण्ड, ओवर टाईम का लाभ भी नहीं दिया जा रहा है।

अनुभवहीन व कम संख्या में श्रमिक नियुक्त किये हुए है। आए दिन श्रमिकों की दुर्घटनाएं घटित हो रही है एवं स्थाई श्रमिक भी उनकी इस प्रकार की गतिविधि से काल के ग्रास बन रहे है। पत्र में ईटेन्डर को शीघ्र निरस्त करने की मांग की गई अन्यथा युनियनों को प्रदत्त अधिकारो का उपयोग करते हुए न्यायिक कार्यवाही को मजबुर होना पड़ेगा।

## राजमाता अहिल्याबाई होल्कर की 300 वी जन्म जयंती पर व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**चौमहला( आबिद हुसैन )।** झालावाड़ जिले के राजकीय महाविद्यालय चौमहला में शुक्रवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में राजमाता अहिल्याबाई होल्कर की 300 वी जन्म जयंती वर्ष के अवसर पर व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम अधिकारी एवं कार्यवाहक प्राचार्य ओमप्रकाश ने बताया कि अहिल्याबाई होल्कर की जन्म जंयती कार्यक्रम में अहिल्याबाई होल्कर का व्यक्तित्व और कृतित्व विषय पर व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें बताया गया कि राजमाता होल्कर ने एक कुशल प्रशासक के रूप में आदर्श राज्य की स्थापना की। कन्हैया लाल किराड़ ने अपने व्याख्यान ने अहिल्याबाई होल्कर की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके योगदान के बारे में जानकारी दी।

कार्यक्रम अधिकारी ओमप्रकाश ने अहिल्याबाई के आर्दशों को विद्यार्थियों को आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ बीनू शर्मा ने किया। कार्यक्रम में शिवप्रसाद शर्मा, यशवन्त नामा, कालूसिंह एवं समस्त स्वयंसेवक और स्वयसेविकाऐं उपस्थित रहें।

## बैवाण पर हुई पथ्थर बाजी घटना के 45 दिन बाद कार्यवाही नही होने से नाराज समग्र हिन्दू समाज ने दिया ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा( नि.स. )।** जहाजपुर जलझूलनी एकादशी पर बैवाण पर हुई पथ्थर बाजी घटना के 45 दिन बाद कार्यवाही नही होने से नाराज समग्र हिन्दू समाज ने दिया उपखण्ड अधिकारी हरिकेश मीणा को ज्ञापन सौपा।

समग्र हिन्दू समाज जहाजपुर ने ज्ञापन मे बताया कि धार्मीक त्योहार झलझूलनी एकदशी के पर्व पर मुस्लिम समाज जहाजपुर द्वारा षडंयत्र पूर्वक पिताम्बर श्याम मन्दिर के बेवाण व धार्मीक यात्रा मे सामिल लोगो पर हमला करने और जान से मारने कि नियत से जामा मस्जिद से नुकिले पत्थरो से हमला करने अपराधियो के विरूद्ध कार्यवाही करने व गिरफ्तार करने और धर्मस्थल पर अवेध अतिक्रमण व अवेध निमार्ण को हटवाने व सीमाकंन करने सहित 14 सूत्रीय मांग पत्र जिला प्रसासन को दिया गया था। जिस पर जिला कलेक्टर शाहपुरा द्वारा 3 दिन मे कार्यवाही कर समग्र हिन्दू समाज जहाजपुर के सामने अवगत करवाया गया था इस बात पर सहमति बनी थी।

प्रसासन द्वारा उक्त समय मे कार्यवाही नही कि गई जिस पर हिन्दू समाज ने जिला प्रसासन को स्मरण पत्र पेश दिया था। लेकिन प्रसासन ने मुस्लिम समाज के दबाव व पत्थरबाजो से मिली भगत के चलते हुये इतना समय व्यतीत हो जाने के बाद भी कोई ठोस कानूनी कार्यवाही नहीं कि गई है। इसके चलते समग्र हिन्दू समाज को उग्र आन्दोलन का रूप लेने पर मजबूर होना पडा है।

यदि प्रसासन उक्त 14 सुत्रीय मांग पत्र पर दिपावली के पहले कोई कार्यवाही नहीं करता है तो मजबूरन समग्र हिन्दू समाज जहाजपुर को उग्र आन्दोलन का सहारा लेना पडेगा जिसकी समस्त जिम्मेदारी प्रशासन की होगी ।

## त्यौंहारी सीजन में विशेष अभियान संचालित कर कपासन के आमजन को स्वच्छता का संदेश दिया



बढ़ता राजस्थान

**कपासन( नि.स. )।** त्यौंहारी सीजन में नगर पालिका द्वारा स्वच्छ दिवाली शुभ दिवाली अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को विशेष सफाई अभियान का संचालन किया गया ।जिसमे नगर क्षेत्र के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर साफ-सफाई कर आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक एवं प्रेरित किया गया ।नगर पालिका कपासन स्वास्थ्य निरीक्षक रेखादेवी कोदली ने बताया कि आगामी त्योंहारों एवं दीपोत्सव पर्व को लेकर नगर पालिका क्षेत्र में नपा कपासन अधिशाषी अधिकारी ललित सिंह देथा एवं नगर पालिका अध्यक्ष कपासन मंजुदेवी सोनी के निर्देशन में स्वच्छ दिवाली शुभ दिवाली अभियान के अंतर्गत विशेष सफाई अभियान संचालित किया गया ।जिसके तहत शुक्रवार को नगर के डॉ. श्यामा मुखर्जी उद्यान,नगर के मुख्य बाजार,पांच बत्ती चौराहा,सब्जी मंडी आदि सार्वजनिक स्थलों पर पालिका सफाई कार्मिकों द्वारा साफ-सफाई कर आमजन को स्वच्छता हेतु प्रेरित किया गया।

इस दौरान स्वच्छ दिवाली शुभ दिवाली सफाई अभियान में नपा जमादार गीता देवी,जमादार मुकेश कोदली,विजय कोदली,विशाल कोदली आदि नगर पालिका कार्मिक सहयोगी रहे।

## भीलवाड़ा में चाकूबाजी की घटनाः दोनों समुदायों ने की निष्पक्ष जांच की मांग



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा( नि.स. )।** भीलवाड़ा शहर के भीमगंज थाना इलाके में आपसी कहासुनी के बाद दो गुटों में हुए झगड़े के बीच चाकू बाजी की घटना में तीन लोगों के घायल होने की खबर आग की तरह फैली और देखते ही देखते माणिक्य नगर चौराहे के आसपास बड़ी संख्या में हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता जमा हो गए। चाकू बाजी में घायल भाजपा नेता सहित तीनों युवकों को एमजी हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया है, वहीं दूसरी ओर हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता मंगला चौक इलाके में आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर प्रदर्शन किया। शुक्रवार को दूसरे दिन हिंदू और मुस्लिम दोनों ही समुदायों ने मामले में निष्पक्ष जांच कर असामाजिक तत्त्वों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की मांग की है। जानकारी के अनुसार माणिक्य नगर चौराहे पर भाजपा नेता देवेंद्र हाडा उनके भतीजे बबलू और एक अन्य युवक के साथ मोमिन मोहल्ला क्षेत्र में रहने वाले मुस्लिम पक्ष के लोगों द्वारा मारपीट करने और चाकूबाजी की घटना कारीत करने का हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाते हुए हंगामा खड़ा कर दिया। उनका कहना है की मामूली कहासुनी के बाद मुस्लिम पक्ष के युवकों ने भाजपा नेता हाडा और अन्य दो युवकों के साथ मारपीट करते हुए चाकू बाजी की घटना को अंजाम दिया, जिसमें तीनों घायल हो गए उन्हें एमजी हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया है। जहां पूर्व विधायक विट्ठल शंकर अवस्थी उनके कुशल से पूछने पहुंचे तो वहीं दूसरी ओर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं ने मंगला चौक क्षेत्र में जमकर प्रदर्शन किया। क्षेत्र में दोनों पक्षों की और से हुई पत्थर बाजी की घटना से क्षेत्र में खड़े वाहनों के शीशे टूट गए। आक्रोशित भीड़ और पुलिस के बीच हुई गहमागहमी के बीच हुड़दंगियों ने एक कार को आग के हवाले करने की कोशिश की, लेकिन पुलिस की सतर्कता से आगजनी की घटना टल गई, फिलहाल मौके पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पारस जैन के साथ ही सभी थानों के थाना अधिकारी, सीओ सिटी सीओ सदर व आर एस सी का जाब्ता मौके पर तैनात किया गया है। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी लगातार समझाइश का प्रयास कर रहे है। पुलिस ने कुछ संदिग्धों की भी डिटेन किया हे, जिससे गहनता से पूछताछ की जा रही है । पुलिस का दावा है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

दूसरे दिन शुक्रवार को हिंदू और मुस्लिम समुदायों ने थाने के बाहर प्रदर्शन करते हुए मामले की निष्पक्ष जांच कर असामाजिक तत्त्वों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की मांग की हैं।

## विधायक जीनगर ने श्री च्यवन गौड़ ब्राह्मण समाज कपासन के आश्रम का पट्टा समाजजनों को सौंपा

बढ़ता राजस्थान



**कपासन( नि.स. )।** विधायक अर्जुनलाल जीनगर द्वारा श्री च्यवन गौड़ ब्राह्मण समाज को उनके आश्रम का पट्टा गुरुवार को समाजजनों को सौंपा गया ।नगर पालिका क्षेत्र कपासन के ब्रह्मपुरी मोहल्ला स्थित च्यवन ऋषि महाराज मंदिर के बाहर समारोह में विधायक अर्जुनलाल जीनगर,नगर पालिका कपासन अध्यक्ष मंजूदेवी सोनी,भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष पंकज सिरोया आदि द्वारा आश्रम की सेवा समिति अध्यक्ष ओमप्रकाश व्यास एवं सचिव सुवालाल बारेगामा,कोषाध्यक्ष जगदीशचंद्र बारेगामा सहित अन्य सदस्यों को च्यवन आश्रम समाज का नगर पालिका की ओर से बनाया गया पट्टा सौंपा गया। नगर पालिका पार्षद सुनीता शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में समिति अध्यक्ष ओमप्रकाश व्यास एवं विधायक अर्जुनलाल जीनगर द्वारा सामाजिक कार्य में सहयोग प्रदान करने पर सेवा समिति के सदस्यों एवं पदाधिकारीयो का माला एवं केसरिया दुपट्टा ओढ़ाकर स्वागत अभिनंदन किया गया।

## चित्तौड़गढ़ जिले के गंगरार थाना पुलिस की बड़ी कार्यवाही

### पंजाब के तीन हथियार तस्कर गिरफ्तार, चार पिस्टल मय मैगजीन व चार अतिरिक्त मैगजीन जब्त, गिरोह के सदस्य होकर स्वयं की सुरक्षा व अन्यत्र बेचने के लिए खरीदे हथियार

बढ़ता राजस्थान



**चित्तौड़गढ़, ( नि.स. )।** अवैध हथियारो की तस्करी के खिलाफ गंगरार थाना पुलिस ने बड़ी कार्यवाही करते हुए पंजाब के तीन हथियार तस्करो को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चार पिस्टल मय मैगजीन व चार अतिरिक्त मैगजीन जब्त किये है। गिरफ्तार आरोपी चित्तौड़गढ़ से बीकानेर जाने वाली बस में हथियार ले जाते हुए पकड़ाए है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों से पूछताछ शुरू कर दी है।

आरोपियों ने पिस्टल को 35 से 45 हजार में एमपी के खण्डवा से खरीद कर लाना बताया गया है। सभी आरोपी गिरोह के सदस्य होकर स्वयं की सुरक्षा व अन्यत्र बेचने के लिए हथियारों को खरीद कर लाए है। जिले में अवैध हथियारों की तस्करी करने वालों के खिलाफ धरपकड़ कार्यवाही के लिए थानाधिकारी गंगरार फूलचन्द टेलर (पुनि) थाने के जाप्ता एएसआई बलवन्तसिह, एएसआई रमेशचन्द्र, हैड कानि. प्रमोद कुमार, कानि. प्रदीप कुमार, दिनेश, रिधिकरण, भरत कुमार व रोहिताश्व के साथ थाना क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली कि चित्तौड़गढ से बीकानेर जाने वाली स्लीपर बस में कुछ व्यक्ति हथियार लेकर जा रहे हैं। सूचना पुख्ता होने पर टोल नाका के पास चित्तौड़गढ से बीकानेर जाने वाली स्लीपर बस को रोक कर मुखबीर द्वारा बताये हुलिये के अनुसार तीन व्यक्तियो पंजाब के अमृतसर जिले के कमोके थाना व्यास निवासी 27 वर्षीय गुलाबसिह पुत्र सुखदेवसिह मजबी सिक्ख, पंजाब के गुरदासपुर जिले के रगणनगल थाना अचल निवासी 20 वर्षीय अनमोलप्रीतसिह पुत्र बलजीतसिह मजबी सिक्ख व अमृतसर जिले के महेता चौक थाना महेता चौक निवासी 20 वर्षीय साहीब जंगरूपसिह पुत्र विक्रमजीतसिह मजबी सिक्ख की तलाशी ली गयी। पुलिस द्वारा ली गई तलाशी में उनके कब्जे मे रखे बैग मे चार अवैध पिस्टल मय मैगजीन व चार अतिरिक्त मैगजीन मिली। अवैध चार पिस्टल मय मैगजीन व चार अतिरिक्त मैगजीन को जब्त कर आरोपियों गुलाबसिह, अनमोलप्रीतसिह व साहिब जगरूपसिह को गिरफ्तार किया गया।

## नशे की शत प्रतिशत प्रभावी रोकथाम के लिए सख्ती बरते अधिकारी- जिला कलेक्टर

### जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में नार्को कोर्डिनेशन समिति की बैठक आयोजित




बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( विष्णु दत्त धीमान )।** जिला कलेक्टर डॉ महेंद्र खड़गावत ने कहा कि जिले में नशे की प्रभावी रोकथाम के लिए सभी संबंधित अधिकारी सख्ती बरते। जिले में शत प्रतिशत नशे के सेवन पर रोकथाम व ट्रांसपोर्टेशन को रोकना सुनिश्चित करें । जिला कलेक्टर शुक्रवार को नारको कोर्डिनेशन की जिला स्तरीय समिति की बैठक में मौजूद अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे। जिला कलेक्टर ने कहा कि आगामी युवा पीढ़ी को बचाने व भविष्य सुधारने के लिए नशे में लिप्त लोगों पर प्रभावी कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि विद्यालयों, कॉलेज के बाहर पुलिस विभाग व अन्य संबंधित अधिकारी बारीकी से निगरानी रखे एवं नशे के बारे में सूचना मिलते ही तत्काल रूप से सूचित करें । उन्होंने कहा कि नशे के दुष्परिणाम के बारे में युवा पीढ़ी व आमजन को जागरूक करने के लिए जागरूकता अभियान व अन्य कार्यक्रमों का नियमित अंतराल में आयोजन करें। उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को नशीली दवाओ के प्रभावी रोकथाम के निर्देश दिए ।

जिला पुलिस अधीक्षक श्याम सिंह ने कहा कि नशीले पदार्थों की तस्करी के बारे में खुफिया जानकारी मिलने पर जानकारी का आदान-प्रदान करे जिससे की कार्रवाई की जा सके । उन्होंने पुलिस विभाग के अधिकारियों को अफीम या गांजे की वैध व अवैध खेती के बारे में निगरानी रखने को निर्देशित किया साथ ही अन्य अधिकारियों को कहा कि नशे के बारे में किसी भी प्रकार की सूचना मिलने पर पुलिस अधिकारियों को अवगत कराया जाए जिससे कि जिले में नशे पर पूर्णतया प्रतिबंध लगाया जा सके । बैठक में कार्यवाहक एडीएम श्री गौरव बुढ़ानिया, एडिशनल एसपी श्री भूपेंद्र शर्मा, जिले के समस्त उपखंड अधिकारी सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारीगण मौजूद रहे।

# नालसा योजना एवं मानसिक स्वास्थ्य देखभाल अधिनियम विषय पर एक दिवसीय सेमीनार का हुआ आयोजन




बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (नि.स.)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा नालसा (मानसिक रूप से बीमार और मानसिक रूप से असक्षम व्यक्तियों के लिए कानूनी सेवाएं) योजना, 2015 एवं मानसिक स्वास्थ्य देखभाल अधिनियम, 2017 विषय पर गुरूवार को एक दिवसीय सेमीनार का आयोजन एडीआर भवन, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भरतपुर में जन साहस संस्था के सहयोग से किया गया कार्यक्रम की शुरूआत जिला एवं सेशन न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भरतपुर केशव कौशिक के द्वारा दीप प्रज्वलित करके की गई। केशव कौशिक द्वारा बताया गया कि विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम 1987 की धारा 12 के तहत प्रत्येक असक्षम व्यक्ति निःशुल्क विधिक सेवा प्राप्त करने के अधिकारी हैं और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा मानसिक रूप से अस्वस्थ और असक्षम व्यक्तियों के लिए निःशुल्क विधिक सेवा उपलब्ध कराई जाती है। मानसिक बीमारी, उचित दवाई एवं देखरेख के साथ साध्य है। मानसिक व्यक्ति के साथ कोई भेदभाव नहीं करना चाहिए, बल्कि उसके साथ अत्यधिक संवेदनशीलता एवं देखभाल का व्यवहार करना चाहिए। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अनुतोष गुप्ता ने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा मानसिक रूप से बीमार और मानसिक रूप से विकलांग व्यक्तियों के लिए वर्ष 2015 में एक स्कीम जारी की गई और उस स्कीम में विहित विधिक प्रावधानों की चर्चा के लिए एवं अशक्त व्यक्तियों के प्रति समाज में संवेदनशीलता को बढावा देने के लिए यह सेमीनार आयोजित की जा रही है। सेमीनार में श्रम विभाग, शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास अधिकारिता विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, बाल संरक्षण ईकाई, मानव तस्करी विरोधी यूनिट, बाल कल्याण समिति, स्वास्थ्य विभाग, पुलिस बाल कल्याण अधिकारी, असिस्टेंट लीगल डिफेन्स काउन्सिल, विधि छात्र एवं पैरा लीगल वॉलिटियर्स प्रतिवादीगणों ने भाग लिया और सेमिनार में जन साहस फाउण्डेशन की क्लस्टर कॉर्डिनेटर पूजा परमार, प्रोफेशनल काउंसलर सौम्या तथा शिवचरण तथा वीडियो कॉफ्रेन्स के माध्यम से अमृता एस. डूडिया ने अपनी बात रखी। इसके पश्चात् जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा जेल में संचालित प्रिजन लीगल एड क्लीनिक में कार्यरत जेल विजिट अधिवक्ता एवं पीएलवी के साथ एक ऑरियंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। केन्द्रीय कारागृह एवं महिला कारागृह, उप-कारागृह डीग, बयाना में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा प्रिजन लीगड एड क्लीनिक का संचालन किया जाता है और प्रिजन लीगल एड क्लीनिक पर जेल विजिट अधिवक्ता एवं पीएलवी के द्वारा बंदियों के विधिक अधिकारों की

# समृध्द भारत अभियान के निदेशक व दानदाता बने मददगार

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (आशीष वर्मा)।** जसवन्त प्रदर्शनी एवं पशु मेले में पिछले दिनों वर्षा एवं आंधी से हुये नुकसान को देखते हुए समृद्ध भारत अभियान के निदेशक सीताराम गुप्ता एवं शहर के अन्य दाताओं ने 50 चाट-पकोड़ी, छोटे झूले, ढकेल व फुट पाती आदि दुकानदारों को एक लाख से अधिक की नकद सहायता राशि एवं 50 जोड़ी महिला व पुरूषों के वस्त्र प्रदान किये हैं। चाहे यह राशि नुकसान के मुकाबले काफी कम थी लेकिन इसे प्राप्त कर पीड़ित दुकानदारों की आंखे खुशी के आंसूओं से भर आई। सहायता राशि में समृद्ध भारत अभियान के निदेशक सीताराम गुप्ता 50 हजार, चैम्बर ऑफ कामर्स के अध्यक्ष कृष्ण मुरारी अग्रवाल 21 हजार, उद्योगपति कृष्ण कुमार अग्रवाल 10 हजार, जीआरपी के पूर्व उपनिरीक्षक प्रेमसिंह 10 हजार एवं स्वास्थ्य मंदिर के वीरेन्द्र अग्रवाल 11 हजार रूपये व 50 जोडी वस्त्र शामिल हैं। जिनका वितरण नुमाइश में आयोजित कार्यक्रम में किया गया। सहायता राशि वितरण समारोह में बोलते हुए समृद्ध भारत अभियान के निदेशक सीताराम गुप्ता ने कहा कि नुमाइश हमारी ऐतिहासिक धरोहर है। जिसका आयोजन पिछले 100 से अधिक वर्षो से होता आ रहा है। पिछले दिनों तेज आंधी व वर्षा के कारण दुकानदारों का लाखों रुपये का नुकसान हुआ इसकी भरपाई तो नहीं की जा सकती किन्तु जनसहयोग से जो राशि दी




गई है उससे राहत अवश्य मिलेगी। उन्होंने कहा कि पीड़ित दुकानदारों को राज्य सरकार से सहायता राशि दिलाने के प्रयास भी किये जा रहे हैं। समारोह में भूरी सिंह व्यायामशाला के संयोजन चुन्नी कप्तान ने सीताराम गुप्ता द्वारा किये गये सामाजिक कार्यो की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने जब भी कोई आपदा आई सब में आगे बढकर पीडित लोगों की सेवा की है। नुमाइश के पीड़ित दुकानदारों को सहायता राशि दिलाने में गुप्ता का सबसे बड़ा योगदान रहा है। विद्युत निगम के पूर्व अधीक्षण अभियन्ता हेमराज गोयल ने पीड़ित मानव की सेवा को सबसे बडी सेवा बताते हुए कहा कि नुमाइश के पीड़ित दुकानदारों को जो सहायता राशि दी है उससे उनके नुकसान को पूरा नहीं किया जा सकता लेकिन इस सहायता राशि से उन्हें राहत अवश्य मिलेगी। कार्यक्रम में सभी दुकानदारों को फल भी वितरित किये गये। समृद्ध भारत अभियान के प्रदेश प्रभारी पुनीत गुप्ता ने बताया कि नुमाइश देश के विभिन्न राज्यों से आये दुकानदारों को आर्थिक मदद प्रदान की गयी है, जिसमे फिरोजाबाद, कानपुर, दिल्ली, कोटा, बारां, जयपुर, धौलपुर, भिंड, मथुरा, आगरा, बंदायु, उन्नाव, करौली, गंगापुर, ग्वालियर, दौसा, डीग, भरतपुर आदि जिले के मेले के आपदा पीड़ित दुकानदारों को लाभान्वित किया गया । इस अवसर पर सीडीपीओ महेन्द्र अवस्थी, स्वास्थ्य मन्दिर के वीरेन्द्र अग्रवाल, कुश्ती संघ के चुन्नी कप्तान, प्रेमसिंह, अनिल कुमार गर्ग, विष्णु मित्तल, मौनू सैन, ओमप्रकाश ठाकुर सहित शहर के गणमान्य नागरिक व दुकानदार उपस्थित थे। संचालन सीडीपीओ महेन्द्र अवस्थी ने किया

# इनरव्हील दिवास ने स्कूली बच्चों को दीपावाली पर्व पर प्रदूषण रोकने का दिया संदेश

बढ़ता राजस्थान



**उदयपुर (दिनेश गोठवाल)।** शहर के इनरव्हील क्लब ऑफ उदयपुर दिवास ने भुवाणा के राजकीय प्राथमिक स्कूल देवरा मगरी में आदिवासी स्कूली बच्चों के साथ दीपावाली उत्सव मनाया। क्लब प्रेसिडेंट नयना जैन ने बताया कि क्लब सदस्यों ने बच्चों को दीपावाली मनाने का कारण जिसमें श्री राम के 14 वर्ष वनवास से लौटने, लक्ष्मी पूजा तथा दीपावाली की महकता बताई। बच्चों को प्रदूषण नियंत्रण तथा सुरक्षित ढंग से दीवाली मनाने और हाइजीन की भी शिक्षा दी गई। साथ ही सभी बच्चों को दीपावाली के लिए मिट्टी के दिये, तेल, बत्ती, फुलझड़ी, बिस्किट, वेफर्स, चॉकलेट,तथा अन्य खाद्य सामग्री दी गई। इस अवसर पर अक्षय पात्र फाउंडेशन उदयपुर के मुख्य वितरण अधिकारी अभिनव सेन, समीक्षा खंडेलवाल, शशि मेहता, ललिता बापना, शैफाली मेहता,पायल जैन, आशा नावेडिया, इंद्रा चौरड़िया, बेला व्यास, ज्योति साहू प्रमिला कोठारी मौजूद रहीं।

# अरावली एवेंजर्स और पिछोला पैंथर्स ने जीते अपने मैच

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (दिनेश गोठवाल)।** उदयपुर क्रिकेट प्रीमियर लीग अब अपने समापन की ओर अग्रसर है। शनिवार को सेमीफाइनल खेले जाएंगे। इससे पूर्व लीग मैच में अरावली अवेंजर्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 129 रन ही बना पाई। वंडर सीमेंट प्रजेंट्स यूपीएल के अनिरुद्ध सांखला ने बताया कि पैलेस नाइट्स के प्रवीण मीणा ने तीन और चेतन नागदा ने दो विकेट लिए। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी अरावली अवेंजर्स की टीम ने एक बॉल शेष रहते लक्ष्य हासिल कर लिया। अरावली अवेंजर्स की तरफ से तरुण देवल ने 45 और गौरव चौधरी ने 46 रन बनाएं। मुख्य अतिथि एडवोकेट वैभव जैन ने प्रवीण मीणा को मैन ऑफ़ द मैच का पुरस्कार दिया। वंडर सीमेंट प्रजेंट्स यूपीएल के प्रतीक परिहार ने बताया कि दूसरे मैच में रात्रिकालीन मैच में पिछोला पैंथर्स ने एलसी वॉरियर्स को 73 रन से हराया। टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने उतरी पिछोला पैंथर की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में पांच विकेट खोकर 184 रन बनाएं। पिछोला पैंथर्स की तरफ से संचित टाक ने शानदार अर्धशतक लगाकर 66 रन और सत्तार खान ने 46 रन बनाए। जवाब में एलसी वॉरियर्स की टीम 111 रन पर ऑल आउट हो गई। पिछोला पैंथर्स की तरफ से रौनक जैन ने 3 वैभव राव, राजेंद्र सिंह ने दो-दो विकेट

# ल्यूकेमिया योद्धाओं और उनके परिवार के लिए मानसिक स्वास्थ्य सेमिनार आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (नि.स.)।** रोटरी क्लब उदयपुर युवा ने ल्यूकेमिया योद्धाओं और उनके परिवार के लिए मानसिक स्वास्थ्य सेमिनार आयोजित किया। क्लब अध्यक्ष रोटेरियन सीए यश कुनावत ने बताया कि क्लब ने जीबीएच मेमोरियल कैंसर अस्पताल, बेडवास में ल्यूकेमिया मरीजों और उनके परिवार के मानसिक स्वास्थ्य पर वार्ता आयोजित की। वक्ता, डॉ. अन्जू गिरि, जो एक अंतरराष्ट्रीय मनोवैज्ञानिक हैं, ने इस बात पर जोर दिया कि मरीजों और उनके परिवार को भविष्य पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए और बेहतर भविष्य की आशा रखनी चाहिए। डॉ. गिरी ने मरिज़ो और उनके परिजनों से वार्ता कर उनके स्वास्थ और अन्य जानकारी ले कर उनकी समस्याओं का समाधान करने का प्रयास किया। जीबीएच मेमोरियल कैंसर अस्पताल के ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. मनन सरूप्रिया ने इस बात पर जोर दिया कि ल्यूकेमिया के मरीजों को 6-8 महीनों तक उपचार करना पड़ता है, इसलिए मानसिक



स्वास्थ्य सेमिनार मरीजों और उनके परिवार के लिए बहुत ही फलदायक था। कार्यक्रम का संचालन रोटेरियन डॉ. दक्षिता गग्गर ने की, जिसमें सचिव रोटेरियन अमित जैन, डॉ. मानसी और डॉ. रोहित

# विभिन्न शिक्षक सम्मेलनों में डॉ. गर्ग ने की शिरकत

## राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों की महती भूमिका-डॉ. गर्ग




बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (आशीष वर्मा)।** भरतपुर में आयोजित विभिन्न शिक्षक संघों के अधिवेशन में पूर्व मंत्री व वर्तमान विधायक डॉ. सुभाष गर्ग ने अतिथि के रूप में शिरकत कर शिक्षक संगठनों से एकता के साथ अपनी समस्याओं का समाधान कराने का आव्हान किया। डॉ. गर्ग ने राजस्थान शिक्षक संघ अम्बेडकर एवं राजस्थान शिक्षक संघ एकीकृत के वार्षिक शैक्षणिक सम्मेलनों को सम्बोधित करते हुये कहा कि शिक्षक की राष्ट्र निर्माण में महत्ती भूमिका होती है। शिक्षकों समाज का दर्पण होता है बच्चों को योग्य बनाने के लिये शिक्षक समर्पण भाव के साथ कार्य करने में अपना योगदान दें। उन्होंने कहा कि गरीब, वंचित वर्ग के बच्चों को शैक्षणिक सहायता देने के लिये शिक्षकों को आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि उनका प्रयास है कि भरतपुर एज्यूकेशन हब के रूप में विकसित हो साथ ही उन्होंने शिक्षकों से भी भरतपुर में शिक्षा के विकास में योगदान देने का आव्हान किया।

# भरतपुर जिला सीनियर महिला पुरुष बॉक्सिंग टीम का चयन 26 नवंबर को

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (आशीष वर्मा)।** भरतपुर जिला बॉक्सिंग संघ अध्यक्ष राजवीरसिंह फौजदार पूर्व जिला प्रमुख भरतपुर ने बताया कि 40 बी राज्य स्तरीय सीनियर पुरुष मुक्केबाजी प्रतियोगिता एवं 24 बी राज्य स्तरीय सीनियर महिला मुक्केबाजी प्रतियोगिता दोनों वर्गों की 8 से 10 नवंबर को कोटा में आयोजित की जाएगी जिसमें भरतपुर जिले की टीम का गठन शनिवार को महर्षि दयानंद सरस्वती वैदिक साधु आश्रम जघीना गेट भरतपुर पर वरिष्ठतम बॉक्सिंग कोच सुरेंद्रकुमार सोलंकी के मार्गदर्शन में टीम का चयन किया जाएगा एवं प्रतियोगिता के संबंध में अधिक जानकारी के लिए 9828445829 पर संपर्क कर सकते हैं। प्रवक्ता रूपेंद्र लुल्हारा ने बताया की भरतपुर

# जसवंत प्रदर्शनी में आपदा पीड़ित हुए परिवारों की स्वास्थ्य मंदिर ने की मदद

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (आशीष वर्मा)।** जसवंत प्रदर्शनी एवं पशु मेले में चार दिन पहले आए आंधी तूफान में नुकसान से हुए पीड़ित दुकानदारों के जरूरतमंद एक सो ग्यारह परिवारों को खुशियां आपके द्वार प्रकल्प के तहत आज स्वास्थ्य मंदिर की ओर से कपड़े प्रदान किए गए। समृद्ध भारत अभियान के निदेशक सीताराम गुप्ता ने कहा कि कल भामाशाहों के सहयोग से उन्हें आर्थिक मदद प्रदान की गई आज स्वास्थ्य मंदिर के सहयोग से उन्हें कपड़े प्रदान किये गये। स्वास्थ्य मंदिर के सेवा प्रभारी संदीप श्रीवास्तव ने कहा कि जसवंत प्रदर्शनी 100 वर्ष पुरानी भारतपुर की परंपरा है जिसमें बहुत दूर-दूर से छोटे दुकानदार रेहड़ी पट्टी लगाकर अपना उपार्जन करते हैं, उन्हें आत्मसम्मान प्रदान करने के लिए हमें उनकी



मदद करनी बहुत जरूरत है ताकि आने वाले समय में यह परंपरा लगातार जारी रहे और चलती रहे। कार्यक्रम में डॉक्टर दिगंबर सिंह, विष्णु मित्तल, मनीष फौजदार व समृद्ध भारत अभियान के अन्य सदस्यों ने सहयोग प्रदान किया।

# अशोका ग्रीन में लगी स्मार्ट डील सेल, ग्राहकों की उमड़ रही भीड़

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (दिनेश गोठवाल)।** शहर के अशोका ग्रीन, 100 फीट रोड शोभागपुरा में स्मार्ट डील की ओर से 25 अक्टूबर से शुरू हुई सेल में ग्राहकों की भारी भीड़ उमड़ रही है। यह सेल 29 तक रहेगी ।इस सेल में लेटेस्ट क्वालिटी के ब्रांडेड जूते, चप्पल, सैंडिल, कपड़े, गारमेंट्स, मिक्सर-जूसर, वाटर बॉटल, ओवन के अलावा लेडीज पर्स, ट्रॉली बैग, किचन होम एप्लायंसेज, बच्चों के खिलौने, कॉस्मेटिक आइटम्स, गृह सज्जा के सामान और पुस्तकें बड़ी मात्रा में उपलब्ध हैं।

सेल के डायरेक्टर मयंक चौधरी ने बताया कि ग्राहकों की मांग को ध्यान में रखते हुए इनमें से कई आइटम्स पर 80: तक डिस्काउंट दिया जा रहा है। उदयपुर के लोगों के लिए यह सेल खास है, और ग्राहक विश्वास के साथ सामान की खरीददारी कर रहे हैं।

इस अवसर पर अशोका ग्रीन के विक्रम माधवानी ने कहा, यह सेल ग्राहकों के लिए खरीदारी का बेहतर अवसर है। यह न केवल ग्राहकों को बेहतरीन सामान उपलब्ध कराता है, बल्कि स्थानीय व्यापार को भी बढ़ावा देता है। अशोका ग्रीन में सेल का आयोजन हमारे लिए खुशी की बात है।

विक्रम माधवानी ने बताया कि इस सेल का आयोजन उदयपुर के ग्राहकों के लिए अच्छा अवसर है। यहां पर कम कीमतों पर अच्छी सामग्री खरीदने का मौका मिल रहा है। हम चाहते हैं कि हर कोई यहां से कुछ न कुछ खरीदकर ही जाए।

# ट्रेक्टर और कार में भीषण टक्कर

बढ़ता राजस्थान

जयपुर। शिवदासपुरा इलाके के हाइवे 52 स्थित पुलिया पर शुक्रवार दोपहर को ट्रेक्टर और कार में भीषण भिड़ंत हो गई। इस दौरान एक बाइक भी चपेट में आ गई। टक्कर इतनी तेज थी कि ट्रेक्टर 3 हिस्सों में टूटकर बिखर गया और कार व बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस ने बताया कि हादसे में बाइक सवार उछलकर पुलिया से नीचे गिर गया और इस दौरान वह गंभीर घायल हो गया जिससे तत्काल महात्मा गांधी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत मौत घोषित कर दिया। मृतक रमेश चंदलाई गांव का रहने वाला बताया जा रहा है ।

# फिट इण्डिया फ्रीडम रन का आयोजन, जिला कलक्टर ने दिखाई हरी झंडी



## सभी जिला स्तरीय अधिकारी एवं आमजन ने लिया भाग

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (नि.स.)।** फिट इण्डिया फ्रीडम रन 5.0 के तहत सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती तक आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रमों की श्रंखला में शुक्रवार को प्रातः 6.30 बजे शास्त्री पार्क से जिला स्तरीय फिट इण्डिया फ्रीडम रन का आयोजन किया। जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव ने शास्त्री पार्क के गेट से रन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने बताया कि इस बार स्वच्छता एवं स्वास्थ्य की थीम पर फिट इण्डिया फ्रीडम रन का आयोजन किया जा रहा है। फिट इण्डिया फ्रीडम रन में जन प्रतिनिधियों, खिलाडियों, सभी जिला स्तरीय अधिकारी-कर्मचारियों, महिलाओं, छात्र-छात्राओं, स्वच्छता व स्वास्थ्य के क्षेत्र में कार्य करने वाली संस्थाओं, प्रबुद्ध जन ने भाग लिया। फिट इंडिया फ्रीडम रन विश्व प्रिय शास्त्री पार्क के मुख्यद्वार से सलूजा नर्सिंग होम होते हुए अम्बेडकर पार्क के सामने समापन हुई। जिला स्थापना पर होगी मैराथन जिला कलक्टर डॉ यादव ने बताया कि शहर में आमजन को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लिए जिला स्थापना दिवस पर आगामी फरवरी माह में मैराथन दौड़ आयोजित की जाएगी। जिसमें 5 किलोमीटर 10 किलोमीटर तथा 21 किलोमीटर की तीन श्रेणियां में दौड़ का आयोजन किया जाएगा।

### संभागियों को दिलाई शपथ

जिला कलक्टर ने रन शुरु करने से पहले शास्त्री पार्क के द्वार पर सभी संभागियों को देश की एकता एवं फिट इंडिया फ्रीडम पर आधारित प्रतिज्ञा भी कराई। इस अवसर पर सीईओ जिला परिषद मृदुलसिह, एडीएम सिटी राहुल सैनी, अधीक्षण अभियंता जलदाय मनोहरसिंह, उप निदेशक पर्यटन संजय जौहरी, सँयुक्त निदेशक कृषि रमेश महावर, उप निदेशक उद्यान जनकसिह, उप निदेशक रोजगार राजकुमार मीना, अधिशाषी अभियंता नगर निगम बहादुरसिंह, जिला शिक्षा अधिकारी डीएन बंसल सहित अधिकारी गण बड़ी संख्या में

# पुणे टेस्ट- न्यूजीलैंड को 301 रन की बढ़त : दूसरे दिन स्कोर 198/5; सुंदर ने 4 विकेट लिए; भारत पहली पारी में 156 पर ऑलआउट






**पुणे।**

न्यूजीलैंड की टीम पुणे टेस्ट में मजबूत स्थिती में पहुंच गई है। शुक्रवार को दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक टीम ने 5 विकेट खोकर 198 रन बना लिए हैं। अब उसकी कुल बढ़त 301 रन की हो गई है। भारतीय टीम की पहली पारी 156 रन पर सिमट गई थी। न्यूजीलैंड ने पहली पारी में 259 रन बनाए थे। दूसरी पारी में न्यूजीलैंड के लिए टॉम लैथम 86, विल यंग 23, डेरिल मिचेल 18, डेवोन कॉन्वे 17 और रचिन रवींद्र 9 रन बनाकर आउट हुए। भारत की ओर से अब तक वॉशिंगटन सुंदर ने 4 विकेट लिए। रविचंद्रन अश्विन को 1 विकेट मिला। सुंदर ने पहली पारी में भी 7 विकेट लिए थे।

टीम इंडिया ने 140 रन बनाने में आखिरी 9 विकेट गंवा दिए भारतीय टीम पहली पारी में 156 रन पर ऑलआउट हो गई है। शुक्रवार को टीम इंडिया ने 16/1 के स्कोर से खेलना शुरू किया और 140 रन बनाने में आखिरी 9 विकेट गंवा दिए।

भारतीय पारी में रवींद्र जडेजा ने सबसे ज्यादा 38 रन बनाए। यशस्वी जायसवाल और शुभमन गिल ने 30-30 रन का योगदान दिया। न्यूजीलैंड की ओर से मिचेल सैंटनर ने 7 विकेट झटके। ग्लेन फिलिप्स को 2 विकेट मिले। टिम साउदी के खाते में एक विकेट आया।

गुरुवार को टॉस जीतकर बैटिंग करने उतरी न्यूजीलैंड ने पहली पारी में 259 रन बनाए थे। टीम इंडिया सीरीज में 0-1 से पिछड़ रही है।

## फुल टॉस बॉल पर बोल्ड हुए कोहली : जडेजा को दो ओवर में 2 जीवनदान, पंत ने न्यूजीलैंड के कप्तान लैथम का कैच छोड़ा; मोमेंट्स

पुणे टेस्ट का दूसरा दिन भी स्पिनर्स के नाम रहा। न्यूजीलैंड ने भारत को पहली पारी में 156 रन पर समेट दिया। मिचेल सैंटनर ने 7 और ग्लेन फिलिप्स ने 2 विकेट लिए। कीवी टीम को पहली पारी के आधार पर 103 रन की बढ़त मिली। दूसरी पारी में स्टंप्स तक उसने 5 विकेट खोकर 198 रन बनाए। यानी न्यूजीलैंड की कुल बढ़त 301 रन की हो गई है। दिन के पहले ओवर में अंपायर्स कॉल से गिल आउट होने से बचे, यशस्वी जायसवाल का विकेटकीपर ब्लंडेल ने कैच छोड़ा, जडेजा को दो ओवर में 2 जीवनदान मिले दूसरे दिन के यादगार पल रहे। ***आगे पढ़िए ऐसे ही टॉप-8 मोमेंट्स...***

### 1. पहले ओवर में अंपायर कॉल से बचे गिल

दिन के पहले ही ओवर में शुभमन गिल आउट होने से बचे। उन्हें अंपायर्स कॉल ने बचा लिया। मिचेल सैंटनर के ओवर की तीसरी बॉल गिल के पैड पर लगी। सैंटनर ने अपील की, लेकिन फील्ड अंपायर ने इसे नकार दिया। ऐसे में कीवी कप्तान लैथम ने डीआरएस लिया। रिप्ले में दिखा कि गेंद बल्ले पर नहीं लगी है, लेकिन लेग स्टंप के बाहरी हिस्से को हिट कर रही थी। ऐसे में गिल अंपायर्स कॉल से बच गए।

इसके बाद 22वें ओवर में यशस्वी जायसवाल और शुभमन गिल ने फिफ्टी पार्टनरशिप पूरी की, लेकिन मिचेल सैंटनर ने इस साझेदारी को बनते ही तोड़ दिया। सैंटनर ने गिल को 30 रन पर एलबीडब्ल्यू आउट किया।

### 2. जायसवाल को जीवनदान, ब्लंडेल से कैच छूटा

इंडियन पारी के 18वें ओवर में यशस्वी जायसवाल को जीवनदान मिला। मिचेल सैंटनर की ऑफ स्टंप से बाहर जाती बॉल जायसवाल के बल्ले का बाहरी किनारा लेकर विकेटकीपर टॉम ब्लंडेल के पास गई, लेकिन वे इस कैच को नहीं पकड़ सके।

इसके बाद 27वें ओवर में यशस्वी जायसवाल 30 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें ग्लेन फिलिप्स ने डेरिल मिचेल के हाथों कैच कराया।

### 3. फुल टॉस बॉल पर बोल्ड हुए कोहली

24वें ओवर में भारत ने अपना तीसरा विकेट गंवाया। विराट कोहली एक रन बनाकर आउट हुए। उन्हें मिचेल सैंटनर ने बोल्ड कर दिया। यहां कोहली सैंटनर की फुल टॉस बॉल को समझ नहीं पाए और फ्लिक करने की कोशिश में बोल्ड हो गए। विराट आउट होने के बाद खुद से निराश दिखे।

### 4. सरफराज खान का कैच डेरिल मिचेल से छूटा

28वें ओवर में स्लिप पर खड़े डेरिल मिचेल ने सरफराज खान को जीवनदान दिया। यहां सैंटनर को बाहर निकलती फुल बॉल को सरफराज ने डिफेंस किया। बॉल, बैट का बाहरी किनारा लेकर स्लिप पर गई। मिचेल ने सामने की तरफ डाइव लगाई, लेकिन कैच पूरा न कर सके। इस समय सरफराज 1 रन पर थे।

इसके बाद 34वें ओवर में सरफराज 11 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें मिचेल सैंटनर ने ही विलियम ओरूर्क के हाथों कैच कराया।

### 5. जडेजा को दो ओवर में 2 जीवनदान

पारी के 40वें ओवर में सैंटनर की बॉल पर जडेजा को बचे। यहां फुल लेंथ बॉल को जडेजा ने डिफेंस किया। बॉल ने पिच से एक्स्ट्रा बाउंस लिया और बैट से पैड पर लगी। पास में खड़े ग्लेन फिलिप्स ने आगे की तरफ डाइव लगाकर शानदार कैच लिया। न्यूजीलैंड की टीम ने अपील की लेकिन अंपायर ने आउट नहीं दिया। न ही कप्तान टॉम लैथम ने डीआरएस लिया। इस तरीके से जडेजा को जीवनदान मिला।

# ऑस्ट्रेलिया वनडे-कप में 1 रन बनाने में 8 विकेट गंवाए

## वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया के 6 बल्लेबाज शून्य पर आउट; तस्मानिया के खिलाफ 53 रन पर सिमटी



ऑस्ट्रेलिया के डोमेस्टिक वन-डे कप टूर्नामेंट में वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया ने एक अनोखा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। टीम ने 1 रन बनाने में 8 विकेट गंवा दिए।

वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया और तस्मानिया के बीच पर्थ के वाका ग्राउंड में खेले गए मैच में वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया की टीम एक समय 2 विकेट के नुकसान पर 52 रन बना चुकी थी, लेकिन 53 रन के स्कोर पर पूरी टीम सिमट गई। आखिरी के 7 बल्लेबाज खाता तक न खोल सके।

### टीम के 6 बल्लेबाज शून्य पर आउट

इस मुकाबले में तस्मानिया की टीम ने टॉस जीतने के बाद पहले गेंदबाजी का फैसला लिया था। वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया की तरफ से अरोन हार्डी और डार्सी शॉर्ट ने पारी की शुरुआत की। टीम का पहला विकेट आरोन हार्डी 7 रन के रूप में 10 रन पर गिरा। इसके बाद कैमरून बैनक्रॉफ्ट और डार्सी शॉर्ट ने पारी को संभाला। लेकिन 22 के स्कोर पर शॉर्ट आउट हुए। इस समय टीम का स्कोर 45 रन था। इसके बाद कैमरून बैंनक्रॉफ्ट 14 और विकेटकीपर जोश इंग्लिश 1 रन पर आउट हो गए। स्कोर में 7 रन और जुड़े थे कि वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया की टीम ने 52 रनों पर पहुंचने के बाद अपने 5 विकेट और गंवा दिए जिससे 52 के स्कोर तक टीम के 7 खिलाड़ी पवेलियन लौट गए थे। इस स्कोर में एक रन और जुड़ने के बाद 53 के स्कोर पर पूरी वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया की टीम पवेलियन लौट गई। वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया टीम की पारी के आखिरी के 7 बल्लेबाज अपना खाता भी खोलने में कामयाब नहीं हो सके, जिसमें कप्तान एश्टन एगर और कूपर कोनोली का नाम भी शामिल है।

### ब्यू वेबस्टर ने छह विकेट लिए

वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया टीम की पारी को सिर्फ 53 के स्कोर पर समेटने में तस्मानिया टीम के गेंदबाज ब्यू वेबस्टर ने 6 ओवर्स में 2 मेडन फेंकने के साथ 17 रन दिए और छह विकेट अपने नाम किए। इसके अलावा बिली स्टेनलेक ने 3 जबकि टॉम रोजर्स ने 1 विकेट अपने नाम किया। वहीं तस्मानिया की टीम ने 54 रनों के टारगेट को सिर्फ 8 .3 ओवर्स में तीन विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया। तस्मानिया की तरफ से मिचेल ओवेन ने 29 और मैथ्यू वेड ने 21 रन बनाए।

# वॉर्नर की कप्तानी पर लगा लाइफटाइम बैन हटा:2018 में बॉल टेम्परिंग के दोषी पाए गए थे; सिडनी थंडर्स की कप्तानी कर सकेंगे

ऑस्ट्रेलियाई ओपनर डेविड वॉर्नर पर की कप्तानी पर लगा लाइफटाइम बैन हटा दिया गया है। साल 2018 में वॉर्नर को ऑस्ट्रेलिया में किसी भी टीम की कप्तानी करने पर क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया द्वारा जिंदगी भर के लिए बैन कर दिया गया था। अब क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के कंडक्ट कमीशन ने फैसले की समीक्षा करते हुए वॉर्नर से बैन हटाने का फैसला किया है।

बैन के हटने से उनके अगले बीबीएल सीजन में सिडनी थंडर्स की कप्तानी करने के कयास लगाए जा रहे हैं। डेविड वॉर्नर पर ये बैन साल 2018 में साउथ अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट मैच में बॉल टेम्परिंग करने को लेकर लगा था। वॉर्नर के अलावा बॉल टेम्परिंग मामले में स्टीव स्मिथ और कैमरून बैनक्रॉफ्ट भी दोषी पाए गए थे, जिन्हें एक साल के लिए क्रिकेट से बैन कर दिया गया था।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने अपना फैसला वापस लिया डेविड वॉर्नर पर बैन लगाए जाने के 6 साल बाद क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने अपना फैसला वापस ले लिया है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया की ओर से इसे लेकर एक प्रेस रिलीज जारी की गई, जिसमें बताया गया कि 25 अक्टूबर को कंडक्ट कमीशन के 3 सदस्यीय पैनल ने वॉर्नर पर लगे लाइफटाइम लीडरशिप बैन को हटाने का फैसला किया। पैनल ने पाया कि ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट के कोड ऑफ कंडक्ट में साल 2022 में जो बदलाव किए गए हैं, उसके मुताबिक बैन हटाने के नियमों पर वॉर्नर खरे उतरते हैं।

2022 में कप्तानी करने की अपील की थी डेविड वॉर्नर ने 2018 में अपने खिलाफ लाइफटाइम



लीडरशिप बैन लगने के बाद ही वॉर्नर ने इसे वापस लिए जाने की अपील की थी। 2022 में खुद पर लगे बैन से वॉर्नर इतने तंग आ चुके थे कि उन्होंने अपील को वापस ले लिया था। अब 6 सालों के इंतजार के बाद आखिरकार वॉर्नर पर कप्तानी करने से लगी रोक हटा दी गई है। वॉर्नर पर ये रोक सिर्फ ऑस्ट्रेलिया तक ही सीमित थी।

# भारतीय हॉकी टीम शूटआउट में जर्मनी से सीरीज हारी

## 5-3 से जीता था आखिरी मुकाबला, कप्तान हरमनप्रीत ने 2 गोल दागे

**नई दिल्ली।**

भारतीय हॉकी टीम ने वर्ल्ड चैंपियन जर्मनी के खिलाफ 2 मैचों ही सीरीज गंवा दी है। विजेता का फैसला शूटआउट के जरिए किया गया। जिसमें भारत 1- 3 से हार गया।

गुरुवार को कप्तान हरमनप्रीत सिंह और सुखजीत सिंह के 2-2 गोल की बदौलत भारत ने दूसरा मुकाबला 5-3 से जीता। टीम इंडिया की इस जीत से सीरीज 1-1 से बराबर हो गई थी, क्योंकि जर्मनी ने पहला मुकाबला 2-0 से जीता था।

मेजर ध्यानचंद स्टेडियम पर दूसरे टेस्ट में जर्मनी के लिए एलियान माजकूर ( 7वें और 57वें मिनट में) ने दो और हेनरिक मर्टजेंस ने 60वें मिनट में एक गोल किया। वहीं, भारतीय टीम की ओर से दूसरे हाफ में सुखजीत सिंह ( 34वां और 48वां मिनट) , कप्तान हरमनप्रीत सिंह (42वां और 43वां ) और अभिषेक (45वां मिनट ) ने गोल दागे।

भारत शूटआउट में एक गोल ही कर सका सीरीज का फैसला करने के लिए हुए शूटआउट में भारतीय खिलाड़ी 5 प्रयास में एक गोल ही कर सके, जबकि जर्मन ने 3 गोल दागे। भारत के लिए डेब्यू कर रहे आदित्य अर्जुन लालगे ने गोल दागा, जबकि हरमनप्रीत, अभिषेक, मोहम्मद राहील नाकाम रहे। गोलकीपर कृष्ण बहादुर पाठक ने 2 गोल बचाए, लेकिन टीम की हार को नहीं टाल सके।

पहले क्वार्टर में जर्मन डिफेंड को नहीं भेद सके भारतीय भारत ने मुकाबले में आक्रामक शुरुआत की। टीम ने शुरुआती मिनटों में कई मौके बनाए, लेकिन जर्मन डिफेंस को नहीं भेद सके। वहीं, जर्मनी के एलियान ने 7वें मिनट में गोल करके अपनी टीम को बढ़त पर ला दिया। उन्होंने दाहिने कॉर्नर से रिवर्स शॉट पर गोल दागा।

2 मिनट बाद आदित्य गोल करने के करीब पहुंचे, लेकिन जरमनप्रीत सिंह से मिले पास पर उनका शॉट जर्मनी के गोलकीपर जोशुआ एन ओंयेकवू ने बचा लिया। जर्मनी को 12वें मिनट में मिले पहले पेनल्टी कॉर्नर पर लुकास विंडफेडर का शॉट बाहर से निकल गया।

हाफ टाइम तक 0-1 से पीछे रहा भारत कुछ मिनटों बाद भारत को पेनल्टी कॉर्नर मिला। जिस पर भारत ने वैरिएशन आजमाया और अपना 200वां मैच खेल रहे अमित रोहिदास ने हरमनप्रीत को गेंद सौंपी,



लेकिन उनके शॉट को जर्मन गोलकीपर ने बचाया। जर्मनी को पलटवार पर मिला पेनल्टी कॉर्नर भारत ने नाकाम कर दिया ।

भारत को दो और पेनल्टी कॉर्नर मिले, लेकिन गोल नहीं हो सका। हाफटाइम से दो मिनट पहले जर्मनी को मिला पेनल्टी कॉर्नर बेकार गया। दूसरे हाफ के पहले 4 मिनट में ही भारत ने आक्रामक खेल दिखाते हुए तीन पेनल्टी कॉर्नर बनाए, लेकिन खाता नहीं खुल सका। हरमनप्रीत ने एक मिनट में दो गोल दागे हरमनप्रीत ने एक मिनट के भीतर 2 पेनल्टी कॉर्नर को तब्दील करके भारत को बढ़त दिलाई। सुखजीत ने 34वें मिनट में गोल दागा और अभिषेक ने भारत के लिए चौथा गोल किया।


सुखजीत ने 48वें मिनट में लंबे पास पर जर्मन गोलकीपर को छकाते हुए डाइव लगाकर रिवर्स हिट पर गोल दागा। जर्मनी को 54वें मिनट में मिला पेनल्टी कॉर्नर बेकार गया। हूटर से तीन मिनट पहले हालांकि जर्मनी ने एलियान के गोल के दम पर अंतर को कम किया।

# साजिद खान की जर्सी पर थे खून के छीटे फिर भी नहीं छोड़ा मैदान, चोट लगने के बाद भी अंत तक टिके रहे

सऊद शकील (134), साजिद खान (48) और नोमान अली (45) की शानदार बल्लेबाजी के दम पर पाकिस्तान ने तीसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन अपनी पहली पारी में 344 रन बनाए। इसके बाद नोमान और साजिद ने इंग्लैंड को दूसरी पारी में तीन झटके भी दिए हैं, जिससे पाकिस्तान ने दूसरे मैच में मजबूत पकड़ बना लिया है। पाकिस्तान की पारी के दौरान साजिद खान को चेहरे पर चोट लगी, जिसके कारण उनके कंधे पर खून के छीटे भी नजर आए, हालांकि उन्होंने मैदान नहीं छोड़ने का फैसला किया और शकील के साथ साझेदारी निभाई।

पाकिस्तान की पारी के 92वें ओवर में रेहान अहमद के खिलाफ शॉट खेलने के प्रयास में साजिद को चोट लगी। गेंद उनके हेलमेट के ग्रिल के नीचे से होते हुए ठुड्डी में जाकर लगी, जिससे खून निकलने लगा और उनकी जर्सी पर भी खून के छीटे दिखे। इस घटना के कारण मैच कुछ देर के लिए रुका और इस दौरान साजिद ने अपनी जर्सी बदली और फिर खेलने के लिए तैयार हो गए। जिस समय ये हादसा हुआ वह 32 के निजी स्कोर पर खेल रहे थे। सऊद शकील के साथ उन्होंने साझेदारी भी की। शकील 223 गेंद में 134 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद जाहिद भी पवेलियन लौटे।




साजिद ने 48 गेंद में 48 रन बनाए।

पाकिस्तान ने आज कल के तीन विकेट पर 73 रन से आगे खेलना शुरु किया। शोएब बशीर ने कप्तान शान मसूद (26) को आउट कर इंग्लैंड को दिन की पहली सफलता दिलाई। इसके बाद मोहम्मद रिजवान (25) को रेहान अहमद ने पवेलियन भेज दिया। आगा सलमान (एक),आमेर जमाल (14) को भी रेहान ने अपना शिकार बनाया। नोमान अली को शोएब बशीर ने आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये साजिद खान भी पिच पर जमे रहे। गस ऐटकिंसन ने सऊद शकील (134) को आउट किया। साजिद खान (48) रन बनाकर नाबाद रहे। पाकिस्तान ने 344 रन बनाकर पहली पारी के आधार पर 77 रनों की महत्वपूर्ण बढ़त हासिल की। दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड शुरुआत बेहद खराब रही और उसने एक के बाद एक 24 के स्कोर तक अपने तीन विकेट गवां दिए।

# दूसरी पारी में भी पंजा लगाने के करीब वॉशिंगटन सुंदर, 10 विकेट हॉल लेकर हासिल की बड़ी उपलब्धि

भारतीय टीम के हरफनमौला वॉशिंगटन सुंदर ने शुक्रवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के दौरान 10 विकेट हॉल हासिल किया। सुंदर करीब 45 महीने बाद भारतीय टेस्ट टीम में जगह बनाने में कामयाब हुए हैं और पहले ही मैच में गेंद से कमाल का प्रदर्शन करके दिखाया है। न्यूजीलैंड ने टॉम लेथम (86 रन) के अर्धशतक से भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन स्टंप तक पांच विकेट 198 रन बना लिए, जिससे उसकी कुल बढ़त 301 रन की हो गई। वॉशिंगटन सुंदर ने न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट के दौरान अपने करियर का पहला 10 विकेट हॉल हासिल किया। डेरिल मिचेल को आउट करके उन्होंने ये उपलब्धि हासिल की। न्यूजीलैंड की दूसरी पारी में वह चार विकेट हासिल कर चुके हैं। न्यूजीलैंड की पहली पारी के दौरान वॉशिंगटन सुंदर ने सात विकेट चटकाए।

कुलदीप यादव की जगह टीम में जगह बनाने वाले सुंदर ने लगभग ढाई साल के बाद टेस्ट टीम में वापसी पर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। इससे पहले उनके नाम चार टेस्ट में छह विकेट थे। दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक टॉम ब्लंडेल 30 और ग्लेन फिलिप्स नौ रन बनाकर खेल रहे थे। भारत के लिए वॉशिंगटन सुंदर ने चार विकेट झटके। सुबह भारत की पहली पारी 156 रन पर सिमट गई। न्यूजीलैंड ने पहली पारी में 259 रन बनाए।



आपको सेवा करनी चाहिए परन्तु किसी से आशा नहीं रखनी चाहिए। सेवा का वास्तविक फल ईश्वर देता है, व्यक्ति नहीं।

-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान



कोप्पल कोर्ट का फैसला

## कर्नाटक में 101 दोषियों को उम्रकैद दलितों की झोपड़ियां जलाई थीं

कर्नाटक।

कर्नाटक की कोप्पल जिला अदालत ने एक साथ 101 दोषियों को उम्रकैद का फैसला सुनाया। यह सामूहिक सजा देश में जाति से जुड़े किसी भी मामले में सबसे ज्यादा है। इन सभी को 28 अगस्त 2014 को गंगावती तालुक के मरकुंबी गांव में जाति आधारित हिंसा के लिए दोषी ठहराया गया था। हिंसा के दौरान 117 लोगों ने दलितों की झोपडियों में आग लगा दी थी। हालांकि 10 साल चली सुनवाई के दौरान 16 दोषियों की मौत हो गई। जस्टिस चंद्रशेखर सी ने इन पर 2000 से 5000 रुपए का जुर्माना भी लगाया है। हिंसा का असर इतना ज्यादा था कि तीन महीने तक पूरे इलाके को पुलिस की निगरानी में रखना पड़ा। वही पुलिस स्टेशन की घेराबंदी कई दिनों तक चली थी। इस दौरान राज्य की दलित अधिकार समिति ने इसके विरोध में मारकुंबी से बेंगलुरु तक मार्च निकाला था। हिंसा के सभी आरोपी अब बल्लारी सेंट्रल जेल में हैं।

## साइक्लोन दाना ओडिशा के तट से टकराकर कमजोर पड़ा

### ओडिशा-पश्चिम बंगाल में बारिश, फ्लाइट-ट्रेनें शुरू हुईं, 7 राज्यों में असर

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** बंगाल की खाड़ी से उठा चक्रवाती तूफान 'दाना' गुरुवार रात 12:05 बजे ओडिशा के तट से 110kmph की रफ्तार से टकराया। सुबह करीब 8:30 बजे तूफान की लैंडफॉल प्रोसेस खत्म हुई। 8:30 घंटे में तूफान की रफ्तार 110kmph से घटकर 10kmph हो गई। दाना के असर से ओडिशा और पश्चिम बंगाल में बारिश हो रही है। भद्रक, केंद्रपाड़ा में 30सेंटीमीअर से ज्यादा बारिश का अनुमान है। सीएम मोहन चरण माझी ने कहा- 5.84 लाख लोगों को रिलीफ कैंप में शिफ्ट किया है। कई इलाकों में पेड़ उखड़े, गाड़ियां भी डैमेज हुईं। वहीं पश्चिम बंगाल में एक की मौत हो गई। कोलकाता और भुवनेश्वर एयरपोर्ट पर फ्लाइट ऑपरेशन शुरू हो गया है। कोलकाता से पहली फ्लाइट सुबह 8.40 बजे रवाना हुई। वहीं, रेलवे ने कहा कि कैंसिल ट्रेनों को छोड़ दें तो ओडिशा और पश्चिम बंगाल जाने वाली बाकी ट्रेनें शेड्यूल के हिसाब से चलेंगी। भुवनेश्वर और कोलकाता एयरपोर्ट पर गुरुवार शाम 5 बजे से शुक्रवार सुबह 8 बजे तक 300 फ्लाइट्स कैंसिल रहीं। वहीं, साउथ ईस्ट रेलवे, ईस्ट कोस्ट रेलवे, ईस्टर्न रेलवे और साउथ ईस्ट सेंट्रल रेलवे की 552 ट्रेनें रद्द की गईं। ओडिशा के अलावा तूफान का असर पश्चिम बंगाल, आंध्र प्रदेश, झारखंड, बिहार, छत्तीसगढ़ और तमिलनाडु में भी देखने को मिला। पश्चिम बंगाल सरकार ने 83 हजार लोगों को रिलीफ कैंप में पहुंचाया।

## 150 फीट गहरे बोरवेल में गिरे युवक की मौत, मोटर को बाहर निकाल रहा था

बढ़ता राजस्थान

**लालसोट।** दौसा में एक युवक 150 फीट गहरे बोरवेल में गिर गया। डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद युवक को बाहर निकाल लिया। हालांकि तब तक युवक की मौत हो चुकी थी। हादसा शुक्रवार शाम करीब 4 बजे मंडावरी के टोडा ठेकला गांव की है। पुलिस ने बताया हेमराज गुर्जर (44) अपने घर से 400 मीटर दूर खेत पर बोरवेल में फंसी मोटर को निकाल रहा था। इस दौरान उसके साथ खेमराज महंत और प्रेमराज सैनी मौजूद थे। अचनाक मिट्टी ढहने से हेमराज बोरवेल में गिर गया। इस पर खेमराज और प्रेमराज ने शोर मचाया। आवाज सुनकर आसपास में मौजूद गांव वाले और परिजन दौड़कर मौके पर पहुंचे। सूचना पर एसडीएम विजेंद्र मीना, डीएसपी दिलीप मीना, सरपंच और ग्राम विकास अधिकारी मौके पर पहुंचे। एसडीएम विजेंद्र मीना ने बताया- मौके पर जेसीबी बुलाकर ग्रामीण और पुलिस ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। करीब डेढ़ घंटे बाद शाम 5:30 बजे 18 फीट की गहराई से हेमराज को अचेत हालत में बाहर निकाल लिया गया। इसके बाद उसे लालसोट के जिला अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# गुंडागर्दी और पत्थरबाजी हमारी सरकार में नहीं चलेगी, सलूंबर में कहां मेरे पास यहां के काम की बड़ी लिस्ट है : सीएम शर्मा

बढ़ता राजस्थान




**उदयपुर।** सलूंबर विधानसभा सीट के लिए कांग्रेस और भाजपा के उम्मीदवारों के समर्थन में शुक्रवार को सभाएं हुई। भाजपा की सभा में सीएम भजनलाल शर्मा आए तो कांग्रेस की सभा में पूर्व मंत्री आए। कांग्रेस की रेशमा मीणा और भाजपा की शांता मीणा ने नामांकन भरा। भाजपा उम्मीदवार के समर्थन में आयोजित सभा में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि जब भी दिवंगत विधायक अमृतलाल मीणा मेरे पास आते थे तो वे सलूंबर की चिंता ही लेकर आते थे। वे मिलने आते और कई मांगों का पत्र देकर जाते थे। उनका लगाव और भाव सलूंबर की चिंता के लिए ही रहता था। इस बार बजट में जो सलूंबर को दिया उनके प्रस्ताव स्व. मीणा ही लेकर आए थे। सीएम ने कहा कि जो हमने कहा वो हम करेंगे। अमृतलाल मीणा के सपने अब शांतादेवी के रूप में पूरी करनी है। विकास की गारंटी हम लेते है। सीएम भजनलाल ने कहा कि खनन के क्षेत्र में विकास मेरी प्राथमिकता रहेगी। आदिवासी भाई दूसरी जगह पलायन करते है काम के लिए उनके लिए हम यहीं रोजगार उपलब्ध कराएंगे। यहां औद्योगिक गतिविधियां बढ़ाने के लिए योजना बना रहे है। जयसमंद झील के जरिए सिंचाई का काम भी हम करेंगे। उन्होंने कहा कि पहले सलूंबर और सराड़ा में कानून व्यवस्था की स्थिति कमजोर थी। सड़कों पर किस तरह की स्थिति होती थी उसको हमने मजबूत किया और इस तरह की घटनाएं हमारी सरकार ने रोकने का काम किया है। गुंडागर्दी और पत्थरबाजी हमारी सरकार में नहीं चलेगी। पीएम नरेंद्र मोदी कहते है कि देश में चार जाति है, ये चार जाति है युवा, महिला, किसान और मजदूर है। हम लोकल फॉर वॉकल की बात करते है। सीएम ने कहा कि मेरे पास सलूंबर के काम की बड़ी लिस्ट है। प्रताप से जुड़े ऐतिहासिक स्थलों को जोड़कर प्रताप सर्किट बनाने का काम हमारी सरकार करेगी। ये सब हमारे बजट में है। सरकार काम करेगी। सलूंबर के विकास के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी है और स्व. अमृतजी के वायदे हम पूरे करेंगे। सीएम ने सबसे हाथ खड़े करवाए कि यहां से वे भाजपा को जीताएंगे। उन्होंने भाजपा उम्मीदवार शांता मीणा को दुपट्टा पहनाया। बाद में वे चौरासी विधानसभा के लिए रवाना हुए। सभा को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सांसद सीपी जोशी, उदयपुर सांसद डा. मन्नालाल रावत, जनजाति मंत्री बाबूलाल खराड़ी, राजस्व मंत्री हेमंत मीणा,उदयपुर ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा आदि ने भी संबोधित किया। उल्लेखनीय है कि भाजपा की शांता देवी मीणा ने एक दिन पहले गुरुवार को भी नामांकन दाखिल किया था। उनके साथ उनके बेटे अविनाश मीणा ने भी पार्टी से नामांकन दाखिल किया था। सलूंबर में कांग्रेस प्रत्याशी रेशमा मीणा ने आज उपखंड अधिकारी पर्वत सिंह के समक्ष अपना नामांकन दाखिल किया। इस दौरान पीसीसी सदस्य परमानंद मेहता, जिला परिषद सदस्य ख्यालीलाल सुहालका, कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी ताराचंद मीणा मौजूद रहे। इस दौरान इस सीट के प्रमुख दावेदार रघुवीर सिंह मीणा नहीं आए और यह संदेश दिया कि वे रेशमा को टिकट देने को लेकर बहुत नाराज है। नामांकन के दौरान पत्रकारों ने पूछा तो उदयपुर देहात के अध्यक्ष कचरूलाल चौधरी से पूछा तो बोले कि वे काम से अहमदाबाद गए है। बता दें कि रघुवीर मीणा का टिकट कटने के बाद उनको इस बात की नाराजगी ज्यादा थी कि उनके चुनाव में जो बागी होकर रेशमा मैदान में आई और उनको चुनाव हराया उसको टिकट बर्दाश्त नहीं।

### दो साल की भर्ती का कैलेंडर जारी किया : शर्मा

सीएम शर्मा ने कहा कि दो साल की भर्ती का कैलेंडर भी हमने जारी किया है। ये 90 हजार वैकेंसी हमने निकाली है। ये पोस्टे क्या दस महीने में थोड़ी खाली हुई। 60 हजार चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की भर्ती हमने निकाली। कांग्रेस की तरफ इशारा करते हुए कहा कि वे सरकार में थे तब ये भर्ती क्यों नहीं निकाली। हमने कहा पांच साल में चार लाख नौकरी देंगे। वैकेंसी निकलती रहेगी हमारी सरकार मे। उन्होंने कहा कि हमने पानी और बिजली के क्षेत्र में एमओयू किया है यहां अब परेशानियां नहीं होगी। 2027 तक राजस्थान बिजली के मामले में आत्मनिर्भर कर देंगे। किसानों को दिन में बिजली देंगे। किसान सम्मान निधि हमने देने का काम किया है।

## भाजपा ने केजरीवाल पर हमला कराया उनकी जान भी जा सकती थी : आतिशी



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** दिल्ली की सीएम आतिशी ने शुक्रवार शाम को दावा किया कि भाजपा के लोगों ने अरविंद केजरीवाल पर जानलेवा हमला किया। उन्होंने कहा- आज विकासपुरी इलाके में पदयात्रा के दौरान कुछ भाजपा कार्यकर्ताओं ने अरविंद केजरीवाल के खिलाफ नारे लगाए और उन पर हमला किया। आतिशी ने कहा कि इस हमले में केजरीवाल के साथ कुछ भी हो सकता था। अगर उनके पास हथियार होते तो अरविंद केजरीवाल की जान भी जा सकती थी। दिल्ली सरकार के मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा- जब ईडी, सीबीआई और जेल से भी बात नहीं बनी, तो अब भाजपा वाले अरविंद केजरीवाल पर हमले करवा रहे हैं।

अगर केजरीवाल जी को कुछ भी होता है, तो उसके लिए भाजपा सीधे तौर पर जिम्मेदार होगी। दिल्ली में साल 2025 की शुरुआत में ही विधानसभा चुनाव होने हैं। आप जनसंपर्क अभियान चला रही है। दिल्ली के सभी विधानसभा क्षेत्रों में पदयात्रा निकाल रही है।

## एआई, सेमीकंडक्टर और हरित प्रौद्योगिकी अपनाने में भारत-जर्मनी का तालमेल वैश्विक विकास को गति देगा : पीयूष गोयल

बढ़ता राजस्थान




**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि जर्मनी की सटीक अभियांत्रिकी कला और भारत की भौतिक, डिजिटल अथवा सामाजिक बुनियादी ढांचे में विस्तार करने की क्षमता दुनिया के लिए कुछ असाधारण मानदंड स्थापित करने में सहायता करेगी। पीयूष गोयल ने आज नई दिल्ली में जर्मन बिजनेस के 18वें एशिया प्रशांत सम्मेलन (एपीके) के उद्घाटन के दौरान यह विचार व्यक्त किए। भारत-जर्मनी सहयोग पर अपने संबोधन में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि एआई अपनाने से लेकर सेमीकंडक्टर तक, देश के जीवंत स्टार्टअप इकोसिस्टम को बढ़ावा देने के साथ-साथ हरित प्रौद्योगिकी पर सहयोग करने तक, भारत और जर्मनी के बीच तालमेल अभूतपूर्व विकास को गति दे सकता है। उन्होंने कहा कि आज का भारत मजबूत मैक्रोइकॉनोमिक बुनियादी ढांचे पर स्थापित है, उन्होंने कहा कि भारत में दुनिया भर के व्यवसायों के लिए भविष्य में सुधार, उदारता और तत्परता उपलब्ध है। जलवायु परिवर्तन से निपटने के बारे में, गोयल ने 2015 में संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन (सीओपी21) में भारत की प्रतिबद्धता पर जोर देते हुए कहा कि भारत सामूहिक रूप से वैश्विक दक्षिण के साथ विकसित देशों के साथ मिलकर समाधान का अंग बन चुका है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन सूचकांक (सीसीपीआई) में 7वें स्थान पर मौजूद भारत, राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान (एनडीसी) और दुनिया के सामने रखे गए लक्ष्यों को पार करने के मार्ग पर है। कार्यक्रम के आयोजन के लिए जर्मन बिजनेस की एशिया प्रशांत समिति और इंडो-जर्मन चैंबर ऑफ कॉमर्स का आभार व्यक्त करते हुए गोयल ने कहा कि एशिया-प्रशांत क्षेत्र में दुनिया की 60 प्रतिशत आबादी रहती है और 2030 तक वैश्विक मध्यम वर्ग का दो-तिहाई हिस्सा एशिया में रहेगा। यह जनसांख्यिकीय बदलाव व्यवसायों के लिए लाभकारी स्थिति प्रस्तुत करता है। उन्होंने कहा कि कंपनियां अपनी पहुंच बढ़ाएंगी और उभरते क्षेत्रों का लाभ उठाएंगी। गोयल ने कहा कि यह सम्मेलन उभरते रुझानों की पहचान करने और वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए महत्वपूर्ण होगा। उन्होंने कहा कि यह सर्वोत्तम प्रथाओं के आदान-प्रदान की सुविधा प्रदान करता है, तकनीकी प्रगति को बढ़ावा देता है और भविष्य के औद्योगिक विकास के लिए नीतियों को आकार देता है। केंद्रीय मंत्री ने उम्मीद जताई कि भारत और जर्मनी रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत कर सकते हैं और इस सहयोग को दोनों देशों की अर्थव्यवस्थाओं और नागरिकों के लिए वास्तविक विकास में बदल सकते हैं।

## स्वास्थ्य सेवा से जुड़े पेशेवर समाज में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं और करुणा, निष्ठा और समर्पण के साथ अपना काम करते हैं : जे.पी. नड्डा

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने दिल्ली विश्वविद्यालय के एक घटक चिकित्सा संस्थान यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ मेडिकल साइंसेज (यूसीएमएस) के 53वें स्थापना दिवस समारोह और दीक्षांत समारोह की मुख्य अतिथि के रूप में अध्यक्षता की। उनके साथ दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना भी मौजूद थे। सभा को संबोधित करते हुए, नड्डा ने स्वास्थ्य सेवा से जुड़े पेशेवरों द्वारा समाज के लिए दिए जाने वाले महत्वपूर्ण योगदान पर प्रकाश डाला और उत्तीर्ण लोगों से अपने काम को करुणा, ईमानदारी और समर्पण के साथ करने का आग्रह किया। उन्होंने भारत की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को मजबूत करने और यह सुनिश्चित करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई कि चिकित्सा सेवाएं सभी के लिए सुलभ हों। छात्रों से बात करते हुए उन्होंने कहा, आपके प्रयास विकसित भारत के हमारे राष्ट्रीय दृष्टिकोण को आकार देने पर केंद्रित होने चाहिए। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि 'बुनियादी शिक्षा हर किसी का जन्मसिद्ध अधिकार है, लेकिन व्यावसायिक शिक्षा एक विशेषाधिकार है जो समाज केवल कुछ लोगों को ही प्रदान करता है।' इस बात पर प्रकाश डालते हुए कि सरकार प्रत्येक एमबीबीएस छात्र पर 30-35 लाख रुपये खर्च करती है, उन्होंने नए डॉक्टरों से आग्रह किया कि वे अपने पेशेवर करियर की शुरुआत करते समय अधिक जिम्मेदारियां निभाएं। नड्डा ने वर्ष 2017 में केंद्र सरकार द्वारा राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति में किए गए बदलावों के बारे में भी जानकारी दी, जिसके तहत स्वास्थ्य सेवा को केवल उपचारात्मक दृष्टिकोण से देखने के बजाय समग्र दृष्टिकोण से देखा जाता है, जो निवारक, एकीकृत और उपचारात्मक स्वास्थ्य सेवा प्रदान करता है। उन्होंने स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में हाल ही में हासिल की गई उपलब्धियों पर भी जोर दिया, जिसमें 22 एम्स, नए मेडिकल और नर्सिंग कॉलेजों की स्थापना, एमबीबीएस और एमडी सीटों में 100 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि आदि शामिल हैं। उन्होंने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अगले पांच वर्षों में 75,000 मेडिकल सीटें जोड़ने का वादा किया था और हम इसे पूरा करने जा रहे हैं। समारोह के दौरान 146 एमबीबीएस छात्रों, 145 एमडी/एमएस छात्रों, 17 बीएससी (एमटी) रेडियोलॉजी छात्रों और 4 एमएससी (आरएंडएमआईटी) छात्रों को डिग्री प्रदान की गई तथा 62 पुरस्कार प्रदान किए गए। इसके अतिरिक्त, मेडिकल लेबोरेटरी टेक्नोलॉजी (एमएलटी) में 4 प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। नड्डा ने चिकित्सा विज्ञान के क्षेत्र में असाधारण उपलब्धियों के लिए मेधावी छात्रों को पुरस्कार भी वितरित किए। नए डॉक्टरों को बधाई देते हुए, विनय कुमार सक्सेना ने उनके भविष्य के प्रयासों के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि सक्षम और दयालु स्वास्थ्य सेवा पेशेवरों को विकसित करने के लिए यूसीएमएस की अटूट प्रतिबद्धता सराहनीय है।

## राष्ट्रपति ने एम्स रायपुर के दीक्षांत समारोह को संबोधित किया

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि एम्स को कम खर्च में अच्छी स्वास्थ्य सेवाएं और चिकित्सा शिक्षा प्रदान करने के लिए जाना जाता है। लोगों का विश्वास एम्स से जुड़ा हुआ है। यही कारण है कि बड़ी संख्या में लोग हर जगह से एम्स में इलाज कराने आते हैं। उन्हें यह जानकर प्रसन्नता हुई है कि एम्स रायपुर ने अपने कुछ वर्षों के सफर में ही काफी प्रतिष्ठा अर्जित कर ली है। उन्होंने कहा कि एम्स रायपुर चिकित्सा उपचार और जन कल्याण के लिए कई कदम उठा रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में यह संस्थान जन कल्याण के कार्यों में और आगे बढ़ेगा। चिकित्सकों को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि सुविधा संपन्न लोगों के पास कई विकल्प हो सकते हैं, लेकिन वंचितों की उम्मीदें आप पर टिकी हैं। उन्होंने चिकित्सकों को सभी लोगों, विशेष रूप से गरीबों और वंचितों की सेवा करने की सलाह दी। राष्ट्रपति ने चिकित्सकों से कहा कि चिकित्सा पेशेवरों का काम बेहद ज़िम्मेदारी पूर्ण होता है। उनके निर्णय अक्सर लोगों की जान बचाने से जुड़े होते हैं। चिकित्सा पेशेवरों के तौर पर, उन्हें अक्सर चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने चिकित्सकों को सलाह दी कि वे इन चुनौतियों का सामना करने के लिए अपनी भावनाओं पर नियंत्रण करना सीखें। राष्ट्रपति ने कहा कि विद्यार्थी जीवन से पेशेवर जीवन में आना एक बड़ा बदलाव है। उन्होंने स्नातक चिकित्सकों को सलाह दी कि वे अपना ज्ञान बढ़ाते रहें।